Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

उर्दू-हिन्दी व्यवहार कोश

विनोबा

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

उर्दू-हिन्दी व्यवहार कोश

विनोबा

सर्व सेवा संघ प्रकाशन
राजघाट, वाराणसी

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

प्रकाशक : मंत्री, सर्व सेवा संघ,
राजघाट, वाराणसी-१

संस्करण : पहला; सितम्बर, १९७०

प्रतियाँ : १,०००

मुद्रक : नरेन्द्र भार्गव,
भार्गव भूषण प्रेस,
त्रिलोचन, वाराणसी

मूल्य : रु० २.००
दो रुपये

Title : URDU-HINDI VYAVAHAR KOSHA
Compiler : Vinoba
Subject : Dictionary
Price : Rs. 2.00

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

प्रकाशकीय

"भारत की सारी भाषाओं में सबसे ज्यादा जोर मराठी में है और सबसे ज्यादा मिठास बंगला में। लेकिन उर्दू में मराठी का जोर भी है और बंगला की मिठास भी। अगर हिन्दीवाले उर्दू के कुछ शब्दों को अपना लें तो हिन्दी मालामाल हो जायगी।"...

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

कोई पन्द्रह साल पहले विनोबाजी ने उपर्युक्त भावना से उर्दू के ऐसे थोड़े-से शब्द चुन रखे थे, उन्हें ही इस कोश के रूप में प्रकाशित करने में हमें प्रसन्नता हो रही है। विनोबा की यह मान्यता है कि हर भाषा के प्रेम-लपेटे अटपटे शब्दों को प्रेमपूर्वक अपना लेने की हिन्दीवालों की उदार वृत्ति के कारण ही हिन्दी राष्ट्रभाषा बनी है। हम समझते हैं कि हिन्दी-जगत् इस प्रकाशन का हार्दिक स्वागत करेगा।

प्रस्तुत कोश यद्यपि छोटा-सा है, तथापि इसके पीछे दिल जोड़ने की जो पवित्र भावना है एवं विनोबाजी का जो अथक परिश्रम है, उसके कारण भारत की भावनात्मक एकता में इसका अद्‌भुत योगदान रहेगा, इससे कौन इनकार कर सकता है ? हम समझते हैं कि इसकी सहायता से हिन्दी के पाठक उर्दू-साहित्य के अनमोल रत्नों का आनन्द उठाने में समर्थ हो सकेंगे।

इस कोश के सम्पादन में श्री सुरेशरामभाई, श्री अच्युतभाई देशपाण्डे, श्री गौतमकुमार बजाज और श्री मंजूरुलहसन का विशेष योग रहा है, इसके लिए हम उनके आभारी हैं।

●

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

उर्दू-हिन्दी व्यवहार कोश

अ

अंगुश्त–उंगली, अंगुली।

अंगुश्ताना–उंगली की रक्षा करने के लिए उस पर पहनी जानेवाली धातु आदि की खोल, अंगुलि-त्राण।

अंगूर–द्राक्षा, दाख।

अंजाम–अंत; फल; परिणाम; पूर्ति।

अंजीर–एक फल।

अंजुमन–सभा; समिति; संस्था; संघ।

अंदर–भीतर।

अंदरूनी–भीतरी, आंतरिक।

अंदाज़–अनुमान; शैली; ढंग।

अंदाज़न–अनुमानतः, लगभग।

अंदेशा–आशंका; भय।

अकड़बाज–अकड़नेवाला, घमंडी।

अक़ल्लियत–अल्पसंख्यक।

अकसीर–गुणकारी; रामवाण, अचूक।

अक़ीदा–विश्वास, श्रद्धा; निष्ठा।

अक्बर–महत्तम, सबसे बड़ा।

अक़्ल–बुद्धि।

अक़्लमंद–बुद्धिमान्।

अक़्लमंदी·बुद्धिमत्ता।

अक्स–प्रतिबिंब; छाया, फोटो, छवि।

अक्सर–प्रायः, बहुधा; अधिकतर।

अक्सरीयत–बहुसंख्यक।

अख़बार–समाचार पत्र।

अख़बारनवीस–पत्रकार।

अख़्लाक़–शिष्टता; सदाचार, नैतिक व्यवहार; सौजन्य।

अख़्लाक़ी–शिष्टाचार संबंधी।

अगर–यदि।

अगरचे–यद्यपि।

अग़ल बग़ल–आसपास, इधर उधर।

अचार–अचार।

अज़ ख़ुद–अपने आप, स्वयं, स्वतः।

अजब–विचित्र, अद्भुत, अनोखा।

अज़मत, अज़मत्–प्रतिष्ठा; महिमा, महत्त्व; सम्मान।

अजमी–ईरानी।

अज़सरेनौ–नये सिरे से, फिर से, पुनः।

अज़हद–बहुत अधिक, अपार।

अज़ाँ, अज़ान–नमाज़ का बुलावा।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

अजाइबख़ाना–संग्रहालय, म्युजियम।

अज़ाब–सजा, पापदण्ड।

अज़ीज़–स्वजन; प्रिय।

अजीब–विचित्र, अद्‌भुत; अनोखा; निराला।

अज़ीम–विशाल; महान्।

अज्‌नबी–अपरिचित।

अत्‌तार–इत्र या यूनानी दवा वेचनेवाला।

अत्‌राफ़–दिशाएं; चारों ओर।

अदद–संख्या; अंक; मात्रा।

अदब–शिष्टता; विनय; आदरसत्कार; साहित्य।

अदम–अभाव, अनुपस्थिति।

अद्‌ना–तुच्छ; बहुत छोटा।

अद्‌ल–न्याय।

अदा–देना, चुकाना; हाव-भाव; ढंग।

अदाएगी–भुगतान, चुकता करना।

अदालत–न्यायालय।

अदालती–न्यायालयसंबंधी।

अदावत–वैर, शत्रुता।

अनार–दाड़िम; अनार।

अनासिर–पंचमहाभूत; मूलतत्त्व।

अफ़्ग़ान–अफगानिस्तान का निवासी।

अफ़्लातून–प्लेटो, एक ग्रीक दार्शनिक।

अफ़्वाह–किंवदन्ती, उड़ती खबर, गप्प।

अफ़्सर–प्रधान, अधिकारी।

अफ़्साना–कहानी; लघुकथा; उपन्यास।

अफ़्सोस–खेद, दुःख; पछतावा।

अबीर–गुलाल।

अब्‌रक़–अभ्रक।

अब्‌रा–दोहरे कपड़े में ऊपरवाला कपड़ा, अस्तर का उलटा।

अब्‌लक़–चित-कबरा, सफेद काला या सफ़ेद और लाल रंग का।

अमल–कार्य, कर्म, आचरण, व्यवहार; कोई जप; मेसमेरिजम का प्रभाव।

अमली–व्यावहारिक; कार्यसंबंधी; कर्मनिष्ठ।

अमानत–धरोहर, थाती।

अमीन–अमानतदार, न्यासधारी; विश्वसनीय; पैमाइश बँटवारे आदि का काम करनेवाला सरकारी कर्मचारी।

अमीर–धनी; संपन्न; नेता; शासक।

अमीराना–अमीरों जैसा, धनिकोचित।

अमीरी–संपन्नता, धनाढ्यता।

अम्‌न–शांति।

अम्‌न व अमान–शांति एवं सुरक्षा।

अम्‌र व नही–विधि-निषेध।

अम्मारी–हाथी या ऊँट का हौदा।

अयाल–घोड़े या शेर की गर्दन के बाल; बाल-बच्चे।

अरक़–रस, दवाओं का खींचा हुआ पानी; पसीना।

अरब–एक देश, उस देश का निवासी।

अरबी–अरब का निवासी, अरबी भाषा।

अराज़ी–भूमि; खेत, खेत की ज़मीनें।

अर्ज़–आवेदन, प्रार्थना, चौड़ाई।

अर्ज़ी–आवेदन पत्र।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

अर्मान–लालसा; इच्छा, कामना; उत्कंठा।

अर्श––छत, आकाश; सिंहासन; सप्त आकाश के ऊपर का स्थान।

अर्सा–अवधि, समय।

अलानिया–स्पष्ट; खुलेआम, डंके की चोट।

अलामत–चिह्न, संकेत; लक्षण, पहचान।

अलाहदा–अलग, पृथक्।

अल्क़ाब–खिताब, पदवियाँ, उपाधियाँ, (लकब का बहुवचन)।

अल्ग़रज़–किंबहुना, सारांश यह है कि।

अल्गोजा, अल्गोज़ा, अल्ग़ोज़ा–एक तरह की बाँसुरी।

अल्बत्ता–अवश्य, जरूर; निःस्संदेह; हाँ; परंतु।

अल्मस्त–मनमौजी; बेफ़िक्र; नशे में चूर; बहुत ही मस्त।

अल्विदा–विदाई, गमन।

अल्लाह–ईश्वर।

अल्लाहो अक्बर–ईश्वर महत्तम है।

अवाम–जनता।

अव्वल–प्रथम; आदि।

अशिया–पदार्थ (शै का बहुवचन)।

अश्रफ़ी–सोने का सिक्का।

असामी–व्यक्ति; काश्तकार; देनदार; अपराधी।

अस्ग़र–छोटा, बहुत छोटा।

अस्तबल–अश्वशाला, घोड़े बाँधने की जगह।

अस्तर–सिले हुए कपड़े की भीतरी तह।

अस्बाब–कारण, सामान, (सबब का बहुवचन)।

अस्ल–सच्चा, अकृत्रिम; शुद्ध; मूलतत्त्व; मूलधन; नींव।

अस्लिहा–शस्त्र, हथियार।

अस्ली–सच्चा, वास्तविक, विशुद्ध।

अस्लीयत–वास्तविकता; मूलतत्त्व।

अस्हाब–सज्जनवृन्द, साथी, मित्र (साहिब का बहुवचन)।

अह्द–प्रतिज्ञा, वचन; समय, काल।

अह्दनामा–प्रतिज्ञापत्र।

अह्ले किताब–ईश्वरीय ग्रंथ को माननेवाले।

अह्वाल–समाचार, वृत्तांत; दशा, अवस्था।

आ

आइंदा–आनेवाला; भविष्य में, आगे।

आईन–क़ानून, संविधान; नियम।

आईना–दर्पण।

आक़िबत–परलोक; परिणाम, अन्त।

आख़िर–अंत; अन्तिम; अन्ततोगत्वा।

आख़िरकार–अंततोगत्वा।

आख़िरत–परलोक।

आख़िरी–अंतिम।

आगाह–सूचित; जानकार।

आगाही–जानकारी, सूचना; परिचय।

आज़ाद–स्वतंत्र; निरंकुश; बंधनमुक्त।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

आज़ादी–स्वतंत्रता; निरंकुशता; बंधन-मुक्तता।

आज़ार–रोग; पीड़ा; दुःख, कष्ट।

आजिज़–असहाय; लाचार; दीन; तंग आया हुआ; नम्र।

आजिज़ी–असहायता; लाचारी; नम्रता।

आज़्माइश–परीक्षा; कसौटी।

आज़्माना–परीक्षा करना, जाँचना।

आज़्मूदा–परीक्षित, जाँचा हुआ।

आतिश, आतश–अग्नि, बारूद।

आतिशपरस्त–अग्निपूजक।

आतिशबाज़ी–बारूद भरे हुए खिलौने; पटाखे जलाने का दृश्य या प्रदर्शन।

आदत–स्वभाव; अभ्यास; लत।

आदम–आदि मानव।

आदमख़ोर–नरभक्षी।

आदमी–मनुष्य; सभ्य, शिष्ट।

आदमीयत–मनुष्यता, शिष्टता।

आदी–अभ्यस्त; व्यसनी।

आफ़त–संकट; कष्ट।

आफ़्ताब–सूर्य।

आब–पानी; चमक, कांति; शोभा; उत्कर्ष; प्रतिष्ठा।

आबकारी–मदिरा का व्यवसाय; मादक वस्तुओं से संबंधित सरकारी विभाग।

आबपाशी–सिंचाई।

आबरू–प्रतिष्ठा; कीर्ति; सतीत्व।

आब व हवा–आबोहवा, जलवायु।

आबाद–बसा हुआ; जोता हुआ; फलता-फूलता; संपन्न।

आबादी–बस्ती; कृषि-भूमि; संपन्नता; जनसंख्या।

आबिद–भक्त; उपासक।

आबी–जलसंबंधी, जल से उत्पन्न; फीका।

आम–एक फल; सर्वसाधारण, सामान्य; सर्वव्यापक।

आमद–आगमन; आय।

आमदनी–आय।

आमफ़हम्–सुबोध।

आमादा–तत्पर; अनुमत, राज़ी।

आमादगी–तत्परता; अनुमति।

आमीन–तथास्तु।

आयत–चिह्न; क़ुरानशरीफ़ का वाक्य।

आया–धाय; क्या; अथवा।

आराइश–सजावट।

आराम–सुख, चैन; विश्राम; आरोग्य।

आरामतलब–सुख चाहनेवाला; आलसी।

आरामतलबी–सुख की चाह; आलस्य।

आरिज़ी–अस्थायी।

आर्ज़ू–इच्छा; उत्कंठा; आशा; विनय।

आर्ज़ूमंद–इच्छुक, अभिलाषी।

आलम–संसार; दशा; भीड़; एक तरह का नृत्य।

आलमगीर–विश्वव्यापी; विश्वविजयी।

आला–उच्च; श्रेष्ठ।

आला–औजार, उपकरण।

आलिम–विद्वान्, ज्ञाता।

आलूबुख़ारा–एक फल, आरूक।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

आवाज़–ध्वनि, स्वर; पुकार; कोलाहल।

आवारा–बेकार भटकनेवाला; निकम्मा; कुमार्गगामी।

आशिक़–प्रेमी, अनुरागी; आसक्त।

आसान–सरल, सहज, सहल।

आसानी–सरलता, सुगमता।

आसार–लक्षण, चिह्न; प्राचीन अवशेष।

आस्ताना, आस्ताँ–चौखट, दहलीज; ड्यौढ़ी; खानक़ाह, आश्रम, निवास।

आस्मान–आकाश।

आस्मानी–आकाश संबंधी; आकाश के रंग का; दैवी।

आह–क्लेश, शोक, वेदना आदि का सूचक उद्गार, हाय, आर्तनाद; उच्छ्वास।

आहिस्ता–धीमा; धीरे-धीरे।

इ

इंजील–बाइबल।

इंतिक़ाम–बदला।

इंतिक़ाल–एक स्थान से दूसरे स्थान को जाना, स्थानांतरण; मृत्यु।

इंतिख़ाब–चुनाव; ख़सरे खतौनी की सही नक़ल।

इंतिज़ाम–व्यवस्था, प्रबंध।

इंतिज़ार–प्रतीक्षा।

इंतिज़ारी–प्रतीक्षा।

इंतिहा–पराकाष्ठा, सिरा; अत्यधिक; चरमसीमा।

इंशा–दिल से कोई बात पैदा करना; मुंशी का काम, लिखना, साहित्य उत्पन्न करना; वह पुस्तक जिसमें चिट्ठी-पत्री की विधि दी हो।

इंसान–मानव; शिष्ट, सज्जन।

इंसानी–मानवीय।

इंसानीयत–मानवता, शिष्टता।

इंसाफ़–न्याय; नीति।

इक़्तिबास–उद्धरण, अवतरण।

इक्बारगी–अचानक, एकसाथ।

इक़्रार–स्वीकृति; प्रतिज्ञा।

इक़्रारनामा–प्रतिज्ञापत्र।

इख़्तियार–अधिकार; अधिकार-क्षेत्र; सामर्थ्य; प्रभुत्व।

इख़्तियारी–इच्छाधीन, जो अनिवार्य न हो।

इजाज़त–आज्ञा; अनुमति।

इज़ाफ़ा–वृद्धि।

इज़ार–पायजामा, सुथना।

इजारा–एकाधिकार, ठेका।

इज़्ज़त–आदर; मान, प्रतिष्ठा।

इज्लास–बैठक; न्यायालय, कचहरी; अधिवेशन।

इज़्हार–प्रकट करना; बयान; गवाही।

इत्तिफ़ाक़–सहमति; संयोग।

इत्तिफ़ाक़न–संयोगवश; अचानक।

इत्तिला–सूचना, इत्तला।

इत्तिहाद–एकता; मेल-मिलाप; मैत्री।

इत्र–सुगंधसार, इतर, चंदन के तेल पर उतारा हुआ पुष्प-सार; सार।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

इनाम–पुरस्कार, पारितोषिक ।

इनामदार–पुरस्कार-प्राप्त, भूस्वामी ।

इन्कार–अस्वीकृति ।

इन्क़िलाब–परिवर्तन, क्रांति; कालचक्र, समय का उलटफेर।

इन्शाअल्लाह्–यदि ईश्वर ने चाहा।

इफ़्तिताह्–उद्घाटन ।

इबादत–उपासना, आराधना, भक्ति ।

इब्तिदा–प्रारंभ ।

इब्रत–चेतावनी, शिक्षा, वह मानसिक भय जो किसीको बुरी अवस्था में देखकर होता है ।

इब्लीस–जो ईश्वर की दया से निराश हो, शैतान ।

इमाम–नेता, नमाज़ पढ़ानेवाला; जो नमाज़ में नेतृत्व करे ।

इमारत–मकान, वास्तु; पक्का मकान ।

इम्कान–संभावना, शक्यता; शक्ति ।

इम्तियाज़–भेद ; विवेक; विशेषता।

इम्तिहान–परीक्षा, जाँच ।

इम्दाद–सहायता ।

इम्रोज़–आज ।

इम्साल–इस वर्ष ।

इराक़–एक देश ।

इरादा–संकल्प; निश्चय; इच्छा ।

इर्दगिर्द–आसपास, चारों ओर ।

इर्शाद–मार्ग दिखलाना; आज्ञा ।

इलाक़ा–क्षेत्र; प्रदेश ।

इलाज–उपचार, चिकित्सा; उपाय ।

इलावा–अतिरिक्त, अलावा ।

इलाह्–भजनीय; ईश्वर ।

इलाही–ईश्वर, मेरा ईश्वर ।

इल्ज़ाम–दोषारोपण; दोष, अपराध, अभियोग ।

इल्म–ज्ञान, विद्या; शास्त्र; विज्ञान्; कला ।

इल्मदाँ–शास्त्री; विद्वान् ।

इल्मी–ज्ञानसंबंधी, शास्त्रीय ।

इल्मे अख़्लाक़–नीतिशास्त्र ।

इल्मे अदब–साहित्यशास्त्र ।

इल्मे इलाही, इल्मे इलाहीयात–अध्यात्मविद्या ।

इल्मे कीमिया–रसायनशास्त्र ।

इल्मे जमादात–भूगर्भशास्त्र ।

इल्मे तवारीख़–इतिहासशास्त्र ।

इल्मे नबातात–वनस्पतिशास्त्र ।

इल्मे नुजूम–ज्योतिषशास्त्र ।

इल्मे बहस–चर्चाशास्त्र ।

इल्मे मंतिक़–तर्कशास्त्र ।

इल्मे मादनीयात–खनिजशास्त्र ।

इल्मे मूसीक़ी–संगीतशास्त्र ।

इल्मे हिंदसा–भूमिति, ज्यामिति, रेखागणित ।

इल्लत–कारण; रोग, बाधा; दुर्व्यसन; दोष; अभियोग; परेशानी ।

इल्ला–अतिरिक्त, सिवा ।

इल्हाम–दैवी प्रेरणा या संदेश ।

इशा–रात्रि, रात की नमाज ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

इशाअत–प्रचार, प्रसार; संस्करण; प्रकाशन।

इशारा–संकेत, इंगित; तात्पर्य।

इश्क़–प्रेम, अनुराग; आसक्ति।

इश्तिहार–विज्ञापन।

इस्तिजा–मूत्र या शौच के पश्चात् पानी लेना, पेशाव करने के बाद उसकी बूँदों को मिट्टी के ढेले से सुखाना।

इस्तिक़बाल–स्वागत।

इस्तिम्रारी–सार्वकालिक, स्थायी; (माज़ी इस्तम्रारी–अपूर्णभूत)।

इस्तिस्ना–अपवाद।

इस्तेफ़ा–त्यागपत्र।

इस्तेमाल–उपयोग, प्रयोग, व्यवहार।

इस्बग़ोल–एक औषधि।

इस्म–संज्ञा, नाम।

इस्मत–सतीत्व।

इस्मेअदद–संख्यावाचक संज्ञा।

इस्मे ज़मीर–सर्वनाम।

इस्मे सिफ़त–विशेषण पद।

इस्राईल–एक देश का नाम।

इस्लाम–मुसलमान धर्म।

इहाता–घेरा, चारदिवारी, क्षेत्र, प्रदेश, अहाता।

ई

ईज़ा–पीड़ा, कष्ट, यातना।

ईजाद–आविष्कार, शोध।

ईद–हर्ष, मुसलमानों का त्योहार।

ईदगाह–ईद की नमाज़ पढ़ने का स्थान।

ईदुज़्ज़ुहा–बकरीद, ईदे कुरबानी।

ईदुल्फ़ित्र–रमज़ान मास की समाप्ति पर मनायी जानेवाली ईद।

ईमान–धर्म-विश्वास; धर्म; सचाई; निष्ठा।

ईमानदार–सच्चा, विश्वसनीय, धर्मनिष्ठ।

ईमानदारी–सचाई, धर्मनिष्ठता।

ईरानी–ईरान देश का निवासी; ईरान संबंधी।

ईसवी–ईसा के जन्मकाल से चालू सन्।

ईसा–यीशु।

ईसाई–ख्रिष्टीय, क्रिश्चियन।

उ

उज़्र–आपत्ति; विवशता।

उमूमन–प्रायः, बहुधा।

उम्दा–अच्छा; श्रेष्ठ; उत्तम।

उम्मत–संप्रदाय; समुदाय-विशेष; समाज।

उम्मी–अनपढ़।

उम्मीद–आशा, भरोसा।

उम्मीदवार–आशा रखनेवाला; नौकरी, पद या चुनाव का प्रार्थी; नौकरी की आशा से बिना वेतन काम करनेवाला; काम सीखनेवाला।

उम्र–आयु, वय।

उर्दू–उर्दू भाषा (मूल तुर्की शब्द का अर्थ है–छावनी, फौजी पड़ाव अर्थात् उर्दू यानी छावनी में प्रचलित भाषा)।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

उर्स–मुसलमान साधु-संतों की पुण्यतिथि और उस दिन का उत्सव।

उलमा–विद्वज्जन।

उस्ताद–गुरु; धूर्त, चालाक; निपुण।

उस्तादी–गुरुआई; धूर्तता, चालाकी; निपुणता।

उस्तुरा–हजामत का औजार, छुरा।

ऊ

ऊद–अगरु।

ऊदा–बैंगनी रंग का, लाली मिला हुआ काले रंग का।

ए

एतिक़ाद–श्रद्धा; विश्वास।

एतिबार–विश्वास, भरोसा; साख।

एतिराज़–आपत्ति; विरोध।

एलची–राजदूत।

एलान–घोषणा।

एवज़–प्रतिफल, बदला; स्थानापन्न।

एहतियात–सावधानी, खबरदारी।

एहसान–उपकार; कृतज्ञता; भलाई।

एहसानमंद–कृतज्ञ।

ऐ

ऐन–आँख; स्रोत; सदृश; ठीक; परम; असल; ज्यों का त्यों।

ऐनक–चश्मा।

ऐब–दोष; त्रुटि; पाप।

ओ

ओहदा–पद, पदाधिकार।

ओहदेदार–पदाधिकारी।

औ

औक़ात–समय; जमाना; सामर्थ्य; इज्जत, मान-मर्यादा।

औज़ार–साधन; उपकरण; यंत्र।

औरत–स्त्री; पत्नी।

औलाद–संतान (वलद–[संतान] का बहुवचन)।

औलिया–ईश्वर के मित्र, सिद्ध पुरुष; उत्तराधिकारीगण (वली का बहुवचन)।

औसत–अनुपात; साधारण; बीच का।

क

कंगूरा–वे झरोखे जो किले के परकोटे या दूसरे भवनों में खूबसूरती के लिए बनाये जाते हैं; कलग़ी, पगड़ी में बाँधने का रत्नजटित आभूषण; टोपी पर लगाये जानेवाले सुंदर पंख, कंगूरा।

कंद, क़ंद–शर्करा, खाँड, कंद।

क़ंदील, क़िंदील–दीपक, चिराग़।

क़ज़ा–न्याय; ईश्वरीय आदेश; मृत्यु।

क़ज़ीया–झगड़ा, टंटा।

क़तार–पंक्ति।

क़त्ई–निश्चित; पक्का; नितांत।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

क़त्रा–बूँद ।

क़त्ल–हत्या ।

क़त्ले आम–सर्वसाधारण की हत्या; अंधाधुंध हत्या ।

क़द–डील, आकार ।

क़दम–पैर, पग, डग ।

क़दमबोसी–पाँव चूमना, गुरुजनोचित सम्मानदर्शन; बड़े व्यक्ति की मुलाकात ।

क़दीम–प्राचीन, पुराना ।

क़दीर–सर्व-समर्थ, सर्व-शक्तिमान ईश्वर ।

क़द्र–आदर, सम्मान, प्रतिष्ठा, मूल्य, गुण की परख ।

क़द्रदाँ–गुणग्राहक, गुणज्ञ ।

क़नात–मोटे कपड़े का पर्दा जिसकी दीवार खड़ी की जाती है ।

कफ़न–शव पर लपेटा जानेवाला कपड़ा ।

कफ़नी–बिना बाँह का ढीला-ढाला कुर्ता, जो शवों को पहनाया जाता है या साधु फ़क़ीर पहनते हैं ।

कफ़्फ़ारा–प्रायश्चित्त ।

कबीर–श्रेष्ठ, बड़ा; एक संत का नाम ।

क़बीला–कुल; वंश; समूह ।

कबूतर–कपोत, पारवत, पारावत ।

कबूतरख़ाना–दरबा, कबूतरों को रखने की जगह; ऐसा स्थान जहाँ लोग आते-जाते रहते हों ।

क़बूल–स्वीकृत ।

क़बूलीयत–स्वीकृति; स्वीकार-पत्र ।

क़ब्ज़–पकड़; कोष्ठबद्धता, मलावरोध ।

क़ब्ज़ीयत–मलावरोध ।

क़ब्र–वह गढ़ा जिसमें शव गाड़ा जाय, उसके ऊपर रखा हुआ पत्थर या बनाया हुआ चबूतरा ।

क़ब्रिस्तान–शव गाड़ने का स्थान ।

क़ब्ल–पूर्व, पहले ।

कम–अल्प; विहीन; बिना ।

कमअक़्ल–अल्पबुद्धि; निर्बुद्ध ।

कमअस्ल–अकुलीन; नीच ।

कमक़ीमत–सस्ता ।

कमख़र्च–अल्पव्ययी; मितव्ययी ।

क़मची–खपची, बाँस की फट्टी; छड़ी; चाबुक ।

कमज़ोर–दुर्बल ।

कमज़ोरी–दुर्बलता ।

कमतरीन–न्यूनतम ।

कमनसीब–अभागा ।

कमबख़्त–अभागा ।

कमबख़्ती–अभागापन ।

कमर–कटि; मध्यभाग ।

क़मर–चंद्रमा ।

कमरबंद–नाड़ा; कमर बाँधने का एक दुपट्टा ।

क़मरी–चन्द्र संबंधी; चांद्रमास, चांद्रसंवत् ।

कमान–धनुष; इन्द्रधनुष; मेहराब ।

कमाल–गुण; कला; कौशल्य; पूर्णता; बहुत; धूर्तता ।

कमी–न्यूनता; दोष; त्रुटि ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

कमीना–नीच; धूर्त; अकुलीन; पाजी।

कमीनापन–नीचता; धूर्तता।

क़मीस–कुरते का एक प्रकार, कमीज।

कमोबेश, कम व बेश–थोड़ा-बहुत।

करम–दया, कृपा; उदारता।

करमकल्ला–पत्तागोभी।

करश्मा, करिश्मा–चमत्कार।

करामत–कृपा; चमत्कार; प्रतिष्ठा; खूबी; अनोखापन।

करामात–करामत का बहुवचन।

करामाती–चमत्कार दिखलानेवाला; जादूगर; धूर्त।

क़रार–ठहराव; स्वीकृति; स्थिरता; संतोष; आराम; प्रतिज्ञा।

क़रीब–पास; लगभग।

करीम–दयालु; उदार; ईश्वर का नाम।

क़र्ज़–उधार; ऋण।

क़र्ज़दार–ऋणी।

क़र्ज़दारी–ऋणग्रस्तता।

कर्बला–वह मैदान जहाँ हजरत इमाम हुसेन शहीद हुए थे; ताज़िये दफ़नाने का स्थान; जलहीन स्थान।

क़लंदर–विरक्त; फ़क़ीर।

क़लई–राँगा; राँगे का लेप; सफ़ेदी; ऊपरी दिखावट।

क़लम–लेखनी; पेड़ की डाली जो काटकर लगायी जाती है; काटा हुआ।

क़लमदान–क़लम रखने का पात्र; पद।

क़लमी–लिखित; पुराने हस्तलिखित, क़लम लगाने से हुए पेड़ और उसका फल।

कलाँ–बड़ा; दीर्घ।

कलाम–शब्द; वाणी; वार्तालाप; एतराज़, आपत्ति।

कलामुल्लाह–ईश्वर की वाणी; क़ुरान शरीफ़।

कलिमा–शब्द; वाक्य; बात; मुसलमानों का धर्म-मंत्र।

क़लील–थोड़ा, कम।

क़लग़ी–सिर का एक आभूषण; मोर या मुर्ग़े की चोटी; शिखर; लावनी का एक तर्ज़।

क़ल्ब–अंतःकरण।

कल्ला–जबड़ा, जबड़े के नीचे गले तक का भाग, कनपटी; सिर।

क़वाइद–नियमावलि; व्यवस्था, व्याकरण; परेड; युद्ध के नियमों का अभ्यासी।

क़व्वाली–छन्द का एक प्रकार; ईश्वर संबंधी गीत।

कश–दम, खींच, जैसे—चिलम का कश।

कशमकश–संघर्ष, खींचातानी; दुविधा।

कशीदा–खिंचा हुआ; बेलबूटा।

कश्ती–नौका, नाव।

क़सबा, क़स्बा–बड़ा ग्राम।

क़सम–सौगंद; शपथ।

कसर–टुकड़ा, हिस्सा; टूट-फूट; ज़ेर की मात्रा, वह संख्या जो एक से कम हो।

क़स्र–न्यूनता; त्रुटि; महल।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

कसरत–व्यायाम ।

कस्रत–प्रचुरता, अधिकता ।

कसरती–व्यायाम करनेवाला ।

क़साई, क़स्साब–बूचड़; पशुवध करनेवाला; क्रूर; निष्ठुर, अत्याचारी ।

क़हत–अकाल; अभाव; बहुत अधिक कमी ।

क़हर–क्रोध, कोप; आपत्ति; दैवी कोप ।

क़हवा–कॉफी ।

क़ाइदा–विधि; नियम; पद्धति; बच्चों के पढ़ने की प्रारंभिक पुस्तक ।

काइनात–सृष्टि ।

क़ाइम–खड़ा हुआ; क़ायम; स्थिर; ठहरा हुआ; स्थापित; निश्चित, निर्धारित ।

क़ाइम मिज़ाज–स्थिर वृत्ति; दृढ़ निश्चय ।

क़ाइल–बोलनेवाला; बात की यथार्थता को स्वीकार करनेवाला, निरुत्तर ।

काग़ज़–कागज, पत्र; दस्तावेज ।

काग़ज़ी–कागज बनानेवाला; कागज का बना हुआ; कागज या पत्र-संबंधी ।

क़ाज़ी–न्यायाधीश; मुसलमानों का धार्मिक न्यायाधीश; निकाह पढ़नेवाला ।

कात–कत्था ।

कातिब–लिखनेवाला, लिपिक, लियो प्रेस पर छपने के लिए लिखनेवाला ।

क़ातिल–हत्यारा, घातक ।

क़ादिर–समर्थ, शक्तिमान्; ईश्वर का नाम ।

कान–खान, खनि; कान ।

क़ानून–राजनियम, विधान; नियम ।

क़ानूनगो–माल विभाग का अधिकारी ।

क़ानूनदाँ–विधिज्ञ; क़ानून का जानकार ।

क़ानूनन–नियमतः, विधान के अनुसार ।

क़ानूनी–क़ानून से संबद्ध ।

काफ़र, काफ़िर–नास्तिक; दुष्ट, उत्पाती; निर्दय; प्रेम-पात्र ।

काफ़िराना–नास्तिकता का ।

क़ाफ़िला–यात्री-दल ।

काफ़ी–पर्याप्त, यथेष्ट; अत्यधिक ।

काफ़ूर–कपूर ।

काबा–चौकोर इमारत; मक्के की एक चौकोर इमारत जिसकी नींव हज़रत इब्राहीम की रखी हुई मानी जाती है ।

क़ाबिज़–अधिकार-प्राप्त; मलावरोधक ।

क़ाबिल–विद्वान, योग्य ।

क़ाबिलीयत–योग्यता ।

क़ाबू–वश, नियंत्रण, ज़ोर ।

कामगार–कर्मचारी; पदाधिकारी; सौभाग्यवान्; कार्यकर्ता ।

कामदार–कामगार; ज़री का काम किया हुआ कपड़ा ।

कामयाब–सफल, परीक्षा में उत्तीर्ण ।

कामयाबी–सफलता, उत्तीर्णता ।

कामरानी–सफलता, प्रसन्नता ।

कामिल–पूरा, संपूर्ण; निपुण; पूर्णज्ञाता ।

कारआमद–उपयोगी ।

कारकुन–कार्यकर्ता; कर्मचारी ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

कारख़ाना–कार्यालय, उद्योगशाला, शिल्प-शाला।
कारगर–गुणकारी, प्रभावकर, लाभकारी।
कारगुज़ार–कार्यक्षम, कार्यकुशल।
कारनामा–बहुत बड़ा काम; प्रशंसनीय काम; करतूत।
काररवाई–कार्यवाही, कार्य, काम, उपाय, चाल।
कारवाँ–यात्रियों का समूह।
कारवाँ सराय़–धर्मशाला।
कारसाज़–काम बनानेवाला; बिगड़े हुए काम को सुधारनेवाला; ईश्वर का नाम।
कारसाज़ी–काम बनाने की योग्यता; ईश्वरी माया; चालबाजी।
कारस्तानी–चालबाजी।
कारिंदा–कर्मचारी।
कारी–भरपूर; गहरा, घातक।
क़ारी–पाठक; क़ुरानशरीफ़ को शुद्ध उच्चारण से पढ़नेवाला।
कारीगर–शिल्पी; निपुण।
कारीगरी–शिल्प, कौशल, दक्षता, कपट।
कारोबार, कार व बार–काम-काज; व्यापार-व्यवसाय।
कारोबारी–कामकाजी।
क़ालीन–गलीचा।
काश–ईश्वर करे, क्या ही अच्छा हो, खेद, इच्छा का सूचन करते समय बोला जाता है।
काश्त–कृषि, खेती।
काश्तकार–किसान।
काश्तकारी–खेती-बारी, किसानी।
क़ासिद–दूत, पत्रवाहक, हरकारा; इरादा करनेवाला।
क़ासिम–बाँटनेवाला।
किताब–पुस्तक।
किताबत–लिखाई, नकल करना, लिथो प्रेस के लिए लिखाई का काम।
किताबी–पुस्तकीय, किताब के आकार का।
किनार–किनारा, छोर, धोती साड़ी की किनार।
किनारा–तट, तीर; गोट; छोर; पहलू।
किनारी–किनारे पर लगी गोट।
किफ़ायत–पूरा होना; कमखर्ची; बचत; मितव्यय; थोड़ा मूल्य।
किफ़ायतशिआर–मितव्ययी।
किफ़ायती–मितव्ययी।
क़िब्ला–काबा; पूज्य, श्रद्धेय।
क़ियाम–पढ़ाव, अस्थायी निवास; स्थापना; स्थिरता; नमाज़ में खड़े होने की अवस्था।
क़ियामत–अंतिम दिन; महाप्रलय, संकट।
क़ियास–अनुमान; विचार।
किराया–भाड़ा।
किरायादार–कोई चीज, खासकर मकान किराये पर लेनेवाला।
क़िर्अत, क़िराअत–पढ़ाई; क़ुरान शरीफ़ की शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ाई।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

किरम–कीड़ा, कृमि।
क़िरमिज़–एक तरह का लाल रंग, किरिमदाना नाम के कीड़े का चूर्ण।
क़िरमिज़ी–किरमिज रंग का, लाल।
क़िला–दुर्ग।
क़िलेदार–दुर्गरक्षक।
क़िल्लत–न्यूनता; अभाव; कमी।
किश्त–शतरंज की शह; खेती।
किश्मिश–छोटी सूखी दाख, जिसमें बीज नहीं होता।
क़िसास–ख़ून के बदले में ख़ून।
क़िस्त–भाग, अंश, हिस्सा।
क़िस्मत–भाग्य।
क़िस्सा–कथा, कहानी; वृत्तांत; घटना; झगड़ा; समस्या।
कीना–द्वेष, वैर।
क़ीमत–मूल्य, गुण, योग्यता।
क़ीमती–मूल्यवान्।
कीमिया–रसायन, रासायनिक क्रिया।
कुतुबख़ाना–पुस्तकालय, ग्रंथालय।
क़ुद्रत–प्रकृति; शक्ति; ईश्वरीय सामर्थ्य समृद्धि।
क़ुद्रती–प्राकृतिक, ईश्वरीय।
कुफ़्र–अस्वीकृति; कृतघ्नता; नास्तिकता।
कुमुक–सहायता; फौज जो लड़ाई में मदद देने के लिए भेजी जाय।
कुरता–कमीज़ की तरह का पहनने का वस्त्र।
क़ुरान, क़ुर्आन–मुसलमानों का धर्मग्रंथ।
क़ुर्क़–रोकना; ज़ब्त।
क़ुर्क़ी–ज़ब्त किया जाना।
क़ुर्बान–निछावर, बलि।
क़ुर्बानी–बलिदान।
कुल–सब, सारा।
कुल मुख़्तार–मुख़्तारे कुल, सर्वाधिकारी।
क़ुव्वत, क़ूवत–शक्ति।
कुश्ती–मल्लयुद्ध।
क़ुसूर, क़सूर–दोष; अपराध; त्रुटि, न्यूनता।
क़ुसूरमंद, क़सूरमंद, **क़ुसूरवार, क़सूरवार**–दोषी; अपराधी।
कुहराम–विलाप; हाहाकार।
कूच–प्रस्थान, रवानगी।
कूचा–वीथी, गली।
कूज़ा–सुराही।
क़ै–उलटी, वमन।
क़ैंची, क़ैंची–कतरनी; दो लकड़ियाँ जो कतरनी की तरह बाँधी गयी हों; वह लोहे या लकड़ी की तिरछी सलाखें जो जंगले के तौर पर किसी मकान के गिर्द लगा देते हैं या वह आड़ी लकड़ियाँ जिनपर खपरैल डालते हैं; कुश्ती का एक पेंच।
क़ैद–बंधन; कारावास; प्रतिबंध।
क़ैदख़ाना–कारागार।
क़ैदी–बंदी।
कैफ़–नशा, मद; आनंद।
कैफ़ीयत–समाचार; दशा; विवरण; आनंद।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

कोताह—थोड़ा, लघु ।

कोताही—लघुता, न्यूनता; त्रुटि ।

कोशिश—प्रयत्न, उपाय; परिश्रम ।

कोह—पर्वत ।

कोहिस्तान—पहाड़ी प्रदेश, पर्वतमाला; ।

कोहेनूर—एक प्रसिद्ध हीरा . (कोह—पर्वत, नूर—कांति) ।

क़ौम—जाति, वंश; राष्ट्र ।

क़ौमी—जातीय; राष्ट्रीय ।

क़ौमीयत—जातीयता; राष्ट्रीयता ।

क़ौल—कथन; वचन; प्रतिज्ञा ।

ख

खंदक—खाई, गहरा गड्ढा ।

ख़ज़ानची—कोषाध्यक्ष ।

ख़ज़ाना—कोष, भंडार, राजकोष ।

ख़त—पत्र; रेखा; मूँछ; डाढ़ी; लेख; चिह्न ।

ख़त्म—समाप्त; अंत ।

ख़तरनाक—भयानक ।

ख़ता—दोष; अपराध; पाप; त्रुटि ।

ख़त्रा, ख़तरा—भय, डर, शंका ।

ख़फ़गी—अप्रसन्नता; क्रोध ।

ख़फ़ा—अप्रसन्न; क्रुद्ध ।

ख़बर—समाचार; सूचना; संदेश; जानकारी, पता; चेत ।

ख़बरदार—सावधान ।

ख़बरदारी—सावधानी ।

ख़ब्त—पागलपन; सनक ।

ख़ब्ती—पागल; सनकी ।

ख़मीर—गूँधे आटे आदि में पैदा होनेवाली खटास और उभार, प्रकृति; सत्त्व ।

ख़याल—विचार, ख्याल; ध्यान; कल्पना; भावना; स्मृति; अनुमान; मत; आदर; एक गान-पद्धति ।

ख़यालात—ख़याल का बहुवचन ।

ख़याली—कल्पित, ख़याल से संबंधित ।

ख़रगोश—शश, शशक, खरहा ।

ख़रबूज़ा—एक फल, हिंदोना ।

ख़राद—लेथ, लकड़ी या लोहा छीलने का यंत्र; इस यंत्र से छीलने की क्रिया ।

ख़राब—बुरा; भ्रष्ट; उजड़ा हुआ ।

ख़राबी—दुर्दशा; बरबादी; दोष; निर्जनता ।

ख़रीद—क्रय, मोल लेने की क्रिया, मोल लेने का पदार्थ ।

ख़रीदना—मोल लेना ।

ख़रीदार—ग्राहक ।

ख़रीदारी—मोल लेने का काम ।

ख़रीदोफ़रोख़्त, ख़रीद व फ़रोख़्त—क्रय-विक्रय ।

ख़रीफ़—कार्तिक की फसल ।

ख़र्च—व्यय ।

ख़र्चना, ख़रचना—व्यय करना ।

ख़र्चा, ख़रचा—व्यय ।

ख़लल—बाधा, अड़चन; हस्तक्षेप; विकार ।

ख़लास—मुक्त; रिक्त ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

ख़लासी–मुक्ति; रेल जहाज आदि में काम करनेवाला, तंबू आदि खड़ा करनेवाला; नौकर।

ख़लीफ़ा–प्रतिनिधि; उत्तराधिकारी।

ख़ल्क़–सृष्टि; जनता।

ख़सारा–हानि, घाटा।

ख़स्ताहाल–दुर्दशाग्रस्त; दरिद्र; दुःखित हृदय।

ख़स्म–बुरा चाहनेवाला, बैरी, दुश्मन; मालिक, पति।

ख़ाक–धूल, मिट्टी; राख; तुच्छ; कुछ नहीं।

ख़ाका–रेखाचित्र; ढाँचा; रूपरेखा।

ख़ाकी–मटियाला।

ख़ातिमा–अंत; परिणाम; मृत्यु।

ख़ातिर–मान; सम्मान, आदर; लिए, निमित्त।

ख़ातिरजमा–मन का समाधान।

ख़ातिरदारी–आदरसत्कार, आवभगत।

ख़ादिम–सेवक।

ख़ानक़ाह–फ़क़ीरों के रहने का स्थान।

ख़ानगी–निजी, घरेलू।

ख़ानदान–वंश, कुल; घराना; परिवार।

ख़ानदानी–स्वजन; कुलीन; वंशपरंपरागत, पैतृक।

ख़ानसामा–रसोइया।

ख़ाना–घर, विभाग, कोष्टक।

ख़ानाजंगी–गृहयुद्ध।

ख़ानातलाशी–घर की तलाशी, घर की छानबीन, चोरी आदि के कारण।

ख़ानाबदोश–जिसका घर कंधे पर हो, जिसका कोई ठिकाना न हो।

ख़ानाशुमारी–घरों की गिनती, गृह-गणना।

ख़ामी–कमी; दोष; कच्चापन; अनुभव-हीनता।

ख़ामोश–चुप; मौन; शांत।

ख़ामोशी–चुप्पी; मौन, शांति।

ख़ारिज–बहिष्कृत, निकाल दिया हुआ।

ख़ाला–मौसी।

ख़ालिक़–सृष्टिकर्ता।

ख़ालिस–विशुद्ध, केवल।

ख़ालिसा–जो किसीसे मिला न हो; सरकारी जमीन जिसमें और किसी का हिस्सा न हो; निर्मल; सिक्ख, सिक्खों का एक संप्रदाय।

ख़ाली–रिक्त; बेकार,; व्यर्थ; केवल, अकेला।

ख़ालू–मौसा।

ख़ाविंद, ख़ावंद–पति, मालिक।

ख़ास–विशेष; मुख्य; निजका; बढ़िया; प्रिय; ठेठ; ठीक।

ख़ासीयत–विशिष्ट गुण; स्वभाव।

ख़िताब–पदवी, उपाधि।

ख़िद्मत–सेवा।

ख़िद्मतगार–सेवक।

ख़िरदमंद–बुद्धिमान्।

ख़िलाफ़–विरुद्ध; प्रतिकूल।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

 Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

ख़िलाफ़त—खलीफा का कार्य, स्थानापन्नता ।

ख़ुत्बा—पुस्तक की भूमिका; धर्मोपदेश; भाषण ।

ख़ुद—स्वयं; स्वतः ।

ख़ुदकाश्त—अपनी भूमि में स्वयं खेती करना ।

ख़ुदकुशी—आत्महत्या ।

ख़ुदग़र्ज़—स्वार्थी ।

ख़ुदग़र्ज़ी—स्वार्थ ।

ख़ुदा—ईश्वर ।

ख़ुदापरस्त—ईश्वर-भक्त; धर्मनिष्ठ ।

ख़ुदावंद—ईश्वर; मालिक ।

ख़ुदी—अहंकार, घमंड ।

ख़ुफ़िया, ख़ुफ़्या—गुप्त; गुप्तचर ।

ख़ुमारी—मद, नशा; नशे का उतार ।

ख़ुर्द—छोटा, लघु ।

ख़ुर्दबीन—सूक्ष्मदर्शक यंत्र ।

ख़ुर्दा—रेज़गारी, छोटी मोटी चीजें; थोड़ी मात्रा में; फुटकर।

ख़ुर्मा—खजूर, छुहारा; एक मिठाई।

ख़ुराक—भोजन; आहार; दवा की एक मात्रा ।

ख़ुराकी—भोजन व्यय; खुराक के बदले दिया जानेवाला धन; अधिक खानेवाला ।

ख़ुराफ़ात—अनर्गल बात; उपद्रव, झगड़ा ।

ख़ुलासा—सारांश; संक्षेप; खुलकर, साफ़-साफ़ ।

ख़ुलूस—सचाई; सच्ची दोस्ती; सादगी ।

ख़ुश—प्रसन्न; सुखी; प्रफुल्ल; अच्छा; सफल ।

ख़ुशख़बरी—अच्छा समाचार, शुभ समाचार ।

ख़ुशगुवार—प्रिय, रुचिकर, सुखद ।

ख़ुशबू—सुगंध; सुगंधित ।

ख़ुशबूदार—सुगंधित ।

ख़ुशमिज़ाज—प्रसन्नचित्त; हंसमुख; सुशील ।

ख़ुशहाल—संपन्न, समृद्ध ।

ख़ुशहाली—संपन्नता, समृद्धता ।

ख़ुशामद—चापलूसी ।

ख़ुशामदी—चापलूस ।

ख़ुशी—हर्ष; आनंद; इच्छा; रुचि; स्वीकृति ।

ख़ुश्क—शुष्क, रूखा; दुःशील; अनुदार।

ख़ुश्की—शुष्कता, रूखापन; दुःशीलता; अनुदारता; स्थल भाग; वह जमीन जो सिंचित न हो ।

ख़ुसूसन्—मुख्यतः, विशेषतः ।

ख़ुसूसियत—विशेषता, गाढ़ी मैत्री ।

ख़ूंख़ार—क्रूर कर्मा; हिंस्र, रक्तपायी ।

ख़ूंरेज़ी—रक्तपात ।

ख़ून—रक्त; हत्या ।

ख़ूनी—रक्तरंजित; हत्यारा ।

ख़ूबसूरत—सुंदर ।

ख़ूबी—कुशलता; विशेषता; अच्छाई ।

ख़ैमा—तंबू, डेरा ।

ख़ैर—क्षेम, कुशल, भलाई; अस्तु ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

ख़ैरख़्वाह, ख़ैरख़ाह–हितचिंतक ।
ख़ैरमक़्दम–स्वागत ।
ख़ैरात–पुण्यकर्म; दानपुण्य ।
ख़ैराती–धर्मार्थ ।
ख़ैरियत–कुशल, मंगल; भलाई ।
ख़ोगीर–घोड़े का पलान, जीन ।
ख़ोगीरभरती–व्यर्थ और रद्दी चीजें ।
ख़ोजा–एक मुसलमान व्यापारी जाति ।
ख़ोल–वेष्टन ।
ख़्वाजा, ख़ाजा–सरदार; पति; मालिक, एक पदवी ।
ख़्वाब, ख़ाब–स्वप्न; निद्रा ।
ख़्वारी, ख़ारी–दुर्दशा; अपमान ।
ख़्वाहमख़्वाह, ख़ाहमख़ाह, ख़ामख़ाह–चाहे या बिना चाहे, अवश्य ।
ख़्वाहिश, ख़ाहिश–इच्छा; लालसा; उत्कंठा ।
ख़्वाहिशमंद, ख़ाहिशमंद–इच्छुक ।

ग

गंज–निधि, कोश; मंडी ।
गंजीफ़ा–ताश जैसा एक खेल ।
गंदगी–दुर्गंध; अस्वच्छता ।
गंदा–दुर्गंधयुक्त; अस्वच्छ, बिगड़ा हुआ ।
गज़–तीन फूट की नाप ।
ग़ज़ब–क्रोध, कोप, विपत्ति; जुल्म ।
ग़ज़ल–फारसी उर्दू में मुक्तक काव्य का एक प्रकार ।
ग़दर–विद्रोह ।
ग़दीर–वह पानी जो नदी में बाढ़ आने के समय नदी से निकलकर कहीं जमा हो जाय; इस पानी के एकत्र करने का स्थान, कुंड, जलाशय ।
ग़द्दार–विद्रोही; देशद्रोही; कृतघ्न ।
ग़नीम–प्रतिद्वंद्वी; शत्रु; लुटेरा ।
ग़नीमत–उत्तम, अच्छा; बड़ी बात ।
गप–व्यर्थ बात; मनबहलाव की बातचीत; उड़ती हुई बात; झूठी खबर; डींग ।
ग़फ़ूर–क्षमावान्; ईश्वर का एक नाम ।
ग़फ़्फ़ार–क्षमाशील, ईश्वर का एक नाम ।
ग़फ़्लत–असावधानी; भ्रम; भूल, चूक; उपेक्षा; आलस्य ।
ग़बन–सुपुर्द किये हुए माल की चोरी ।
ग़म–दुःख, शोक ।
ग़मगीन–दुःखित, खिन्न ।
ग़मज़ा–लाड़प्यार; हावभाव; नखरा ।
ग़मी–दुःख; मृत्युशोक; मृत्यु ।
गर–यदि ।
गरचे–यद्यपि ।
ग़रज़–इच्छा; स्वार्थ; आशय; प्रयोजन; संबंध; किंबहुना ।
ग़रज़मंद–इच्छुक, गरज़ रखनेवाला ।
ग़रज़ी–गरज़मंद ।
गरम–उष्ण; तीव्र; क्रुद्ध ।
ग़र्क़–पानी में डूबना, निमज्जन; डूबा हुआ, निमग्न ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

गर्द—धूल ।
गर्दन—गला, ग्रीवा ।
गर्मागरम—ताजा पका हुआ; जिसमें गरमी हो ।
गर्मी—उष्णता; ताप; आवेश; घमंड; उपदंश रोग ।
ग़रीब—विदेशी; अनोखा; दरिद्र, दीन ।
ग़रीबख़ाना—दीन की कुटिया, नम्रतावश अपने घर के लिए बोलते हैं ।
ग़रीबनवाज़—दीनदयालु ।
ग़रीबपरवर—दीनवत्सल, प्रणतपाल ।
ग़रीबी—दारिद्र्य ।
ग़लत—अशुद्ध; मिथ्या; अनुचित ।
ग़लतफ़हमी—कुछ का कुछ समझना, गलत समझना ।
ग़लती—अशुद्धि; भूलचूक ।
ग़लीज़—गंदा, मैला; गाढ़ा ।
ग़ल्ला—अन्न, धान्य; रोज की बिक्री की आय ।
गवारा—पसंद; सह्य ।
गवाह—साक्षी ।
गवाही—साक्ष्य ।
गश्त—भ्रमण, पर्यटन ।
गश्ती—फिरनेवाला; परिपत्र ।
ग़ाइब—लुप्त, अंतर्धान, अनुपस्थित ।
ग़ाज़ी—धर्मयोद्धा; विजेता; वीर ।
ग़ाफ़िल—असावधान; आलसी ।
ग़ारत—नष्ट; विध्वस्त; लुटा-पिटा ।
ग़ालिब—प्रबल, शक्तिशाली; विजेता; एक प्रसिद्ध उर्दू कवि का नाम ।
ग़ालिबन्—संभवतः, कदाचित्; निश्चित ।
ग़ालीचा—छोटा कालीन ।
गावकुशी—गोहत्या ।
गाह—स्थान (जैसे ईदगाह, बंदरगाह) ।
ग़िज़ा—भोजन; अन्न ।
गिरह, गिरिह—गाँठ; समस्या; उलझन, परेशानी ।
गिरिफ़्त—पकड़ ।
गिरिफ़्तार—बंदी; ग्रस्त; बँधा हुआ, गिरफ्तार ।
गिरिफ़्तारी—बंदी करना; बंदी होना; ग्रस्त होना; गिरफ्तारी ।
गिरोह, गुरोह—समूह; जत्था; झुंड ।
गिरो—बंधक, गिरवी ।
गिर्द—आसपास, चारों ओर ।
गिर्दा—घेरा; चक्र ।
गिर्दावर—दौरा करनेवाला माल का एक कर्मचारी ।
गिर्वी—रेहन, बंधक, गिरवी ।
ग़िलाफ़—खोल; रजाई; म्यान ।
गिलाबा—गार, लेस, गिलावा ।
गुंग—गूँगा, मूक ।
गुंजाइश—विस्तार; अवकाश; स्थान; समाई ।
गुंबद—इमारतों के ऊपर का गोल मंडप जो बड़ा हो, गुंबज ।
गुज़र—रास्ता; पहुँच, प्रवेश; निकलना; जाना; निर्वाह ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

गुज़रबसर—निर्वाह।
गुज़रना—बीतना; निकलना; निभना।
गुज़री—छोटा बाजार, शाम का बाजार।
गुज़श्ता—बीता हुआ।
गुज़ार—अदा करनेवाला, देनेवाला (जैसे-शुक्र गुज़ार, अर्ज गुज़ार)।
गुज़ारना—बिताना, काटना; प्रस्तुत करना।
गुज़ारा—नदी पार करना; जीवन-निर्वाह के लिए मिलनेवाली वृत्ति; निर्वाह।
गुज़ारिश—निवेदन।
गुनह, गुनाह—पाप; दोष; अपराध।
गुनहगार, गुनाहगार—पापी; अपराधी; दोषी।
गुफ़्त—उक्ति; कथन।
गुफ़्तगू—वार्तालाप।
गुबारा—बैलून, हवा में उड़नेवाला कागज़ का बड़ा गेंद।
गुम—खोया हुआ; आत्म-विस्मृत; तल्लीन; अप्रसिद्ध।
गुमराह—पथभ्रष्ट।
गुमान—संदेह; अनुमान; घमंड।
गुमानी—गुमान करनेवाला, घमंडी।
गुमाश्ता—व्यापारी का कर्मचारी।
ग़ुरूर—अभिमान, घमंड; डींग।
गुल—पुष्प, फूल; बत्ती का सिरा जो जल गया हो; आँख का फूल।
गुल—कोलाहल।
गुलक़ंद—गुलाब के फूल और खाँड़ के मिश्रण से बनी हुई एक औषध।
गुलज़ार—प्रफुल्ल; वाटिका, बाग।
गुलदस्ता—फूलों का गुच्छ।
गुलबकावली—एक सफेद सुगंधित फूल; उर्दू का एक प्रसिद्ध काव्य।
गुलबदन—सुकुमार; सुंदर; एक बहुमूल्य रेशमी कपड़ा।
गुलशन—वाटिका, फुलवारी।
गुलाब—एक फूल।
गुलाबपाश—सभा आदि में गुलाब-जल छिड़कने का यंत्र।
गुलाबपाशी—गुलाबजल छिड़कना।
गुलाबी—गुलाब के रंग का।
ग़ुलाम—लड़का; बालक; पराधीन, दास; दासानुदास (नम्रता-प्रदर्शन के लिए लिखते हैं)।
ग़ुलामी—पराधीनता; दासता।
गुलिस्ताँ—उद्यान; फारसी का एक प्रसिद्ध काव्य।
ग़ुलेल—दो ताँतों की कमान जिस पर मिट्टी की गोली रखकर फेंकते हैं।
ग़ुलेला, ग़ुल्ला—गुलेल से फेंकने की चीज, मिट्टी की गोली।
गुस्ताख़ी—धृष्टता, अशिष्टता।
ग़ुस्ल—स्नान।
ग़ुस्लख़ाना—स्नानगृह।
ग़ुस्सा—क्रोध।
ग़ैब—परोक्ष, अव्यक्त।
ग़ैबी—गुप्त; अज्ञात; ईश्वरीय।
ग़ैर—अन्य; पराया; विरुद्ध।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

ग़ैरआबाद—उजाड़; परती।
ग़ैरमामूली—असाधारण; महत्त्वपूर्ण।
ग़ैरमुनासिब—अनुचित।
ग़ैरमुम्किन्—असंभव।
ग़ैरवाजिब—अनुचित, अयोग्य।
ग़ैरहाज़िर—अनुपस्थित।
ग़ैरहाज़िरी—अनुपस्थिति।
ग़ोता—डुबकी।
गोया—मानो, जैसे; बोलनेवाला।
गोर—क़ब्र।
गोश—कान।
गोशवारा—जोड़, योग; बाला, कुंडल; पगड़ी का कलाबत्तू से बुना हुआ आँचल; कलगी; बहुत बड़ा मोती; हिसाब का खुलासा, ब्यौरा।
गोशा—कोना; एकांत स्थान; ओर, पहलू।
गोश्त—मांस।
ग़ौर—चिंतन; विचार; ध्यान।
ग़ौरतलब—विचारणीय।

च

चंगुल—आदमी या जानवर का पंजा; मुट्ठी; पकड़; क़ाबू।
चंद—कुछ; थोड़े।
चंदा—शुल्क; बेहरी।
चख़चख़—कलह, झगड़ा, कहासुनी।
चपत, चपात—थप्पड़।
चपरासी—सिपाही।
चपाती—पतली रोटी, फुलका।
चमन—वाटिका, उद्यान।
चमचा—चम्मच।
चरागाह—पशुओं के चरने का स्थान, गोचर भूमि।
चरिंदा—चरनेवाला; पशु।
चर्ख़—चाक, चरखा, ऊख का रस निकालने की कल; आकाश; चारों ओर घूमना।
चर्ख़ा—हाथ से सूत कातने का साधन।
चर्ख़ी—घूमनेवाला चक्र; ओटनी।
चर्बी—मांस के ऊपर और त्वचा के नीचेवाला चिकना पदार्थ, मेद।
चश्मा—ऐनक, उपनेत्र; स्रोत; कुंड; छोटी नदी।
चहार—चार।
चाकर—सेवक, नौकर।
चाकरी—नौकरी।
चाकू—काटने का साधन, छोटी छुरी।
चादर—ओढ़ने-बिछाने का कपड़ा।
चाप्लूस—खुशामदी, चाटुकार।
चाप्लूसी—खुशामद, चाटुकारिता।
चाबुक—कोड़ा, प्रतोद।
चारवनाचार, चारोनाचार—निरुपाय होकर, मजबूर होकर।
चारा—घास, चारा आदि; उपाय।
चालाक—निपुण; तीव्र; धूर्त।
चालाकी—निपुणता; तीव्रता, धूर्तता।
चाश्नी—चखने की चीज; नमूना; स्वाद; चीनी, गुड़ आदि का तरल खाद्य।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

चिक़—बाँस की तीलियों का झीना पर्दा ।
चिराग़—दीपक ।
चिराग़दान—दीपक रखने का पात्र, दीवट ।
चिल्ला—चालीस दिनों का काल, व्रत, अनुष्ठान ।
चिहिलक़दमी—धीरे-धीरे टहलना, चालीस कदम चलना ।
चीं, चीन—चुननेवाला, जैसे—गुलचीं, गुलचीन—फूल चुननेवाला ।
चीज़—वस्तु, पदार्थ ।
चुग़ुलख़ोर—पिशुन, इधर की बातें उधर लगानेवाला ।
चुग़ुली—पिशुनता ।
चुनांचे—अतः, इसलिए ।
चुनिंदा—चुने हुए; श्रेष्ठ ।
चुस्त—फुरतीला; कसा हुआ; दृढ़; ठीक; फबता हुआ ।
चुस्ती—फुर्ती; कसाव; मजबूती ।
चूँ—यदि; सदृश; क्यों; कैसे ।
चूँकि—इसलिए कि; क्योंकि ।
चेचक—शीतला रोग ।
चेहरा—मुखाकृति; मुखमंडल; सामने का भाग; हुलिया ।
चोग़ा—लंबा ढीला ढाला अंगरखा ।
चोबदार—लकड़ी लेकर आगे चलनेवाला व्यक्ति; द्वारपाल ।
चौग़ान—पोलो जैसा एक खेल; इस खेल का मैदान; इस खेल की लकड़ी; नगाड़ा बजाने की लकड़ी ।
चौगिर्द—चारों ओर ।
चौतरा—चबूतरा ।

ज

जंग—युद्ध ।
ज़ंग—लोहे का मोरचा; मंडूर ।
जंगी—युद्ध संबंधी; बड़ा, विशालकाय ।
ज़ंजीर—शृंखला, सांकल ।
ज़कात—इस्लामधर्म के अनुसार नियत ढाई प्रतिशत दान; आयात कर ।
ज़ख़ीरा—भंडार ।
ज़ख़्म—घाव, चोट; हानि ।
ज़ख़्मी—घायल ।
जगह—स्थान ।
ज़च्चा—प्रसूता; सूतिका ।
ज़च्चाख़ाना—सूतिकागृह ।
जज़ा—बदला, प्रतिकार ।
जज़ीरा—द्वीप, टापू ।
जज़्बा—भावना; मनोवृत्ति; जोश; मनोविकार; रोष ।
जज़्बात—भावनाएँ ।
जज़्म—दृढ़, मजबूत, अक्षरों को हलन्त करने का चिह्न ।
जदीद—नया, अर्वाचीन ।
जनाज़ा—कपड़े में लिपटा हुआ शव, अरथी ।
ज़नाना—स्त्रीसंबंधी; स्त्री जैसा; अंतःपुर ।
ज़नानख़ाना—अंतःपुर ।
ज़नानी—स्त्रीसंबंधी; स्त्री जैसा ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

जनाब–श्रीमान्, महोदय जैसा आदर का संबोधन; चौखट।

जनाबेआली–मान्यवर जैसा आदर का संबोधन।

जनूब–दक्षिण।

जनूबी–दक्षिणीय।

जन्नत–स्वर्ग, उद्यान।

ज़बर–उर्दू का आकारान्त चिह्न; ऊपर; शक्तिशाली।

ज़बरदस्त–शक्तिशाली; प्रचंड, अतितीव्र।

ज़बरदस्ती–अत्याचार; हठात्, बलपूर्वक।

ज़बरन्–ज़बरदस्ती से, बलात्।

जबल–पर्वत।

ज़बाँ, ज़ुबाँ–जीभ; भाषा; वचन; कथन।

ज़बान, ज़ुबान–जीभ; भाषा; वचन; कथन।

ज़बानी, ज़ुबानी–मौखिक; मुखाग्र; कंठ; लिखित; ऊपरी; दिखाऊ।

ज़ब्त–सहनशीलता; क्रम, प्रबंध, राज्य द्वारा किसी वस्तु का हरण।

ज़ब्ती–जब्त किया हुआ; कुर्की।

जब्बार–बाध्य करनेवाला; बलाढय; ईश्वर का एक नाम।

जब्र–अत्याचार; बाध्य करना; हठ।

जब्रन्–हठात्; बलात्।

ज़बह–वध, क़तल।

जमा–इकट्ठा; जोड़; आय; धन; पूँजी।

जमाअत, जमात–समुदाय, समूह, जत्था, कक्षा, नमाज़ियों की पंक्ति।

जमाख़र्च–आय-व्यय का ब्योरा।

जमादार–सिपाहियों आदि का मुखिया, हेड कांस्टेबल।

ज़मानत–ज़िम्मेदारी, गारंटी; ज़ामिनी, प्रतिभूति।

ज़मानतदार–ज़ामिन, प्रतिभू।

ज़माना–समय, युग।

जमाबंदी–लगान का हिसाब, इस हिसाब की बही।

ज़मींदार–भूस्वामी।

ज़मींदारी–भूस्वामित्व।

ज़मीन–पृथ्वी; भूमि।

ज़मीर–अंतरात्मा, अंतःकरण; सर्वनाम।

ज़मज़म–काबा के पास का कुआँ, उस कुएँ का पवित्र पानी।

ज़र–सोना; धन, संपत्ति; बहुत बूढ़ा या बूढ़ी।

ज़रखेज़–उपजाऊ, उर्वरा।

जराइमपेशा–अपराध करनेवाला।

ज़रिया–साधन; माध्यम; द्वारा; उपाय।

ज़री–सोने-चांदी के तार; जिन पर सुनहरा मुलम्मा हो, गोटा किनारी का कपड़ा; सुनहरे तारों का बना हुआ।

ज़रूर–अवश्य।

ज़रूरत–आवश्यकता।

ज़रूरतमंद–इच्छुक; दरिद्र; भिखारी।

ज़रूरियात–आवश्यकताएँ।

ज़रूरी–आवश्यक।

ज़र्द–पीला।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

ज़र्दा–पान के साथ खाने की सुगंधित तंबाकू; केसर के साथ पकाये मीठे चावल।
ज़र्ब–आघात, चोट; गुणा।
ज़र्रा–अणु; कण।
जर्‌ह–चोट; अदालत में वकील द्वारा पूछे जानेवाले प्रश्न; किसी बात के झूठ सच की जाँच के लिए प्रश्न।
जलाल–प्रताप; तेज; आतंक; प्रभाव।
जलावतन–निर्वासित।
जलील–प्रतिष्ठित, महान्, पूज्य।
ज़लील–पतित; तिरस्कृत; शर्मिन्दा।
ज़ल्ज़ला–भूकंप।
जल्द–शीघ्र।
जल्दबाज़–उतावला।
जल्दी–शीघ्रता; उतावलापन।
जल्लाद–राजाज्ञा से कोड़े मारनेवाला; फाँसी पर चढ़ानेवाला; निर्दयी; अत्याचारी।
जल्सा–सभा; बैठक; अधिवेशन; नाच-गाने की महफिल।
जवाँमर्द–वीर; साहसी; दानी।
जवान–युवक; वीर; सिपाही; सुंदर।
जवानी–यौवन; मस्ती; सुंदरता।
जवाब–उत्तर; अस्वीकृति; जोड़।
जवाबदेह–उत्तरदायी; जिम्मेदार।
जवाबदेही–जिम्मेदारी; उत्तरदायित्व।
जवाबी–बदले में, जिसका जवाब तुरंत माँगा गया हो, उसके लिए भेजा गया दूसरा जोड़।
ज़वाल–अवनति; पतन।
जवाहिर–रत्न।
जवाहिरात–जवाहिर का बहुवचन, रत्न।
ज्वार–पड़ोस, आसपास का प्रदेश; ज्वार (धान्य); समुद्र का ज्वार।
जहन्नम–नरक।
ज़हर–विष।
ज़हरीला–विषैला।
जहाँ, जहान–संसार, विश्व।
जहाँपनाह–संसार-रक्षक; राजाओं के लिए संबोधन का शब्द।
जहाज़–जलयान।
जहाज़ी–जहाज़ संबंधी।
जहालत–मूर्खता; अज्ञान; असभ्यता; उद्दंडता।
ज़ाइक़ा–स्वाद, रस।
जाइज़–उचित, विहित, मानने योग्य।
ज़ाइद–अधिक, अतिरिक्त।
जाइदाद–संपत्ति।
ज़ाकिर–वर्णन करनेवाला, जप करनेवाला, इमाम हुसेन की शहादत का हाल बयान करनेवाला व्यक्ति।
जागीर–राज्य की ओर से किसी बड़े काम के बदले प्राप्त भूमि या प्रदेश।
जागीरदार–जागीर का मालिक, सामंत।
जाजिम–छपा हुआ फर्श, एक प्रकार का कपड़ा जिस पर बेल बूटे छापकर फर्श बनाते हैं; मोटा बिछावन।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

ज़ात–कुल, जाति, व्यक्तित्व, स्वयं, अस्तित्व ।

ज़ाती–निजी, व्यक्तिगत ।

जादू–अभिचार, टोना, इंद्रजाल; दृष्टि-बंध; हस्तकौशल ।

जादूगर–जादू करनेवाला ।

जादूगरी–जादू का काम ।

जान–जीव, प्राण; जीवन, शक्ति, साहस ।

जानदार–सजीव ।

जानवर–पशुपक्षी आदि; मनुष्य के अतिरिक्त और सब प्राणी ।

जानशीन–स्थानापन्न, उत्तराधिकारी ।

जानिब–पक्ष; दिशा, ओर ।

जानिबदार–पक्षपाती ।

जानी–प्राणों का; प्राणप्रिय; गहरा; कट्टर ।

ज़ाबिता–नियम; पद्धति; कायदा ।

जामा–वस्त्र, पहनावा, पोशाक ।

जामे–विस्तृत; व्यापक; संग्रहकर्ता ।

जामे मस्जिद–बहुत विस्तृत मस्जिद, जहाँ जुमे की नमाज़ भी हो ।

जामिआ–विश्वविद्यालय, जैसे–जामिआ-मिलिया–राष्ट्रीय विश्वविद्यालय ।

ज़ामिन–जमानत करनेवाला, प्रतिभू ।

ज़ाया–नष्ट, बरबाद, व्यर्थ, बेकार ।

जारी–प्रचलित; प्रवाहित ।

जालसाज़–कूटकार; नकली, रूपया या दस्तावेज बनानेवाला ।

ज़ालिम–अन्यायी; अत्याचारी; निर्दयी; ज़ुल्म करनेवाला ।

जाली–बनावटी; झूठा ।

ज़ाविया–कोना; कोण ।

जासूस–गुप्तचर; भेदिया ।

जासूसी–जासूस का काम ।

ज़ाहिर–प्रकट; स्पष्ट; प्रत्यक्ष ।

ज़ाहिरा–देखने में, प्रकटतः ।

ज़ाहिरी–बाह्य; प्रकट; देखने भर का ।

जाहिल–अनपढ़; अज्ञ; अशिष्ट; उद्दंड ।

ज़िंदगानी–जीवन, आयु, ज़िंदगी ।

ज़िंदगी–जीवित होना; जीवन; आयु; सजीवता ।

ज़िंदा–जीवित ।

ज़िंदादिल–उत्साही; प्रसन्नचित्त; विनोद-प्रिय ।

ज़िंदादिली–उत्साह; प्रसन्नता; विनोद-प्रियता ।

ज़िक्र–चर्चा; एक प्रकार का जप ।

जिगर–कलेजा; साहस, हिम्मत ।

जिज़्या–बदले का रुपया, एक कर जो नौशेरवान के जमाने में सेना में भर्ती न होनेवालों से लिया जाता था; वह कर जो कुछ मुसलमान शासकों ने हिंदुओं से लिया था जो तीन से उन्नीस रुपये प्रतिवर्ष लगता था ।

जिद–पराक्रम, प्रयास ।

ज़िद, ज़िद्द–हठ, दुराग्रह; वैर; उलटी बात ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

 Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

ज़िद्दी–हठी, दुराग्रही ।

जिद्दो जहद, जिद्द व जहद–पराक्रम और प्रयास; दौड़धूप ।

ज़िना–व्यभिचार ।

ज़िनाकार–व्यभिचारी ।

ज़िनाकारी–व्यभिचार ।

ज़िब्ह्–वधित, जो ज़ब्ह् किया गया हो ।

ज़िम्मा–उत्तरदायित्व, प्रतिभूति ।

ज़िम्मेदार–उत्तरदायी, प्रतिभू ।

ज़िम्मेदारी, ज़िम्मेवारी–उत्तरदायित्व, प्रतिभूति; कार्यभार ।

ज़ियादती–अधिकता, अत्याचार ।

ज़ियादा–अधिक; बहुत; अतिरिक्त ।

ज़ियाफ़त–आतिथ्य; प्रीतिभोज ।

ज़ियारत–दर्शन, तीर्थाटन ।

ज़ियारतगाह–दर्शनीय स्थान, दरगाह ।

ज़िराअत–खेती, कृषि ।

ज़िरेह्, ज़िरिह्–कवच ।

ज़िला–सीमा; मंडल, जनपद ।

ज़िलेदार–जिले का निरीक्षक, ज़मीनदारों से कर वसूल करनेवाला अधिकारी, सरकारी नहर विभाग का एक कर्मचारी ।

जिल्द–त्वचा; प्रति; खंड; पुस्तक पर लगायी हुई दफ्ती आदि ।

जिल्दसाज़–दफ्तरी; बाइंडर, किताबों की जिल्द बनानेवाला ।

जिल्दसाज़ी–जिल्द बाँधने, बँधाने का काम ।

ज़िल्हिज्जा–अरबी वर्ष का बारहवाँ मास ।

जिस्म–शरीर; घनत्व; वह चीज जिसमें लंबाई, चौड़ाई, ऊँचाई या मोटाई हो ।

जिस्मानी–शारीरिक ।

जिहाद–धर्मयुद्ध ।

जिहेज़–दहेज़ ।

ज़िह्न, ज़ेह्न–समझ, बुद्धि, धारणाशक्ति ।

ज़ीन–पलान ।

ज़ीनत–सजावट, शोभा ।

ज़ीना–सोपान, सीढ़ी, इमारतों की पक्की सीढ़ियाँ ।

ज़ुकाम–एक रोग, सर्दी, प्रतिश्याय ।

जुज़–अंग; अंश; पुस्तक के १६ पृष्ठों का समूह, फार्म; अतिरिक्त ।

जुदा–अलग; भिन्न; अन्य ।

जुदाई–पृथकता; वियोग ।

जुनून–उन्माद, सनक, पागलपन ।

जुनूनी–पागल, सनकी ।

जुमा–शुक्रवार ।

जुमेरात–जुमे की रात, अर्थात् गुरुवार ।

जुम्ला–वाक्य, शब्द समूह; समस्त, तमाम ।

जुम्हूर–जनता, लोक ।

जुम्हूरियत–जनतंत्र, लोकशाही ।

जुम्हूरी–लोकसत्तात्मक ।

जुर्म–अपराध ।

जुर्माना–अर्थदंड ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

जुलाब–रेचन, दस्त; रेचक औषधि।

जुलूस–उत्सव-यात्रा, शोभा-यात्रा, चल समारोह।

ज़ुल्फ़–अलक, बाल, केशपाश।

ज़ुल्म–अन्याय, अत्याचार।

ज़ुल्मी–अन्यायी।

जुस्तजू–खोज।

जूक़–समूह; झुंड; सेना।

जेब–खीसा।

ज़ेबा–शोभनीय; श्रीमान्; सूक्ष्म।

ज़ेर–उर्दू में इ की मात्रा का चिह्न; निम्न; निर्बल; पराजित, अधीन।

ज़ेवर–गहना, आभूषण।

ज़ैतून–एक प्रसिद्ध बीज जिसका तेल खाने और दवा में काम आता है।

ज़ोर–बल; वेग; वश; सहारा; बल-प्रयोग; श्रम; व्यायाम का एक प्रकार।

ज़ोरआज़माई–बलपरीक्षा; लड़ना।

ज़ोरदार–शक्तिशाली; प्रचंड; आवेगपूर्ण; महत्त्वपूर्ण।

ज़ोरावर–बलवान्।

जोश–उफान, आवेग; उत्साह; उत्तेजना; तीव्रता; क्रोध।

ज़ौक़–स्वाद, रुचि, रसानुभूति, आनन्द।

ज़ौक–रुचि; आनंद, शौक।

जौहर–गुण, दक्षता, उत्तमता; रत्न; कला; सार; धर्म।

जौहरी–हीरे जवाहिरात का व्यापारी।

त

तंग–संकीर्ण; अपर्याप्त; अल्प; दीन; विकल; कसा हुआ।

तंगदिल–संकीर्णहृदय।

तंगहाल–विपद्ग्रस्त, निर्धन।

तंगी–कमी; क्लेश; निर्धनता; कृपणता; संकीर्णता; अभाव।

तंदूर–एक तरह का चूल्हा (तन्नूर मूल शब्द है)।

तंबीह–चेतावनी; तर्जन; हलकी सज़ा।

तंबूरा–तानपूरा; एक वाद्य।

तअज्जुब–आश्चर्य।

तअल्लुक़–संबंध।

तआम–भोजन।

तआला–श्रेष्ठ, महान्, जैसे–अल्लाहताला; महान् ईश्वर।

तआवुन–सहयोग।

तक़रीबन्–प्रायः, बहुधा; लगभग।

तक़रीर–बातचीत; व्याख्यान।

तकल्लुफ़–कष्ट; संकोच; शिष्टाचार; बनावट; परायापन।

तक़्वा–ईश्वर से डरना; संयम; सदाचार।

तक़सीम–विभाजन; भाग (गणित)।

तक़ाज़ा–दी हुई वस्तु की माँग, तगादा; इच्छा; आवश्यकता; अनुरोध।

तक़ावी–ताकत देना; बीज, बैल आदि की खरीद के लिए किसानों को दिया गया सरकारी ऋण।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

 Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

तकिया–आश्रय, सहारा, फकीरों के रहने का स्थान; कब्रिस्तान; सिरहाने की चीज; बालिश, उपधानी।
तक़दीर–भाग्य।
तक़्बीर–अल्लाहो अक्बर–ईश्वर महत्तम है, कहना।
तक्मील–पूर्ति; समाप्ति।
तक्रार–वादविवाद; झगड़ा; दुहराना।
तख़ल्लुस–कवि का वह नाम जो वह अपनी कविता में लिखता है।
तख़्त–बड़ी चौकी; सिंहासन।
तख़्तनशीन–सिंहासनारूढ़।
तख़्तपोश–चौकी पर बिछाने की चादर।
तख़्ता–ऊँची चौकी; लकड़ी का पल्ला; कागज का एक ताव, अरथी; क्यारी।
तख़्ती–पटिया।
तख़्तेताऊस–शाहजहाँ का प्रसिद्ध सिंहासन जो मोर के आकार का था।
तज़्किरा–चर्चा।
तज्रिबा–अनुभव; जानकारी; प्रयोग।
तज्रिबाकार–अनुभवी।
तज्वीज़–विचार; सुझाव; मत; प्रबंध; योजना; निर्णय।
तद्बीर–उपाय; प्रयत्न; चतुराई; प्रबंध।
तनासुख़–एक सूरत से दूसरी सूरत में जाना, आवागमन।
तन्ख़ाह–वेतन।
तन्दुरुस्त–स्वस्थ।
तन्दुरुस्ती–स्वास्थ्य।
तन्हा–एकाकी; एकमात्र; रिक्त।
तन्हाई–अकेलापन; एकान्त।
तपिश–तपन; मनस्ताप; आतुरता; धूप।
तपेदिक़–क्षयरोग।
तफ़ावुत–अंतर; पृथकता; विलंब।
तफ़्रक़ा, तफ़्रिक़ा–भेदभाव; फूट।
तफ़्सीर–व्याख्या; भाषा; टीका।
तफ़्सील–विवरण; ब्योरा; स्पष्टता।
तफ़्सीलवार–ब्योरेवार।
तबक़–थाल; परत, तह, तल, सतह।
तबर्रा–घृणा; तिरस्कार; अपशब्द।
तबादला–परिवर्तन; स्थानांतरण।
तबाह–नष्ट; निर्जन; दुर्दशाग्रस्त।
तबाही–विनाश; निर्धनता; आपत्ति।
तबीब–वैद्य।
तबीयत–स्वभाव; रुचि; मन; स्वास्थ्य या रोग की दृष्टि से शरीर की दशा।
तबेला–अस्तबल, घुड़साल; तवेला।
तब्क़ा, तबक़ा–वर्ग; खंड; परत, तह; तल, सतह; लोक; आदमियों का गिरोह; पद।
तब्दील–हेरफेर; स्थानांतरण; विनिमय।
तब्दीली–परिवर्तन; स्थानांतरण, क्रांति।
तब्ला–एक वाद्य; तबला।
तब्लीग़–प्रचार; प्रसार; धर्मप्रचार।
तमंचा–पिस्तौल।
तमद्दुन–नागरता; सभ्यता।
तमन्ना–इच्छा; आकांक्षा।
तमाचा–थप्पड़।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

तमाम–समस्त; संपूर्ण; समाप्त।

तमाशबीन–तमाशा देखनेवाला; व्यभिचारी।

तमाशा–मनोरंजक दृश्य; अद्भुत बात; हँसी-मजाक।

तमीज़–विवेक; परख; ज्ञान; शिष्टता; विशेष योग्यता।

तम्ग़ा–पदक; राजचिह्न; जागीर की सनद।

तर–गीला, हरा-भरा; लथपथ; धनी।

तरकश, तर्कश–भाथा; तूणीर।

तरक़्क़ी–उन्नति; वृद्धि।

तरफ़–ओर; सिरा; पक्ष।

तरफ़दार–पक्षपाती; सहायक।

तरफ़दारी–पक्षपात; सहायता।

तरस–दया; ईश्वर का भय।

तरह–प्रकार; युक्ति; स्थिति।

तराज़ू–तुला।

तराश–काट-छाँट; काटने का ढंग; कटाव की शक्ल; आविष्कार, धार।

तराशना–काटना; छीलना; कतरना।

तरी–तरावट; गीलापन; शीतलता; समृद्धि।

तरीक़–मार्ग; परंपरा; युक्ति; धर्म; नियम।

तरीक़त–अंतःशुद्धि; शुद्ध आचरण; अध्यात्म, ब्रह्मज्ञान, तसव्वुफ़।

तरीक़ा–पद्धति; युक्ति; पंथ; नियम; परंपरा; चालढाल; वेशभूषा।

तर्क–छोड़ना।

तर्कारी–सब्ज़ी।

तर्कीब–मिलाना; मिलावट; प्रणाली; उपाय; रचना।

तर्जीह–प्रधानता; महत्त्व में अधिक होना।

तर्जुमा, तरजुमा–अनुवाद, भाषांतर।

तर्जुमान, तरजुमान–अनुवादक; दुभाषिया; प्रवक्ता।

तर्तीब–क्रम, व्यवस्था।

तर्तीबवार–क्रमबद्ध।

तर्दीद–खंडन; रद्द करना, लौटाना।

तर्बियत–पालन-पोषण; शिक्षण; सुधार।

तर्बुज़, तरबूज़–फलविशेष, मतीरा।

तर्मीम–संशोधन, दुरुस्ती; हेरफेर।

तलख़ी–कटुता।

तलफ़्फ़ुज़–उच्चारण।

तलब–माँग, वेतन; इच्छा; बुलावा; किसी नशीली चीज़ की चाह।

तलाक़–विवाह-विच्छेद।

तलाश–खोज; चाह।

तल्ख़–कटु; अरुचिकर।

तल्ख़मिज़ाज–कटुस्वभाव।

तवंगर–धनी।

तवज्जोह–ध्यान; कृपा।

तवाना–मोटा-ताज़ा।

तवारीख़–इतिहास (तारीख़ का बहुवचन)।

तवील–दीर्घ, लंबा।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

तशदीद–द्वित्व का चिह्न ।

तशद्दुद–अत्याचार; हिंसा ।

तश्त–थाली ।

तश्तरी–छोटी थाली ।

तश्रीफ़ लाना–पदार्पण करना, शुभ आगमन होना ।

तश्रीह–स्पष्टीकरण; व्याख्या ।

तसल्ली–सांत्वना; संतोष ।

तसव्वुफ़–अध्यात्मवाद; सूफ़ीवाद ।

तस्कीन–सांत्वना; संतोष; पीड़ा में कमी ।

तस्दीक़–पुष्टि; समर्थन; प्रमाण ।

तस्फ़िया–समझौता; निर्णय ।

तस्बीह–सुब्हान् अल्ला–ईश्वर अत्यन्त पवित्र है, कहना; जप; जपमाला ।

तस्लीम–अभिवादन ।

तस्वीर–चित्र ।

तह–तल; थाह; परत; रहस्य ।

तहक़ीक़ात–जाँच-पड़ताल ।

तहज़ीब–संस्कृति ।

तहारत–शुद्धता ।

तहेदिलसे–सच्चे दिल से ।

तह्रीक–आंदोलन; प्रेरणा ।

तह्रीर–लिखना; लिखावट; लिखित प्रमाण; लिखाई ।

तह्लका–हलचल; निधन ।

तह्सील–ज़िले का एक भाग; उस भाग की सरकारी कचहरी, राजस्व; प्राप्ति ।

ता–तक ।

ताईद–सहायता; समर्थन; पुष्टि ।

ताऊस–मोर ।

ताक़–आला; विषम संख्या; चतुर ।

ताक़ा–कपड़े का थान ।

ताक़त–शक्ति; सत्ता ।

ताक़तवर–शक्तिशाली ।

ताकि–इसलिए कि; जिससे ।

ताकीद–चेतावनी; ज़ोर के साथ अनुरोध; हठ, ज़िद ।

ताकीदी–जिस बात की ताकीद दी गयी हो; जरूरी ।

ताज–मुकुट, शिखा; पक्षी के सिर की कलगी; ताजमहल का संक्षिप्त नाम ।

ताज़गी–नवीनता; प्रफुल्लता; शीतलता ।

ताज़ा–नवीन; हरा-भरा; तत्कालीन ।

ताज़िया–हजरत इमाम हुसेन के मक़्बरे की नक़ल जिसका जुलूस मुहर्रम में निकलता है ।

ताजिर–व्यापारी; सौदागर ।

ताज़ी–अरबी; अरब का घोड़ा; शिकारी कुत्ता ।

तादाद–गणना; संख्या ।

तादीब–शिष्ट बनाना; भाषा और साहित्य की शिक्षा देना; अनुशासन ।

ताना–व्यंग्यपूर्ण बात ।

ताबूत–मुर्दा ले जाने की संदूक ।

ताबेदार–आज्ञाकारी ।

तामीर–निर्माण; मकान बनाना; मरम्मत करना; मकान, इमारत ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

तामील–कार्यान्वित करना; आज्ञा का पालन करना, समन पर हस्ताक्षर कराना।

तार–तन्तु; सूत्र; टेलीग्राम।

ताराज–विनाश; नष्ट; लूटमार।

तारी–छा जानेवाला, ढँकनेवाला; छाया हुआ; ढँका हुआ।

तारीक–अंधकारमय।

तारीकी–अंधकार; धुंधलापन।

तारीख़–तिथि, दिनांक; इतिहास।

तारीख़ी–ऐतिहासिक।

तारीफ़–प्रशंसा; गुण; व्याख्या।

तालाब–सरोवर।

तालिब–इच्छुक; याचक।

तालिबेइल्म–विद्यार्थी।

तालीक़ा–माल की जब्ती। जमींदार या सरकार की ओर से खेतों की जिन्स पर लगायी हुई रोक ताकि बाद के निर्णय से पहले माल उठाया न जा सके।

तालीम–शिक्षा; उपदेश।

तालीमयाफ़्ता–शिक्षित; शिष्ट।

तावीज़–मंत्रचक्र; रक्षा-कवच।

ताश–खेलने के पत्ते।

ताशा–एक बाजा।

तिजारत–व्यापार।

तिब्बी–चिकित्सासंबंधी।

तिलावत–पढ़ना; क़ुरानशरीफ़ पढ़ना।

तिलिस्म–जादू, इंद्रजाल।

तीमारदार–रोगी की शुश्रूषा करनेवाला परिचारक।

तीमारदारी–रोगी की सेवा।

तीर–बाण, एक ईरानी महीना जो सावन में होता है।

तीरअंदाज़–बाण चलानेवाला।

तुर्क–तुर्किस्तान का निवासी।

तुर्की–तुर्किस्तान का; तुर्कों की भाषा।

तुर्रा–कलग़ी, बात में बात; अच्छाई; अद्‌भुतता; सर्वश्रेष्ठ।

तूती–एक सुस्वर छोटा पक्षी जो तूत के मौसम में आता है और शहतूत खाता है।

तूफ़ान–बाढ़, तेज़ आँधी; ज़ोर की वर्षा; आरोप; आपत्ति; कोलाहल, उपद्रव।

तूफ़ानी–प्रचंड; उपद्रवी; वेगवान्।

तेज़–तीक्ष्ण; तीव्र; शीघ्र; प्रखर; फुर्तीला; महँगा।

तेज़मिज़ाज–उग्र-स्वभाव।

तेज़रफ़्तार–शीघ्रगामी।

तेज़ाब–अम्ल।

तेज़ी–प्रखरता; तीव्रता; शीघ्रता; महँगाई।

तै–निश्चित; समाप्ति; चुकता।

तैनात–नियुक्त (मूल–तएयुनात)।

तैनाती–नियुक्ति।

तैयार–प्रस्तुत; तत्पर; पक्व; संपूर्ण; योग्य, हृष्टपुष्ट।

तैयारी–तत्परता; पूर्ति; योग्यता।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

तोता–शुक; बंदूक का घोड़ा।
तोप–युद्ध में गोला फेंकनेवाला यंत्र।
तोपख़ाना–तोपों का स्थान, सुसज्जित तोपों का समूह।
तोपची–तोप चलानेवाला, तोप से गोला मारनेवाला।
तोबरा–घोड़े के दाना खाने का थैला।
तोहमत–मिथ्या आरोप; सन्देह।
तौबा–बुरा काम न करने की प्रतिज्ञा; पश्चात्ताप; यह शब्द किसीके प्रति घृणा प्रकट करने के लिए भी बोला जाता है।
तौर–प्रकार, लक्षण, पद्धति; चाल-ढाल।
तौहीद–एकेश्वरवाद; ईश्वर को एक मानना।
तौहीन–अपमान; तिरस्कार।
तौहीनी–अपमान; तिरस्कार।

द

दंग–चकित।
दंगल–कुश्ती; अखाड़ा; भीड़।
दंगा–झगड़ा; उपद्रव; अशांति।
दक़ीक़–बारीक, सूक्ष्म; कठिन।
दक़्यानूस–प्रतिक्रियावादी; रूढ़िवादी; एक अत्याचारी रोमन सम्राट।
दक़्यानूसी–प्रतिक्रियाशील; पुराना; निक्कमी वस्तु।
दख़ल–हस्तक्षेप; अधिकार; पहुँच; थोड़ी-बहुत जानकारी।
दग़ल–कपट; खोटा सोना या चाँदी।
दग़ा–धोखा, कपट।
दग़ाबाज़–कपटी।
दग़ाबाज़ी–कपटता, विश्वासघात।
दफ़ा–धारा; बार।
दफ़ा करना–हटाना; ढकेलना।
दफ़्तर–कार्यालय; किताब-बही आदि; लंबी-चौड़ी बात।
दफ़्तरी–जिल्द बाँधनेवाला; कार्यालय का कर्मचारी।
दफ़्न–जमीन में गाड़ना।
दबदबा–प्रभाव; आतंक।
दबीर–क्लर्क; लिपिक; लेखक।
दम–श्वास; क्षण, प्राण; ज़ोर; मंत्र; समय; चिलम का कश, धोखा।
दमदार–शक्तिशाली, प्राणवान्।
दमबदम–प्रतिक्षण; शनैःशनैः।
दमा–श्वास रोग।
दर–दरवाजा; में, भीतर; भाव, निर्ख़।
दरअसल–वास्तव में।
दरकार–वांछित।
दरकिनार–अलग; एक ओर।
दरख़ास्त, दरख़्वास्त–आवेदन पत्र; आवेदन।
दरख़्त–पेड़, वृक्ष।
दरगाह–किसी वली का मकबरा; चौखट; राजसभा।
दरगुज़र–दोष देखकर उसे अनदेखा कर देना; क्षमा।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

दरबान–द्वारपाल।

दरबार–राजसभा; वली का खानकाह।

दरबारेआम–वह दरबार जिसमें सर्व-साधारण जा सके।

दरबारेख़ास–वह दरबार जिसमें सरदार आदि ही जा सकें।

दरबारी–राजसभा का सभासद; दरबार संबंधी।

दरमाहा–मासिक वेतन।

दरमियान–मध्य।

दरमियानी–बीच का; मध्यस्थ।

दरयाफ़्त–पता लगाना; जाँच।

दरवाज़ा–द्वार।

दरवेश–फकीर; भिखारी।

दरवेशाना–फकीराना, साधु के ढंग का।

दरहक़ीक़त–वास्तव में।

दरिंदा–फाड़कर खानेवाला; जंगली जानवर, श्वापद।

दर्ज–लिखा हुआ; प्रविष्ट।

दर्जा–श्रेणी, कक्षा; पद; अंश।

दर्जावार–श्रेणी के अनुसार।

दर्ज़ी–कपड़ा सीनेवाला; सूचिक।

दर्द–पीड़ा, कष्ट; दया; सहानुभूति।

दर्दनाक–कष्टजनक।

दर्या–नदी; नद; समुद्र।

दर्यायी–नदी संबंधी।

दर्यादिल–उदार।

दर्रा–घाटी।

दलील–तर्क; प्रमाण; युक्ति।

दल्लाल–सौदे में मध्यस्थता करनेवाला, दलाल, आढ़तिया।

दल्लाली–दलाल का धंधा और पारि-श्रमिक; आढ़त।

दवा–औषध; उपचार; उपाय।

दवाख़ाना–औषधालय।

दवात–स्याही रखने का पात्र, मसिपात्र।

दस्तंदाज़ी–हस्तक्षेप।

दस्त–हाथ; पतला शौच।

दस्तकारी–शिल्प, कला।

दस्तख़त–हस्ताक्षर।

दस्तरख़ान–खाना रखने की चौकी, फर्श आदि पर फैलाया जानेवाला कपड़ा।

दस्ता–औजार आदि की मूठ, बेंट; जत्था, टोली; कागज की चौबीस तावों की एक गड्डी; डंडा; खरल का मूसल, एक कपड़ा जो पगड़ी के साथ बांधते हैं, गुच्छा, तौलिया।

दस्तावेज़–लेखपत्र, व्यवस्थापत्र, साधन-पत्र।

दस्तूर–प्रथा, चाल; नियम; कानून, कमीशन; नेग; पारसियों का पुरोहित।

दस्तूरी–कानूनी कमीशन; कटौती; दलाली, फ़ीस। वह बंधी हुई रकम जो अमीरों के नौकर दुकानदारों से लेते हैं।

दहशत–भय; आतंक।

दहेज़, जहेज़–विवाह में वर पक्ष को दिया जानेवाला धन; दायजा।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

दाइर–प्रस्तुत; उपस्थित करना।

दाइरा–परिधि; वृत्त; मंडल; कार्य का क्षेत्र; आश्रम; सभा; मुहल्ला।

दाख़िल–प्रविष्ट, शामिल।

दाख़िलख़ारिज–एक का नाम हटाकर दूसरे का चढ़ाना।

दाख़िलदफ़्तर–बिना निर्णय किये दफ्तर में अलग रखा हुआ कागज।

दाख़िला–प्रवेश; रसीद; पहुँच; जमा करना।

दाग़–चिह्न; धब्बा; कलंक; दुःख; मृत्यु का दुःख।

दाग़ना–जलाना; तपाये धातु से चिह्न लगाना; तोप या बंदूक छोड़ना।

दाद–न्याय; वाह वाह; दान; प्रदान।

दाना–अन्न-कण; अन्न; बीज; मनका; छोटी फुंसी; बुद्धिमान्।

दानाई–बुद्धिमत्ता।

दानिश–बुद्धि; विवेक; विद्या।

दानिशमंद–बुद्धिमान्; विद्वान्।

दामन–पल्ला; अंचल; मैदान।

दामाद–जामाता।

दायाँ–दाहिना।

दारचीनी–एक वृक्ष की छाल; दारु सीता।

दारू–दवा; उपचार; बारूद; शराब।

दारोग़ा–निरीक्षक; थानेदार; पुलिस का अफ्सर।

दारोमदार–निर्भरता।

दालान–बरामदा; ओसारा।

दावत–आवाहन; निमंत्रण; भोज।

दावर–न्यायकर्ता; ईश्वर।

दावा–नालिश, अधिकार; गर्व; जो गुण न हो वह बताना; ज़ोर; दृढ़ आत्मविश्वास।

दावीदार–दावा करनेवाला; फर्यादी; दुश्मन; मुद्दई।

दिक़–तंग; दुबलापतला; क्षय रोग।

दिक़्क़त–परेशानी, कष्ट।

दिगर–दीगर का लघु रूप; दूसरा, अन्य; पुनः।

दिमाग़–मस्तिष्क; बुद्धि; अभिमान, घमंड; ध्यान।

दिमाग़दार–बुद्धिमान्; अभिमानी।

दिमाग़ी–मस्तिष्क संबंधी।

दियानत–सचाई; सत्यनिष्ठा।

दियानतदार–सच्चा; सत्यनिष्ठ।

दियानतदारी–सचाई, सत्यनिष्ठा।

दिरम–चाँदी का एक सिक्का; साढ़े तीन माशे की एक तौल।

दिल–हृदय; मन; उत्साह; साहस; शौर्य; रुचि; इच्छा, दानशीलता।

दिलकश–चित्ताकर्षक।

दिलगीर–दुःखित।

दिलचस्प–जिसमें मन रमे, रोचक।

दिलदार–उदार; प्रिय।

दिलरुबा–मन को खींच ले जानेवाला।

दिल्लगी–परिहास, हंसी-मजाक, ठठोली।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

दीगर—दूसरा, अन्य; पुनः।
दीदार—दर्शन; साक्षात्कार।
दीन—धर्म; पंथ; विश्वास।
दीनदार—धर्मनिष्ठ।
दीनदारी—धर्मनिष्ठा।
दीन-दुन्या—इहलोक परलोक।
दीबाचा—प्रस्तावना; प्राक्कथन।
दीवान—राजसभा, न्यायालय; मंत्री; कविता-संग्रह।
दीवाना—पागल, तन्मय।
दीवानापन—पागलपन; सनक।
दीवानी—माल-जायदाद के मुकदमों की अदालत।
दीवानख़ाना—बैठक; कचहरी का दफ्तर; बड़े लोगों के बैठने का स्थान।
दीवाने आम—वह राजसभा जिसमें सर्व-साधारण आ सकें।
दीवाने ख़ास—वह राजसभा जिसमें मुख्य लोग आ सकें।
दीवार—भीत; दिवाल।
दुआ—प्रार्थना; धार्मिक मंत्र; स्तुति; आशीर्वाद।
दुकान—सौदा बेचने की जगह।
दुकानदार—दुकानवाला।
दुकानदारी—दुकान का धंधा।
दुन्यवी, दुन्यावी—सांसारिक।
दुन्या—संसार; संसार के लोग, दुनिया।
दुन्यादार—संसारग्रस्त; संसारी; चतुर; अवसरवादी; दुनियादार।
दुन्यादारी—संसार का जाल; बनावटी व्यविहार; चातुरी।
दुन्यासाज़—दिखावटी व्यवहार करने-वाला, धूर्त।
दुन्यासाज़ी—बनावटी बातें, धूर्तता।
दुबारः—फिर; दूसरी बार।
दुम—पूँछ।
दुरुस्त—ठीक; दोषरहित; उचित; यथार्थ; संपूर्ण; स्वस्थ।
दुरुस्ती—संशोधन, सुधार।
दुरूद—दुआ और सलाम रसूल पर।
दुवुम—दूसरा।
दुशाला—ओढ़ने की ऊनी शाल।
दुश्मन—शत्रु।
दुश्मनी—शत्रुता, वैर।
दुश्वार—कठिन, दूभर।
दुश्वारी—कठिनता, दरिद्रता; आपत्ति।
दूई—द्वैत; वियोग।
दूर—अंतर पर; अलग; असंभव।
दूरअंदेश—दूरदर्शी।
दूरअंदेशी—दूरदर्शिता।
दूरबीन—दूरदर्शक यंत्र।
दूरी—अंतर।
देग—खाना पकाने का ताँबे का बड़ा बर्तन।
देगचा—छोटी देग।
देन—उपहार; उपकार; देना; कर्ज़।
देनदार—कर्ज़दार।
देर—विलंब।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

देव–राक्षस; बहुत लंबा-चौड़ा आदमी; पिशाच; परियों का पति।
देहात–ग्राम।
देहाती–ग्रामीण।
दो–दो; कुछ।
दोआब–दो नदियों के बीच का प्रदेश।
दोज़ख़–नरक।
दोतरफ़ा–दोनों ओर का; दोनों पक्षों के अनुकूल।
दोबारा–दूसरी बार।
दोयम–दूसरे-दर्जे का।
दोस्त–मित्र; सखा; प्रेमपात्र।
दोस्ताना–मैत्री।
दोस्ती–मैत्री।
दौर–घुमाव; बारी; उलट-फेर; आक्रमण; युग; एक चक्कर।
दौरा–घूमना; भ्रमण; फेरा; आक्रमण।
दौरान–बीच; चक्कर।
दौलत–धन; संपत्ति।
दौलतख़ाना–बड़े आदमियों के घर के लिए बोलते हैं।
दौलतमंद–धनवान्; संपन्न।

न

नक़द–रुपया पैसा; नक़द, उधार का उलटा; पूँजी; प्रस्तुत; अच्छा।
नक़ल–स्थानांतरण; अनुकृति; प्रतिकृति; नकल।
नक़ली–कृत्रिम; काल्पनिक; खोटा; झूठ; नक़ली।
नक़्शा–रेखाचित्र; आकृति; शैली; सजधज; मानचित्र; दशा, आदर्श; छटा।
नक़्क़ारा–नगाड़ा; दुंदुभी।
नख़रा–हावभाव; अभिमान; बनावटी इन्कार; बनना।
नख़रेबाज़–नख़रा करनेवाला।
नज़र–दृष्टि; कुदृष्टि।
नज़रअंदाज़–जिस पर ध्यान न दिया गया हो, उपेक्षित।
नज़रबंद–एक तरह की क़ैद; दृष्टि बंध की जादू करनेवाला।
नज़रबंदी–नज़रबंद करना; दृष्टिबंध की जादू।
नजात–छुटकारा, मुक्ति।
नज़ारा, नज़्ज़ारा–दर्शन, दृश्य।
नज़ीर–दृष्टांत, किसी मुकदमे का वह निर्णय जो किसी दूसरे मुकदमे में उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया जाय।
नज़ूल–सरकारी ज़मीन; उतरना।
नज़्दीक–निकट; राय में।
नज़दीकी–निकटता; निकट का।
नज़्म–कविता; प्रबंध, व्यवस्था।
नज़्राना, नज़्र–भेंट, उपहार।
नतीजा–परिणाम; परीक्षाफल।
नदारद–लुप्त; रिक्त।
नफ़रत–किसी चीज से भागना; घृणा, तिरस्कार।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

नफ़्स–जीव; प्राण; व्यक्ति; विकार; वासना।

नफ़्सानी–स्वार्थप्रेरित; वासनाप्रेरित।

नफ़्से अम्मारा–बुरे कामों की ओर प्रवृत्त करनेवाली वासना।

नबी–पैगंबर, ईश्वर का दूत।

नबूवत–नबी का काम, ईश्वर की आज्ञा से संदेश पहुँचाना।

नब्ज़–नाड़ी।

नम–गीला; गीलापन।

नमक–लवण; लावण्य; सलोनापन, काव्यसौंदर्य।

नमकहराम–विश्वासघातक, कृतघ्न।

नमकहलाल–कृतज्ञ, स्वामीभक्त।

नमकीन–सलोना, सुंदर।

नमाज़–मुसलमानों की ईश्वर प्रार्थना।

नमाज़ी–नमाज़ पढ़नेवाला; नियमित रूप से नमाज़ पढ़नेवाला।

नमी–गीलापन; सीलन।

नमूना–आदर्श; बानगी; ढंग; प्रकार।

नर्म–मृदु, शिथिल, आसान; सस्ता; धीमा; विनम्र; खोटा; मंदा, नरम।

नर्मदिल–कोमलहृदय।

नर्मी–नरम होने का भाव।

नवाज़–कृपालु, दयालु (समास में जैसे–ग़रीबनवाज़–दीनदयालु)।

नवाला, निवाला–कौर; ग्रास।

नवीस–लिखनेवाला (समास में जैसे–वाकिआनवीस–वृत्तांत लेखक)।

नव्वाब–रईस; बादशाह का नायब; किसी रियासत का मुसलमान शासक, ठाठबाट से रहनेवाला; अपव्ययी; नवाब।

नव्वाबी–रईसी, नवाबी।

नशा–मादकता, उन्माद, मादक द्रव्य; घमंड।

नशाख़ोर–व्यसनी।

नशीन–बैठनेवाला (समास में जैसे–तख़्तनशीन–सिंहासनारूढ़)।

नशीला–मादक, मदभरा।

नशेबाज़–व्यसनी।

नश्तर–शल्य, चीर-फाड़ का आला।

नसारा–ईसाई लोग।

नसीब–भाग्य, लब्ध; हिस्सा।

नसीबवर–भाग्यशाली।

नसीहत–उपदेश; सत्परामर्श; शिक्षा।

नस्तालीक़–सभ्य; सुभाष्य; फारसी लिपि।

नस्र–गद्य; बिखरा हुआ।

नस्र–सहायता; विजय।

नस्ल–वंश, संतति।

नस्ली–वंशसंबंधी।

नहारी–नाश्ता।

नहर–यातायात या सिंचाई के लिए किसी नदी या जलाशय से निकाला गया जल-मार्ग, नहर, कुल्या।

नहरी–नहर से सींची जानेवाली ज़मीन।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

नाइत्तिफ़ाक़ी–फूट, विगाड़, मनमुटाव, विरोध ।

नाइब–सहायक, स्थानापन्न ।

नाउम्मीद–निराश ।

नाउम्मीदी–निराशा ।

नाक़ाबिल–अयोग्य ।

नाकारा–निकम्मा ।

नाक़िस–अपूर्ण; दूषित; खोटा; धूर्त ।

नाखुन, नाख़ून–नख ।

नाख़ुश–अप्रसन्न, रुष्ट ।

नाख़ुशी–अप्रसन्नता, रोष ।

नागवार–अप्रिय; असह्य ।

नाग़ा–अनुपस्थिति; खाली; बेकार; छुट्टी ।

नाचार–विवश; दुःखी; असमर्थ; लाचार होकर ।

नाचारी–विवशता; दुःख; असामर्थ्य ।

नाचीज़–नगण्य; तुच्छ; नम्रता प्रदर्शन के लिए वक्ता अपने को भी कहता है; निकम्मा ।

नाज़–हावभाव; गर्व, घमंड; नखरा ।

नाजायज़–अनुचित; निषिद्ध ।

नाज़िम–प्रबंधकर्ता; व्यवस्थापक; संचालक ।

नाज़िर–निरीक्षक ।

नाज़िल–उतरा हुआ, उतरनेवाला ।

नाज़ुक–मृदु; सूक्ष्म; कमजोर, गूढ़, दुबला-पतला; तीव्र; संकटपूर्ण; उलझा हुआ ।

नाज़ुकमिज़ाज–मृदु स्वभाववाला, चिड़-चिड़ा; घमंडी ।

नातज़ुरिबेकार–अनुभवहीन; अनाड़ी ।

नादान–अनभिज्ञ, नासमझ, मूर्ख ।

नादानी–मूर्खता, नासमझी ।

नादार–साधनहीन; कंगाल ।

नादारी–दरिद्रता, साधनहीनता ।

नादिरशाही–नादिरशाह के अत्याचार जैसा; निरंकुश; पाशविक अत्याचार ।

नादुरुस्त–अशुद्ध; झूठ; जो ठीक न हो ।

नापसंद–अप्रिय, अरुचिकर ।

नापाक–अपवित्र, गंदा ।

नाफ़र्मान–अवज्ञाकारी ।

नाफ़र्मानी–अवज्ञा ।

नाफ़हमी–अज्ञान ।

नाबालिग़–अवयस्क ।

नाबूद–नष्ट, लुप्त ।

नामंज़ूर–अस्वीकृत ।

नाम–संज्ञा; कीर्ति; प्रतिष्ठा; स्मरण चिह्न; धूम ।

नामज़द–मनोनीत, किसी काम के लिए निर्दिष्ट; विख्यात ।

नामदार–प्रतिष्ठित; सुप्रसिद्ध ।

नामर्द–डरपोक; नपुंसक ।

नामर्दी–कायरता; नपुंसकता ।

नामवर–प्रसिद्ध ।

नामाक़ूल–मूर्ख; असभ्य; अश्लील ।

नामानिगार–संवाददाता ।

नामी–प्रसिद्ध ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

नामुम्किन—असंभव ।

नामोनिशान, नाम व निशान—चिह्न, पता ।

नारंगी—छोटा संतरा; नारंगी रंग का।

नार—अग्नि; नारी ।

नारवा—अनुचित; अविहित ।

नारा—घोष, ललकार; माँग; दर्द की आवाज़ ।

नाराज़—अप्रसन्न, रुष्ट ।

नाराज़गी—अप्रसन्नता, रोष ।

नाराज़ी—अप्रसन्नता, रोष ।

नाल—जूता; अर्धचंद्राकार लोहे का टुकड़ा जो घोड़े या बैलों के खुर में लगाते हैं।

नालाँ—रोता-चिल्लाता हुआ; परीशान।

नालाइक़—अयोग्य; अधम ।

नालाइक़ी—अयोग्यता; अधमता ।

नालिश—अभियोग, फ़र्याद ।

नाव—नौका ।

नावाक़िफ़—अनभिज्ञ, अपरिचित ।

नावाक़िफ़ियत—अनभिज्ञता, अपरिचय ।

नाशाद—अप्रसन्न; खिन्न; अभागा ।

नाशाइस्ता—अशिष्ट ।

नाशुक्र—कृतघ्न; नमकहराम ।

नाशुक्री—कृतघ्नता ।

नाश्ता—जलपान, नहारी ।

नाश्पाती—एक फल; उसका पेड़ ।

नासमझ—मूर्ख; अज्ञान ।

नासमझी—मूर्खता, अज्ञानता ।

नासूर—नाड़ीव्रण ।

नाहक़—अकारण; व्यर्थ; अनीति ।

निकाह—विवाह ।

निगार—बेलबूटा; एक ईरानी राग; चित्र ।

निगाह—दृष्टि ।

निगरानी—देखरेख; संरक्षण; अभिभावकता ।

निगहबान—संरक्षक ।

निज़ाम—व्यवस्था; क्रम, संघटन; निज़ाम।

निज़ामत—संचालन-विभाग ।

निवाला, नवाला—कौर, ग्रास ।

निशान—चिह्न; स्मृतिचिह्न; धब्बा; खोज; पता; झंडा ।

निशाना—लक्ष्य ।

निशानी—चिह्न; स्मृतिचिह्न; पहचान, लक्षण ।

निसार—बलि; निछावर।

निस्फ़—आधा।

निस्बत—संबंध; सगाई; तुलना; संबंध में, अपेक्षा।

निहायत—अत्यधिक, अत्यंत।

निहाल—पौधा; तृप्त; सफलमनोरथ; समृद्ध ।

नीज़—और; अथवा; भी ।

नीम—आधा, अल्प, न्यून, थोड़ा; एक पेड़ जिसका सर्वांग कड़वा होता है ।

नीयत—इरादा; इच्छा; मंशा; ख़याल ।

नीलम—नीलमणि ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

 Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

नीलाम–(पुर्तगाली शब्द लीलाम) बोली बोलकर बेचना ।

नुक्ता–पते की बात; सूक्ष्म बात; मर्म; दोष; चुट्कुला ।

नुक़्ता–बिंदु; चिह्न ।

नुक्ताचीनी–छिद्रान्वेषण; दोष निकालना ।

नुक़्स–दोष, त्रुटि ।

नुक़्सान–कमी; हानि; दोष ।

नुक़्सानदेह–हानिकारक ।

नुकीला–नोकदार; सुंदर ।

नुमा–दिखानेवाला (समास में जैसे–रहनुमा–मार्गदर्शक, कुतुबनुमा–ध्रुवदर्शक) ।

नुमाइंदा–प्रतिनिधि ।

नुमाइश–दिखावा; सजावट; प्रदर्शनी ।

नुमाइशी–दिखावटी; तड़क-भड़कवाला ।

नुमायाँ–स्पष्ट, व्यक्त ।

नुस्ख़ा–लिखा हुआ कागज, नकल, वह कागज जिस पर डाक्टर दवा लिखकर देते हैं; रोग विशेष के लिए निकाली गयी औषध, नुसखा ।

नूर–प्रकाश; कांति ।

नूरेचश्म–आँख का प्रकाश; पुत्र, प्यारा पुत्र ।

नूह–एक पैगंबर ।

नेक–अच्छा; शुभ; सदाचारी; पुनीतात्मा; सदय ।

नेकचलन–सदाचारी ।

नेकनीयत–अच्छी नीयतवाला, सत्य-संकल्प; धर्मनिष्ठ ।

नेकी–भलाई ।

नेमत–ईश्वरीय देन; धनसंपत्ति; अच्छी-अच्छी चीजें; सुख ।

नेस्त–नष्ट; नहीं है ।

नैयर–प्रकाशमान्; सूर्य ।

नोक–अनी; बाँकपन; डींगें; आनबान ।

नोकदार–जिसमें नोक हो ।

नौकर–चाकर, सेवक ।

नौकरशाही–कर्मचारियों द्वारा शासित शासन-प्रबंध ।

नौकरी–सेवा; नौकर होना ।

नौकरीपेशा–नौकरी से जीवन निर्वाह करनेवाले ।

नौजवान–नवयुवक ।

नौजवानी–युवावस्था ।

नौबत–बारी; दशा; स्थिति; मांगल्य-सूचक नगाड़ा ।

नौबतख़ाना–नौबत बजाने का स्थान ।

नौमुस्लिम–जो नया-नया मुसलमान बना हो, ख़ानदानी मुसलमान न हो ।

नौरोज़–पारसियों का साल का पहला दिन; त्यौहार या ख़ुशी का दिन ।

नौसादर–सफेद रंग की एक खनिज औषध; एक प्रकार का क्षार ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

प

पंज-शंबा–गुरुवार, बृहस्पतिवार, वीफै, वीरवार।

पंजा–पाँच सजातीय वस्तुओं का समूह, गाही; प्रहस्त; प्रतल; अधिकार, कब्जा; ताश का पत्ता; सहायता।

पनाह–परित्राण, शरण; आड़; शरण्य।

पनीर–छेना; छेने से बनी चीज़; पानी निकाले दही से तैयार किया जानेवाला एक खाद्य पदार्थ।

पयाम–समाचार; संदेश; सगाई की बात-चीत।

पर–पंख।

परगना, पर्गना–एक भूभाग जिसके अंदर बहुत से ग्राम होते हैं।

परवरिश, पर्वरिश–पालन-पोषण; दया; सहायता।

परवानगी, पर्वानगी–आज्ञा; अनुमति।

परवाना, पर्वाना–पतंगा; आज्ञापत्र; मुग्ध; सिंह के आगे चलनेवाला कुत्ते के बराबर जंतु।

परस्त–उपासक (समास में जैसे–आतिश-परस्त–अग्नि-उपासक)।

परस्ती–उपासना (समास में जैसे–आतिश-परस्ती–अग्नि-उपासना)।

परहेज़, पर्हेज़–संयम; कुपथ्य से बचना; निषिद्ध वस्तुओं से, पाप से बचना।

परहेज़गार, पर्हेज़गार–परहेज़ करनेवाला, संयमी, नियमी।

परागंदा–अस्तव्यस्त; असंबद्ध; उद्विग्न, परेशान।

परिंदा–पक्षी।

परी–काल्पनिक उड़नेवाली सुंदर स्त्री; सुंदर स्त्री।

परेशान, परीशान–व्याकुल; उद्विग्न; चकित; दुःखित, चिंतित।

परेशानी, परीशानी–व्याकुलता; चिंता; दुःख; विस्मय।

पर्चा–कागज का छोटा टुकड़ा; चिट्ठी; परीक्षा का प्रश्नपत्र; समाचारपत्र, पुलिस की रिपोर्ट।

पर्दा–पट; दृष्टि से बचाने की स्थिति; घूँघट; आँख-कान आदि की झिल्ली; बाजे का स्वर निकालने का स्थान; विभाग या आड़ बनाने के लिए बनायी जानेवाली दीवार।

पर्दानशीन–जो पर्दे में हो।

पर्वर–पालन-पोषण करनेवाला; (समास में जैसे–गरीबपरवर–दीन-पोषक)।

पर्वरदिगार–प्रभु; पालन-पोषणकर्ता।

पर्वा–चाह; चिंता; गरज़।

पलक–आँख का पपोटा; क्षण; क्षणभर।

पल्ला–तराजू का पलड़ा; पदवी; सीढ़ी का डंडा; श्रेणी।

पशेमान–लज्जित; पछतानेवाला।

पशेमानी–लज्जा; पश्चात्ताप।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

पश्तो, पुश्तो, पख्तो, पुख्तो–अफ़ग़ानिस्तान की भाषा; एक राग।

पश्म–ऊन; पेड़ू के नीचे के बाल।

पश्मीना–बहुत बढ़िया ऊनी कपड़ा।

पसंद–रुचिकर; स्वीकृत; रुचि, इच्छा; स्वीकृति; पसंद करनेवाला, (समास में जैसे–हक़पसंद–सत्यप्रिय; पसंद आनेवाला, दिलपसंद–मनभाया, मनोनुकूल)।

पसोपेश, पस व पेश–दुविधा; टालमटोल; आगा-पीछा; भला-बुरा।

पस्त–नीचा; तुच्छ; हारा हुआ।

पहलवान–मल्ल; हृष्टपुष्ट; बलवान्।

पहलवी–ईरान की एक पुरानी भाषा।

पहलू–पार्श्व, बग़ल; कोख; दिशा; अंक; युक्ति, समीपता, गूढ़ अर्थ; मिष।

पाएदार–मजबूत, टिकाऊ, मुस्तक़िल।

पाक–पवित्र; शुद्ध।

पाकदामन–निष्पाप; सती।

पाकी–शुद्धता; पवित्रता; स्वच्छता।

पाकीज़ा–शुद्ध; पवित्र; स्वच्छ।

पाख़ाना–शौचालय; मल।

पाजामा, पैजामा–इज़ार।

पाजी–नीच; दुष्ट।

पादशाह–सम्राट्; बादशाह।

पाबंद–विवश; बाध्य; वचनबद्ध; समय या नियम पालनेवाला।

पाबंदी–बाध्यता; वचनबद्धता; समय आदि में नियमबद्धता।

पामाल–पददलित; दुर्दशाग्रस्त; चौपट, बर्बाद।

पाया–खंभा; पलंग का मचवा; आधार; नींव; पद; मान।

पारा–भाग; खंड; कण; एक धातु।

पार्सा–संयमी; इंद्रियनिग्रही; साधु-चरित; धर्मात्मा; सती साध्वी।

पार्साई–संयम, इंद्रियनिग्रह; धार्मिकता।

पार्सी–पारसी, ईरान देश के लोग और उनकी भाषा।

पालान–ज़ीन।

पाश–छिड़कनेवाला (समास में जैसे–गुलाबपाश–गुलाब छिड़कनेवाला; आबपाश–सिंचाई करनेवाला)।

पाशा–एक उपाधि जो तुर्की में बड़े अधिकारियों को दी जाती है; वज़ीर।

पासंग–पसंघा; तराज़ू ठीक करने के लिए हल्के पलड़े में डाली जाने-वाली चीज़।

पास–निकट; प्रहर, निरीक्षण; रक्षा; शीलसंकोच।

पासदारी–पक्षपात; तरफ़दारी।

पासबान–रक्षण करनेवाला, निरीक्षक।

पासबानी–रक्षण; निरीक्षण।

पिदर–पिता।

पिनहाँ–छिपा हुआ, गुप्त।

पिसर–पुत्र।

पिस्ता–एक प्रसिद्ध मेवा।

पीर–वृद्ध; सिद्ध; सोमवार।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

पील–हाथी ।

पीलबान–महावत ।

पुख़्ता–पक्का; मज़बूत; परिपक्व; टिकाऊ; निश्चित, जानकार, अनुभवी; पूरी उम्र का; ईंट आदि का बना हुआ ।

पुदीना–एक तेज सुगंधवाली वनस्पति ।

पुर–भरा हुआ; पूरा ।

पुर्ज़ा–टुकड़ा; चिट्ठी; काग़ज़ का टुकड़ा; मशीन का कोई खंड ।

पुर्सी–पूछना या खोज-खबर लेना; (समास में जैसे– मातम-पुर्सी यानी समवेदना-प्रकाश) ।

पुल–सेतु ।

पुलाव–गोश्त और चावल से पका एक भोज्य पदार्थ । बूँटपुलाव–चावल और हरा चना मिलाकर पका पदार्थ ।

पुश्त–पीठ; पिछाड़ी; सहायता; पीढ़ी ।

पुश्ती–सहायता; समर्थन; पालन-पोषण; मज़बूती; सहारा, टेक ।

पेच–चक्कर, लपेट; कुश्ती का दाँव; पेट का दर्द; जटिलता; धोखा; कठिनता; बाधा; कल ।

पेचदार–पेचवाला; उलझा हुआ ।

पेचिश–आमाशय में मरोड़ की बीमारी जिसमें आँव गिरती है ।

पेचीदा–पेचदार; कठिन; लिपटा हुआ ।

पेश–सामने, आगे; पहले; प्रस्तुत; उर्दू में 'उ' की मात्रा ।

पेशगी–बयाना; अग्रिम धन; पहले से ।

पेशगोई, पेशीनगोई–आगे की बात बताना, भविष्यवाणी ।

पेशतर–बहुत पहले; पूर्व; सबसे पहले ।

पेशवा–नेता, मुखिया; मराठों के मंत्री की उपाधि ।

पेशा–धंधा ।

पेशाब–मूत्र ।

पेशावर–व्यवसायी; प० पाकिस्तान का एक प्रसिद्ध नगर ।

पेशी–पेश होना; मुकदमे की सुनवाई ।

पैग़ंबर–ईश्वर का प्रेषित; अवतार ।

पैग़ाम–संदेश; समाचार; सगाई की बातचीत ।

पैज़ार–जूता (परंतु यह शब्द पुराने जूते के लिए प्रयुक्त होता है) ।

पैदा–उत्पन्न; घटित; प्राप्त; प्राप्ति ।

पैदाइश–उत्पत्ति; प्रादुर्भाव; प्राप्ति; उपज; प्रारंभ ।

पैदाइशी–जन्मजात; सहज ।

पैदावार–खेती की उपज; व्यवसाय की आय; माल की उत्पत्ति ।

पैमाना–नाप ।

पैरवी–अनुसरण; मुकदमे की देखरेख; प्रयत्न; खुशामद; आज्ञा-पालन ।

पैरौ, पैरव्–अनुयायी; पैरवी वाला ।

पोच, पूच–अधम; नीच; तुच्छ; निकम्मा; अश्लील; निरर्थक; अकुलीन; लंपट ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

पोचगो–व्यर्थभाषी।

पोचगोई–बकवास, मिथ्यावाद।

पोश–छिपानेवाला, (समास में जैसे–ऐबपोश–दोष छिपानेवाला; पहननेवाला, सुर्खपोश–लाल कपड़ा पहननेवाला)।

पोशाक–पहनावा, वस्त्र।

पोशीदगी–छिपाव, गोपन।

पोशीदा–छिपा हुआ; गुप्त।

प्याज़, पियाज़–कांदा।

प्यादा, पियादा–पैदल चलनेवाला; सिपाही; पैदल सैनिक; हरकारा; शतरंज का पैदल; पैदल।

प्याला, पियाला–पीने का छोटा बरतन; जल-पात्र।

फ

फंद–फाँस; मायाजाल; कपट; दुःख।

फ़क़–चेहरे की रंगत का विकार; चेहरे की रंगत उड़ जाना; सफेद फीका बदरंग।

फ़क़त–केवल; एकमात्र; समाप्त; इतिश्री।

फ़क़ीर–साधु; भिक्षुक; अकिंचन मनुष्य; नम्रता प्रदर्शन के लिए वक्ता अपने को भी बोलता है।

फ़क़ीरी–साधुता; भिखारीपन; अकिंचनता।

फ़ख़्र–गर्व; गौरव; घमंड; डींग।

फ़ज़ा–मैदान; वातावरण; शोभा।

फ़ज़ीहत–अपमान; दुर्दशा; बदनामी।

फ़ज्र–प्रभात; सबेरे की नमाज़।

फ़ज़्ल–अनुग्रह; कृपा, दया।

फ़त्ताह–खोलनेवाला; आज्ञापक; ईश्वर का एक नाम।

फ़त्वा–उचित अनुचित काम के संबंध में दी जानेवाली शास्त्रीय व्यवस्था।

फ़त्ह–विजय; सफलता।

फ़त्हमंद–विजयी; सफल।

फ़न–विद्या; कला, हस्तशिल्प; गुण; विशेषता; छल; इंद्रजाल।

फ़ना–विनाश; मृत्यु; लुप्त; नष्ट होना।

फ़नाफ़िल्लाह, फ़ना-फ़ी-अल्लाह–ईश्वर में विलीन, ईश्वर और जीवात्मा का अभेद होना (सूफ़ी मत)।

फ़राग़त–छुट्टी; छुटकारा; बेफ़िक्री; मलत्याग; समृद्धि; सुख; संतोष।

फ़रामोश–विस्मृत, भूलनेवाला (समास में जैसे–एहसान फ़रामोश–उपकार भूलनेवाला)।

फ़रार–भागना; छुप जाना; बहुत भागनेवाला।

फ़रारी–भागा हुआ; छुपा हुआ। अपराधी जो भाग गया हो या भागता फिरे।

फ़रेब–धोखा, कपट, छल; बहाना, ठगनेवाला, (समास में जैसे–दिलफरेब–दिल को ठगनेवाला; मन-मोहक)।

फ़रोख़्त–बिक्री।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

फ़रोश–बेचनेवाला, (समास में जैसे–मेवाफ़रोश–फल-विक्रेता)।

फ़रोशी–बेचना, (समास में जैसे–मेवा-फ़रोशी–फल विक्रय)।

फ़र्क़–अंतर, दूरी; भेद; कमी।

फ़र्ज़ंद–पुत्र।

फ़र्ज़–कर्तव्य; ईश्वरादिष्ट धार्मिक कर्तव्य; अनिवार्य ज़िम्मेदारी; वह नमाज़ जिसका क़ुरान में आदेश है।

फ़र्ज़ीं–शतरंज का एक मोहरा, वज़ीर।

फ़र्ज़ी–काल्पनिक।

फ़र्द–एक व्यक्ति; अकेला; बेजोड़; सूची; चिट्ठा; चादर।

फ़र्मांबरदार–अधीन; आज्ञाकारी सेवक।

फ़र्माइश–आज्ञा; आज्ञारूप माँग; चीज़ भेजने की आज्ञा।

फ़र्मान–सरकारी आदेश; आज्ञा।

फ़र्माना–आज्ञा देना; बोलना, कहना, (आदरार्थक प्रयोग, जैसे–फ़र्माइए–कहिए)।

फ़र्याद–सहायता के लिए पुकार; न्याय-याचना, आर्तनाद, शिकायत।

फ़र्राश–फर्श बिछानेवाला; तंबू लगाने-वाला; झाड़ू देनेवाला।

फ़र्राशख़ाना–तंबू और उसका सामान रखने का स्थान।

फ़र्श–समतल पक्की ज़मीन; बिछाना; ज़मीन पर बिछाने की चीज़; पृथ्वी-तल।

फ़लक–आकाश।

फ़लक़–सवेरे का उजाला; उषा।

फ़लाँ–अमुक।

फ़लातून–अफ़लातून का लघुरूप, प्लेटो, ग्रीक दार्शनिक।

फ़लाना–अमुक।

फ़लाह–कल्याण; उपकार; मोक्ष।

फ़ल्सफ़ा–दर्शनशास्त्र; ज्ञान।

फ़ल्सफ़ी–दार्शनिक।

फ़व्वारा–फुहारा; जलयंत्र; बहुत जोश-वाला।

फ़साद–टंटा-बखेड़ा; झगड़ा; दंगा।

फ़स्ल–पैदावार, उपज; मौसम।

फ़स्ली–मौसमी; अकबर का चलाया हुआ सन्, जिसका उपयोग माल-गुज़ारी आदि का हिसाब रखने में किया जाता था।

फ़हम–समझ; विवेक।

फ़ाइदा–लाभ, फ़ायदा।

फ़ाइदामंद–लाभदायक; फ़ायदामंद।

फ़ाइल–कर्ता।

फ़ाक़ा–निराहार।

फ़ाक़ाकश–निराहार रहनेवाला।

फ़ाजिर–दुश्चरित्र।

फ़ाज़िल–विद्वान्; स्नातक; अतिरिक्त; अधिक; शेष।

फ़ातिमा–हज़रत मुहम्मद साहब की बेटी, हज़रत अली की पत्नी और हज़रत हसन और हुसेन की माता।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

फ़ातिहा–आरंभ; क़ुरान शरीफ़ की पहली सूरत (प्रकरण)। परलोकगत जीव के लिए सूरे फ़ातिहा आदि पढ़ने की विधि।

फ़ानी–नाशवान्।

फ़ानूस–बड़ा कंदील; शीशे का पात्र जिसमें मोमबत्ती जलती है।

फ़ायदा–फ़ाइदा।

फ़ायदामंद–फ़ाइदामंद।

फ़ारख़ती–देखिये 'फ़ारिग़ख़ती'।

फ़ारिग़–निवृत्त; मुक्त; निश्चिन्त; अवकाशप्राप्त; जो अपना काम कर चुका हो।

फ़ारिग़ख़ती–ऋणमुक्ति-पत्र; तलाकनामा, विवाह-विच्छेद-पत्र।

फ़ार्सी, फ़ारिसी–ईरान की भाषा; ईरानी।

फ़ार्सीदां, फ़ारिसीदाँ–फारसी का ज्ञाता।

फ़ाश–प्रकट, स्पष्ट; खुला हुआ।

फ़ासिला–अंतर; भेद।

फ़ाहिश–लज्जाजनक।

फ़िक्र–चिन्ता; विचार; शंका, खटका; चिंतन; पर्वा; यत्न।

फ़िक़रा–वाक्य; मिष, बहाना; व्यंग्य, कटाक्ष; रीढ़ की गुरिया।

फ़िज़ा–(अशुद्ध शब्द) फ़ज़ा; शोभा, रौनक़।

फ़ित्ना–झगड़ा; उपद्रव; दुष्टता; विद्रोह; एक इत्र।

फ़ित्र–रोज़ा खुलवाना, रोज़ा खोलनेवाले लोग–इदुल्फ़ित्र यानी रोज़ा खोलने की ईद।

फ़ित्रत–प्रकृति; स्वभाव; उत्पत्ति; धूर्तता।

फ़िदा–आसक्त; न्योछावर।

फ़िद्या–क़ैदी को छुड़ाने के लिए ऐवज में दिया हुआ माल या रुपया; खून के बदले दिया जानेवाला धन; वह व्यक्ति जो किसीके बदले जान दे; ख़ैरात; ईद के दिन की ख़ैरात।

फ़िरंगिस्तान–यूरोप।

फ़िरंगी–यूरोपियन।

फ़िराक़–वियोग; धुन; चिन्ता; टोह।

फ़िरिश्ता–देवदूत; अत्यन्त सज्जन और सरल स्वभाव का मनुष्य।

फ़िर्औन–हज़रत मूसा के समय का राजा; बहुत घमंडी।

फ़िर्क़ा–जमात; पक्ष; सम्प्रदाय; जाति।

फ़िल्हाल–अभी, इस समय।

फ़ी–में, बीच; प्रति, पीछे। छल; त्रुटि।

फ़ीता–सूत या रेशम की पतली पट्टी।

फ़ीरोज़ा–एक प्रसिद्ध रत्न, हरित मणि।

फ़ील–पील–हाथी।

फ़ीलख़ाना–पीलख़ाना–हस्तिशाला।

फ़ीलबान, पीलबान–महावत।

फ़ीसदी–प्रतिशत।

फ़ीसबीलिल्लाह–ईश्वर के मार्ग में; ईश्वर के नाम पर; ईश्वर के लिए।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

फ़ुज़ूल–व्यर्थ, निरर्थक, निकम्मा ।

फ़ुज़ूलखर्च–अपव्ययी ।

फ़ुज़ूलखर्ची–अपव्यय ।

फ़ुर्क़ान–क़ुरान शरीफ़ (मूल अर्थ है सत्यासत्य में विवेक करनेवाला)।

फ़ुर्सत–अवकाश; संतोष; मुक्ति; छुटकारा ।

फ़ेल–काम, कर्म; क्रियापद ।

फ़ेलमुतअद्दी–सकर्मक क्रिया ।

फ़ेललाज़िम–अकर्मक क्रिया ।

फ़ेहरिस्त–सूची ।

फ़ैसला–निर्णय; निश्चय ।

फ़ौआरा, फ़व्वारा–फुहारा; जलयंत्र ।

फ़ौज–सेना ।

फ़ौजदार–सेनानायक; बादशाह आदि की सवारी में हाथी पर आगे बैठनेवाला; कोतवाल ।

फ़ौजी–सेना संबंधी; सैनिक ।

फ़ौरन्–तुरंत ।

फ़ौलाद–कड़ा और बढ़िया लोहा; लोहसार ।

फ़ौलादी–फ़ौलाद का बना हुआ; बहुत कड़ा या मज़बूत ।

ब

बंद–बंध, अंगों का जोड़; क़ैद, गाँठ, कुश्ती का पेंच; युक्ति, पद्य का टुकड़ा, सूचि, काग़ज़ का टुकड़ा; लाख की चपटी चूड़ी; रुका हुआ; बँधा हुआ; मिड़ा हुआ; जो खुलता न हो, कुंजी ताला लगा हुआ, जिसकी गति, क्रिया रुद्ध हो ।

बंदगी–दासता; आराधना; आज्ञापालन; प्रणाम; नम्रता ।

बंदर–समुद्रतट, जहाज़ रुकने ठहरने की जगह; बंदरगाह; बंदर ।

बंदरगाह–समुद्र-तट पर बसा हुआ नगर जहाँ जहाज ठहरते हैं ।

बंदा–दास; मनुष्य; विनय दिखाने के लिए वक्ता अपने लिए भी कहता है ।

बंदिश–बाँधने का काम; प्रतिबंध; गाँठ; रचना; उपाय; षड्यंत्र ।

बंदी–क़ैद करना; क़ैदी ।

बंदीख़ाना–कारागृह ।

बंदूक़–गोली चलाने का हथियार ।

बंदोबस्त–व्यवस्था; खेतों की नाप और उनका लगान तय करने का काम ।

बक़रीद–एक बड़ा मुस्लिम त्यौहार ।

बक़ाया–शेष; बाक़ी (बाक़ी का बहुवचन)।

बक्तर–कवच ।

बख़ूबी–अच्छी तरह से ।

बख़्त–भाग्य ।

बख़्शना–देना; क्षमा करना ।

बख़्शिश–देन, दान; पुरस्कार; क्षमा ।

बग़ल–काँख; पहलू; छोर; एक ओर ।

बग़ली–बग़ल का; एक ओर का ।

बग़ावत–विद्रोह; अशांति; अवज्ञा ।

बगीचा, बग़ीचा, बाग़चा–छोटा बाग़; फुलवारी ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

बग़ैर–विना।

बच्चा–शिशु; लड़का।

बजा–जो अपनी जगह हो; ठीक; उचित।

बजाज़–वस्त्र वणिक्, कपड़े का व्यापारी।

बजाय–के स्थान पर, बदले।

बतख़–हंस की जाति का एक जलपक्षी।

बद–बुरा; उत्पाती; अशुभ; दुष्ट; उपद्रवी।

बदअमनी–अशांति; उपद्रव; विद्रोह।

बदअमली–अशांति; अव्यवस्था; दुष्कर्म।

बदइंतज़ामी–कुप्रबंध, अव्यवस्था।

बदकार–कुकर्मी; व्यभिचारी।

बदकारी–कुकर्म; व्यभिचार।

बदचलन–दुश्चरित्र; व्यभिचारी।

बदतमीज़–असभ्य।

बदतर–अधिक बुरा।

बदतहज़ीब–असभ्य, असंस्कृत।

बददियानत–बेईमान, दुराशयी।

बदन–शरीर, तन।

बदनसीब–अभागा।

बदनाम–कुख्यात।

बदनामी–अपकीर्ति, लोकनिंदा।

बदनीयत–बेईमान; लोभी; दुराशयी।

बदफ़ेली–बुरा काम; लंपटता, व्यभिचार।

बदबख़्त–अभागा।

बदबू–दुर्गंध।

बदमज़ा–कुस्वाद।

बदमाश, बदमआश–दुष्कर्म से जीविका चलानेवाला, दुर्वृत्त; दुष्ट।

बदमिज़ाज–चिड़चिड़ा; बुरी प्रकृति का; क्रोधी।

बदल–परिवर्तन; पलटा; एवज़।

बदला–प्रतिकार; विनिमय; मुआवज़ा, प्रतिफल।

बदली–स्थानांतरण।

बदसूरत–कुरूप।

बदस्तूर–यथानियम; यथावत्, यथापूर्व।

बदहज़्मी–अजीर्ण।

बदी–बुराई।

बदौलत–द्वारा; कारण से; कृपा से।

बद्दू–बुरा; बदनाम; (बद्दू, बद्दू–जंगल में रहनेवाला अरब)।

बनाम–के नाम पर; के नाम से; के प्रति; के विरुद्ध; मुकदमे में अमुक बनाम अमुक।

बनिस्बत–अपेक्षा; तुलना में।

बनी–संतान (जैसे–बनी इस्राईल–यहूदी)।

बबर–सिंह।

बमूजिब–अनुसार।

बयान–कथन; वर्णन; विवरण; वक्तव्य; मुकदमे में वादी प्रतिवादी या साक्षी का कथन; अरबी फ़ारसी अलंकार शास्त्र।

बयाना, बैआना–पेशगी रक़म, साई।

बयाबान, बियाबान–वन, अरण्य, जंगल।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

बर–पर, ऊपर; बाहर, ले जानेवाला (समास में जैसे–रहबर–मार्गनेता)।

बरकत–बढ़ोतरी; प्रचुरता, लाभ; कृपा, प्रसाद; सौभाग्य; वृद्धि।

बरक़रार–स्थिर; जीवित; दृढ़; पुनर्नियुक्त।

बरख़ास्त–उठा हुआ; विसर्जित; समाप्त; हटाया हुआ।

बरख़िलाफ़–विरुद्ध, प्रतिकूल; प्रत्युत।

बरख़ुर्दार–भाग्यशाली, फूलाफला, पुत्र, संतान।

बर्ज़ख़–परस्पर विरुद्ध दो चीज़ों के बीच की तीसरी चीज़ जो दोनों से संपर्क रखे, (जैसे–बेहिश्त और दोजख़ के बीच का बर्ज़ख़)।

बरतरफ़–एक ओर, अलग; नौकरी आदि से अलग किया हुआ; पदच्युत।

बरदार–उठानेवाला, ढोनेवाला (जैसे–बारबरदार–भारवाहक)।

बरदाश्त–उठाना, सहन करना; सहनशीलता; जानवरों की देखभाल।

बरपा–खड़ा; उपस्थित।

बर्फ़–हिम, पाला, हिम में रखकर जमाया हुआ दूध, फलों का रस आदि; बहुत अधिक ठंडा; बहुत सफ़ेद।

बर्फ़ानी–बर्फ़ का; बर्फ़ से ढँका हुआ; बर्फ़ जैसा ठंडा।

बर्फ़ी–एक प्रसिद्ध मिठाई।

बराबर–समान; सदृश; इकट्ठे; क्रमबद्ध; लगातार; समीप; बारबार; समतल।

बराबरी–समता; धृष्टता, प्रतिस्पर्धा; उद्दंडता।

बर्बाद–उद्ध्वस्त; नष्ट; निर्जन; विकृत; व्यर्थ; व्यर्थ खर्च।

बर्बादी–उध्वंस; विनाश; बरबाद होने का भाव।

बरामद–बाहर आना; निकास; निर्यात; (बर–बाहर, आमद–आना)।

बरामदा–दालान।

बराय–वास्ते, लिए।

बरी–मुक्त; दोष-मुक्त।

बलंद, बुलंद–ऊँचा; प्रतिष्ठित; महान्; लंबा; अधिक।

बलंदी, बुलंदी–ऊँचाई; महानता; उत्कर्ष।

बलवाई–विद्रोही; उपद्रवी।

बला–आपत्ति; व्याधि; प्रेतबाधा; बहुत कष्ट देनेवाली वस्तु, व्यक्ति।

बल्कि–प्रत्युत, अपितु, अन्यथा; अच्छा हो कि (जैसे–बल्कि तुम कल आओ)।

बल्ग़म–कफ़, श्लेष्मा।

बल्वा–दंगा, विद्रोह; अशांति।

बशर्ते कि–इस शर्त से कि, यदि।

बस–पर्याप्त, बहुत; समाप्त; केवल; (आज्ञार्थ में) ठहरो, रुको।

बहरहाल–हर हालत में, हर प्रकार से।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

बहादुर–शूर; साहसी; निडर।

बहादुरी–शूरता; साहस; निर्भयता।

बहाना–मिष, धोखा; टालमटोल; अवसर; तुच्छ निमित्त; नाममात्र कारण।

बहार–वसंत; शोभा; खिलती हुई जवानी; विकास; मनोविनोद, आनंद, कौतुक; परिहास, नारंगी का फूल; एक राग।

बहाल–पूर्ववत्; कायम; चंगा; खुश।

बहर–महासमुद्र; नदी।

बहरी–समुद्री; नदी संबंधी।

बहस–वाद-विवाद; वाक्कलह; वकीलों का अपने पक्ष को युक्ति प्रमाण के साथ प्रस्तुत करना; मतलब, लगाव (जैसे–मुझे दूसरों से कोई बहस नहीं)।

बाँग–आवाज़; मुर्गे की आवाज़, नमाज़ की अज़ान।

बा-(प्र.)–साथ (जैसे–बाक़ायदा–नियमानुसार, नियमित, बाअसर–प्रभावशाली)।

बाइस–कारण; मूलकारण।

बाक़ी–शेष; विद्यमान्; न चुकाया हुआ, ईश्वर का एक नाम; एक संख्या को दूसरी संख्या से हटाने का गणित; घटाने से निकलनेवाली संख्या।

बाख़बर–सावधान; जानकार, अभिज्ञ।

बाग़–उद्यान।

बाग़बान–माली।

बाग़बानी–बाग़ का काम।

बाग़ाती–बाग के काम में आनेवाली ज़मीन (बाग़ात, बाग़ का बहुवचन)।

बाग़ी–विद्रोही।

बाग़ीचा–छोटा बाग़।

बाज़–श्येन पक्षी; पुनः; फिर; एक प्रत्यय जो अन्त में खेलनेवाला, व्यसनी या कर्ता का अर्थ देता है; जैसे–पतंगबाज़, जुवाबाज़; दग़ाबाज़।

बाज़ार–हाट।

बाज़ारी, बाज़ारू–बाज़ार से संबंधित; साधारण लोगों में प्रचलित, अशिष्ट।

बाज़ीगर–जादूगर, खेल तमाशा करनेवाला।

बाज़ीगरी–बाज़ीगर का काम; धोखा, चालाकी।

बाज़ू–बाहु; डैना; पंख; पहलू; सहायता; बल।

बातिन–भीतर; अंतःकरण।

बातिनी–भीतरी, आंतरिक।

बातिल–झूठ; खंडित; व्यर्थ।

बाद–पश्चात्, अनन्तर; छोड़ना, घटाना।

बाद–(प्र०)–हो, रहो अर्थ में प्रयुक्त (जैसे–ज़िंदाबाद–जीवित रहो)।

बादाम–बदाम, वाताम।

बादामी–बादाम से संबंधित, बादाम सदृश रंग या आकृति; बादाम से बनी चीज़।

बाद्शाह–राजा।

बाद्शाहत–राज्य, राजत्व।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

बाद्शाही—राजाका; राजोचित; राज्य; मनमाना व्यवहार।

बाब—द्वार; दरबार; पुस्तक का अध्याय; प्रकार; विषय, बात।

बाबत—विषय; लगाव; साधन; लिए; संबंध में, बारे में।

बाबा—पिता; दादा; नाना; बूढ़ा, साधू, संन्यासी, नायक आदि के लिए आदर-सूचक शब्द, बच्चों के लिए प्यार का शब्द।

बार—भार; आज्ञा; दफ़ा।

बारगीर—बोझ ढोनेवाला पशु या मनुष्य; साईस, घसियारा।

बारिश—वर्षा, वर्षाजल।

बारीक—पतली; सूक्ष्म; गूढ़।

बारीकी—पतलापन; सूक्ष्मता; गूढ़ता; सूक्ष्म गुण-दोष।

बारूद—शोरा; गंधक और शोरे का चूर्ण।

बारे में—संबंध में, विषय में।

बार्हा—बहुत बार।

बालिग़—वयस्क।

बावजूद—यद्यपि, अगरचे।

बावर्ची—रसोइया।

बावर्चीख़ाना—रसोईघर, पाकशाला।

बाशिंदा—निवासी।

बाहम—परस्पर; इकट्ठे, मिलकर।

बिचारा—सीधा-सादा; भोला; ग़रीब; दरिद्र, दीन।

बिज़न—वध की आज्ञा; क़त्लेआम, अंधाधुंध हत्या; मार, क़तल करे।

बिन—पुत्र, संतान।

बिरादर, बरादर—भाई; बंधु, स्वजन, जातिबंधु, व्यवसाय-बंधु, धर्मबंधु।

बिरादराना, बरादराना—बंधुवत्।

बिरादरी, बरादरी—बंधुता; भाईबंदी।

बिलकुल—निपट, सर्वथा; समस्त; पूर्णतया।

बिला—विना, बग़ैर।

बिलौर, बिल्लौर—स्फटिक, एक मूल्यवान् शीशा।

बिलौरी, बिल्लौरी—बिल्लौर का बना हुआ; बिल्लौर-सी चमकवाला।

बिल्- (प्र०)—से, साथ; लिए; द्वारा।

बिसात—फैलाव; फैलायी, बिछायी जाने-वाली चीज़ दरी आदि; स्तर; साहस; सामर्थ्य; पूँजी; हैसियत; शतरंज का तख़्ता।

बिस्तर, बिस्तरा—बिछौना।

बिस्मिल—घायल, जख़्मी।

बिस्मिल्लाह—अल्लाह के नाम के साथ (प्रारंभ करता हूँ)।

बिस्मिल्लाह करना—प्रारंभ करना।

बिहिश्त, बेहिश्त—स्वर्ग; स्वर्गोपम स्थान।

बी—प्रतिष्ठित महिला, बीबी का लघु-रूप; आदरार्थक संबोधन; गृह-स्वामिनी; बड़ी बूढ़ी।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

बीबी–कुलीन स्त्री; पत्नी; गृह-स्वामिनी; नेक औरत, सु-कन्या; बड़ी-बूढ़ी, बहन, ननद।

बीमा–इन्श्योरेंस।

बीमार–अस्वस्थ।

बीमारदारी–रोगी की सेवा-शुश्रूषा; रोगी का हाल पूछना।

बीमारपुर्सी–रोगी की सेवा-शुश्रूषा; रोगी का हाल पूछना।

बीमारी–रोग; लत; झंझट।

बुख़ार–भाप; ज्वर; क्रोध; द्वेष।

बुख़्ल–कंजूसी, कृपणता।

बुज़ुर्ग–श्रेष्ठ; वयोवृद्ध; पूर्वज; पुण्यात्मा; (व्यंग्य–) धूर्त; उत्पाती।

बुज़ुर्गी–बड़प्पन, बड़ाई; सम्मान; महात्मापन।

बुज़्दिल–डरपोक (बुज़–बकरी, दिल–मन)।

बुज़्दिली–कायरता।

बुत–मूर्ति; माशूक।

बुत्परस्त–मूर्तिपूजक।

बुत्परस्ती–मूर्तिपूजा।

बुत्शिकन–मूर्तिभंजक।

बुन्याद, बुनियाद–नींव; मूल; आरंभ।

बुन्यादी, बुनियादी–मौलिक; आधारभूत; प्रारंभिक।

बुर्क़ा–मुँह छिपाने के लिए सिरसे पाँव तक एक लंबा पहनावा; मुखपट।

बुर्ज–मीनार; गुंबद, मंडप; राशि।

बुलंद, बलंद–ऊँचा, महान्।

बुलंदी, बलंदी–ऊँचाई; उत्कर्ष; महानता।

बुल्बुल–काले रंग की अत्यंत मधुर स्वरवाली छोटी चिड़िया, गोवत्सक।

बू–गंध; लक्षण; रहस्य, सुनगुन।

बेइंतिहा–असीम।

बेइंसाफ़–अन्यायी।

बेइज़्ज़त–प्रतिष्ठारहित; अपमानित।

बेइज़्ज़ती–अप्रतिष्ठा; अपमान।

बेईमान–अनाचारी; झूठा; अविश्वसनीय; अधर्मी।

बेक़ायदा–असंबद्ध; नियम विरुद्ध।

बेकार–निठल्ला; निकम्मा; निरर्थक; बेरोज़गार।

बेकारी–बेरोज़गारी।

बेख़बर–अनजान; लापर्वा; असावधान; बेसुध।

बेगम–रानी; पत्नी; स्त्रियों के लिए आदर सूचक संबोधन।

बेग़म–निश्चिंत।

बेग़मी–निश्चिंतता।

बेग़रज़–निःस्वार्थ।

बेगाना–पराया; अपरिचित।

बेगार–ज़बरदस्ती और बिना मज़दूरी दिये लिया जानेवाला काम, विष्टि; वह काम जो मन लगाकर न किया जाय।

बेगारी–बेगार करनेवाला; बेगार टालनेवाला।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

बेगुनाह—निरपराध ।
बेचारा—दरिद्र; असहाय; विवश; निरुपाय; अभागा ।
बेचैन—व्याकुल; परेशान ।
बेजा—अनुचित; असंगत ।
बेज़ार—दुःखी; परेशान; ऊबा हुआ; विमुख, तंग आया हुआ ।
बेतरह—बेढब; बुरी तरह; बहुत अधिक ।
बेदख़ल—जिसका क़ब्जा या अधिकार हटा दिया गया हो, अधिकार-च्युत ।
बेदख़ली—क़ब्जे को हटाया जाना ।
बेदार—जाग्रत; चौकन्ना ।
बेदारी—जागरूकता ।
बेपर्वा—निश्चिंत; निस्पृह; निडर ।
बेफ़िक्र—निश्चिंत; निडर; अदूरदर्शी ।
बेबस—विवश; असहाय ।
बेबाक—निडर, ढीठ ।
बेबाक़—पूरा चुकानेवाला; पूरा चुकाया हुआ; ऋणमुक्त ।
बेरून—बाहर ।
बेरूनी—बाहर का ।
बेलचा—फावड़ा; फावड़े के आकार का एक खोदने का औज़ार जिसका दस्ता सीधा होता है ।
बेवक़ूफ़—मूर्ख, नासमझ ।
बेवक़ूफ़ी—मूर्खता, नासमझी ।
बेवा—विधवा ।
बेश—अधिक; बहुत ।
बेशक—निस्संदेह, ज़रूर ।
बेशक़ीमत—बहुमूल्य, मूल्यवान् ।
बेशी—अधिकता; लाभ ।
बेहतर, बिहतर—अधिक अच्छा; स्वीकृति सूचक बहुत अच्छा ।
बेहतरी, बिहतरी—भलाई, हित ।
बेहतरीन, बिहतरीन—सबसे अच्छा ।
बेहया—निर्लज्ज ।
बेहयाई—निर्लज्जता ।
बेहाल—अचेत; व्याकुल; मरणासन्न; दुर्दशाग्रस्त ।
बेहिश्त, बिहिश्त—स्वर्ग, स्वर्गोपम स्थान ।
बेहिसाब—असंख्य, अमित ।
बेहूदगी—अश्लीलता; असभ्यता ।
बेहूदा—व्यर्थ; निष्प्रयोजन; असभ्य; दुःशील, अश्लील ।
बेहोश—अचेत; मूर्च्छित ।
बेहोशी—अचेतपन; मूर्च्छा ।
बैन—(प्र.) बीच, मध्य, दरमियान ।
बोरिया—छोटा बोरा; खजूर के पत्तों की चटाई; मंदुरा ।
बोस्ताँ—उद्यान, वाटिका; शेख़सादी की प्रसिद्ध पुस्तक ।

म

मंज़िल—पड़ाव; गन्तव्य; एक दिन की यात्रा; मकान, मकान का खंड; छत; नक्षत्र; लंबी यात्रा, पांथशाला, चट्टी ।
मंज़ूर—दृष्टिगत; स्वीकृत; रुचिकर ।
मंज़ूरी—स्वीकृति, मंज़ूर होना ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

मंशा—उद्देश्य, अर्थ; इच्छा; कारण; मनोरथ ।

मआश—आजीविका, रोज़ी; ज़मीन या जागीर जो किसी काम के इनाम-स्वरूप मिले ।

मकान—घर; स्थान ।

मक्का—अरब की राजधानी, यहीं मुसलमान हज के लिए एकत्र होते हैं। हज़रत मुहम्मद का जन्मस्थान । काबा इसी नगर में है ।

मक़दूर—शक्ति, सामर्थ्य; साहस; समाई; धन; बस ।

मक़बरा—वह इमारत जिसमें क़ब्र हो ।

मक़सूद—उद्दिष्ट; उद्देश्य; इच्छा ।

मख़मल—मोटा रंगीन नरम और रोएँदार कपड़ा ।

मख़लूक़—जो पैदा किया गया हो, सृष्टि; प्राणी ।

मगर—किंतु, लेकिन; घड़ियाल ।

मग़ज़—भेजा, दिमाग़; गिरी, सारभाग; बुद्धि; निष्कर्ष ।

मग़रिब—अस्ताचल, पश्चिम ।

मग़रिबी—पश्चिमी, पाश्चात्य ।

मग़रूर, मग़रूरी—घमंड, घमंडी ।

मज़ा—स्वाद; आनंद; तमाशा; दंड ।

मज़ाक़—हँसी, विनोद, रुचि; प्रवृत्ति; रसिकता; सहृदयता ।

मज़ाक़िया—हँसोड़; विनोदी; परिहास-पूर्ण; मज़ाक में ।

मज़ार—दरगाह; किसी पीर फ़क़ीर की क़ब्र ।

मजाल—शक्ति; साहस; सामर्थ्य ।

मजीद—पूज्य, प्रतिष्ठित, जैसे—क़ुरानमजीद

मज़ीद—अतिरिक्त; अधिक; और भी ।

मज़ेदार—स्वादिष्ट; बढ़िया; आनंद-दायक; मनोरंजक ।

मज़दूर—श्रमिक ।

मज़दूरी—श्रम; पारिश्रमिक ।

मज़बूत—दृढ़; निश्चित; शक्तिशाली; तगड़ा; टिकाऊ ।

मज़बूती—दृढ़ता; निश्चय; बल; तगड़ापन; स्थायित्व ।

मजबूर—विवश; बाध्य; असहाय; दरिद्र ।

मजबूरन्—मजबूर होकर ।

मजबूरी—विवशता; असहायता ।

मजमा—भीड़; सभा ।

मज़मून—विषय; निबंध; लेख; लेख में निबद्ध भाव; दशा ।

मजलिस—सभा; गोष्ठी; समिति; संघ ।

मज़लूम—पीड़ित ।

मज़हका—हँसी; ठठ्ठा; अपमान; निंदा ।

मज़हब—धर्म; पंथ; मत ।

मज़हबी—धार्मिक; धर्मसंबंधी ।

मतलब—उद्देश्य; अर्थ; प्रयोजन; इच्छा; संबंध; स्वार्थ ।

मद—एक स्वर चिह्न; ज्वार; विभाग, खाता; शीर्षक; खाना; पेटा; कोई एक रक़म या बात ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

मदद–सहायता; आश्रय।

मदद्गार–सहायक; आश्रयदाता।

मदारी–जादूगर।

मदीना–नगर; अरब का एक प्रमुख नगर जहाँ हज़रत मुहम्मद का मज़ार है।

मद्रसा–पाठशाला।

मना–निषिद्ध, वर्जित; रोकना।

मनाही–रोक, निषेध।

मन्सूख़–ख़ारिज, रद्द।

मन्सूर–विजेता; नवीं शताब्दी के सुप्रसिद्ध शहीद मुसलमान संत।

मफ़्ऊल–कर्मी; जिस पर क्रिया का प्रभाव पड़े, दूसरा 'कर्म' कारक।

मब्नी–निर्भर; आधारित; अव्यय।

मरम्मत–टूटी-फूटी चीज़ की दुरुस्ती; सुधार; पिटाई।

मरीज़–रोगी।

मर्कज़–केन्द्र; परिधि का मध्यबिंदु; मुख्य-स्थान।

मर्ज़–रोग; दुःख; लत।

मर्ज़ी–ख़ुशी; स्वीकृति, इच्छा; रुचि; आदेश; अनुज्ञा।

मर्द–पुरुष; पति; शूर; साहसी।

मर्दानगी–पौरुष; बहादुरी।

मर्दुमशुमारी–जनगणना।

मर्बूत–जिसका अभ्यास या संपर्क हुआ हो, क्रमबद्ध; प्रसंगयुक्त।

मर्यम–कन्या; पवित्र; सती; हज़रत ईसा की माता।

मर्रा–एक बार; एक दफ़ा; प्रत्येक; जैसे–रोज़मर्रा–प्रतिदिन।

मर्हम–घाव पर लगाने का लेप, घाव की दवा, मलहम।

मर्हूम–माफ़ किया हुआ; स्वर्गीय, जन्नत-नशीन।

मलामत–झिड़की; फटकार।

मलूल–उदास; दुःखित।

मल्लाह–केवट; नमक बनानेवाला (मिल्ह–नमक)।

मशक़्क़त–कष्ट; परिश्रम; तपस्या।

मशाल–एक लंबी लकड़ी या लोहे की छड़ के सिरे पर कपड़ा लपेटकर बनायी हुई मोटी बत्ती जिसे तेल से तर करके जलाते हैं।

मशालची–मशाल दिखानेवाला।

मश्क़–अभ्यास।

मश्ग़ूल–कार्यरत; कार्यप्रवृत्त।

मश्रिक़–पूर्व; उदयाचल।

मश्वरा–सलाह, परामर्श।

मसलन्–उदाहरणार्थ।

मसवदा–देखिये मुसव्वदा, मुसवद्दा।

मसीह–हज़रत ईसा; ख़ीष्ट।

मसीहा–हज़रत ईसा; ख़ीष्ट; मृत को जीवित करनेवाला।

मस्ख़री–मस्ख़रगी।

मस्ख़रगी–मस्ख़रापन; हँसी, ठट्ठा; हँसोड़पन।

मस्जिद–नमाज़ पढ़ने की जगह।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

मस्त—नशे में चूर; कामातुर; आत्मविस्मृत; बेपर्वा; प्रसन्न, निस्पृह।

मस्ताना—मस्त; मस्तकी तरह।

मस्ती—नशा; कामवेग; गर्व; मद; आत्मविस्मृति; प्रसन्नता; निस्पृहता।

मस्नद—गद्दी; बड़ा तकिया।

मस्नवी—उर्दू फ़ारसी पद्य का एक प्रकार जिसमें कोई कहानी या उपदेश एक ही वृत्त में होता है।

मस्रूफ़—खर्च किया गया; काम में लगा हुआ; कार्यरत।

मस्ला—समस्या, प्रश्न।

महल—घर, स्थान; प्रासाद; अवसर; पत्नी, जैसे—दूसरे महल से दो बेटे हैं।

महल्ला—शहर या क़स्बे का एक भाग, टोला; टोले के लोग।

महाल—तहसील से छोटा भू-विभाग।

महकमा—हुक्म करने की जगह, न्यायालय; सरकारी विभाग।

महज़—केवल, सिर्फ़; शुद्ध।

महताब—चांद, चांदनी।

महदूद—सीमित।

महफ़ूज़—सुरक्षित, निरापद।

महबूब—बहुत प्यारा; प्रेम-पात्र।

महरूम—निषिद्ध, वंचित; विहीन; निराश, अभागा, असफल।

महसूल—प्राप्त किया हुआ; कर, राजस्व; किराया।

महसूस—ज्ञात; अनुभूत, प्रतीत; प्रकट।

मांदगी—थकावट; आलस्य; रोग।

मांदा—थका हुआ, बीमार, बचा हुआ (समास में बाकी मांदा—बचा हुआ)।

माक़ूल—बुद्धिग्राह्य; उचित; अच्छा; पर्याप्त; समझदार; शिष्ट।

माज़ी—विगत; भूतकाल; अतीत।

मातबर, मोतबर—विश्वासपात्र।

मातम—आपत्ति; दुःख, विलाप, मृत्यु-शोक।

मातहत—आज्ञाधीन; पराधीन; अधीन कर्मचारी; सहकारी।

मादर—माता।

मादरी—माता का; माता संबंधी; जन्म-सिद्ध।

मादरी ज़बान—मातृभाषा।

मादा—स्त्री-प्राणी।

माद्दा—मूल पदार्थ; योग्यता; विवेक; ज्ञान, मूल; प्रकृति; पीप।

मानिंद—समान, सदृश।

मानी—अर्थ; हेतु (बहुवचन में व्यवहृत)।

माफ़, मुआफ़—क्षमित, क्षमा प्राप्त।

माफ़ी, मुआफ़ी—क्षमा।

मामला—देखिये मुआमला।

मामूर—भरा हुआ, परिपूर्ण।

मामूल—जिस पर अमल किया जाय; नित्य नियम; रीति; दस्तूरी; वह व्यक्ति जिस पर मिस्मेरिज्म या हिप्नाटिज्म किया जाय।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

मामूली–रोज़ होनेवाला; साधारण; जिसकी प्रथा हो।

मायूस–निराश।

मायूसी–निराशा।

मारिफ़त, मार्फ़त–द्वारा; अध्यात्म विषयक रचना; अध्यात्म-ज्ञान; ज्ञान; परिचय।

माल–धन-संपत्ति; सामान; बहुमूल्यवान् वस्तु; सामग्री; राजस्व; सुस्वादु व्यंजन; वस्तु; महत्त्व, (जैसे–कुछ माल न समझना)।

मालगुज़ार–मालगुज़ारी अदा करनेवाला, ज़मींदार (मध्य प्रदेश)।

मालगुज़ारी–भूमिकर।

मालदार–धनी।

मालमत्ताअ–धन-दौलत।

मालामाल–समृद्ध; भरपूर।

मालिक–स्वामी; पति; ईश्वर।

मालिकियत, मालिकी–स्वामित्व।

मालिश–मर्दन; मतली आना।

माली–आर्थिक, माल सम्बन्धी।

मालूम–ज्ञात; स्पष्ट; प्रकट; प्रसिद्ध।

मालूमात–जानकारी।

माशूक़–प्रेमपात्र।

मासूम–निर्दोष; निष्पाप; कलुषरहित।

माह–चांद; महीना।

माहवार–मासिक।

माहिर–निपुण; विशेषज्ञ; अभ्यस्त; चतुर।

माहीयत–तत्त्व; वास्तविकता; गुण, प्रकृति; विवरण।

मिक़्दार–परिमाण, माप-तोल; मात्रा; माप-तोल का अंदाजा।

मिज़ाज–स्वभाव; गुण; मन की अवस्था; प्रकृति; घमंड; नखरा।

मिन्नत–विनती; चापलूसी; उपकार; कृतज्ञता।

मियाद–देखिये 'मीआद'।

मियाँ–सरदार, नायक; मालिक; पति; शिक्षक; मालिक का बेटा; दूत; मुसलमान; सम्मानित जन का संबोधन; बच्चों का संबोधन, पहाड़ी राजपूतों की उपाधि।

मिर्ज़ा–अमीर का लड़का; राजकुमार; सुकुमार व्यक्ति; मुग़ल जाति का व्यक्ति, शाही खानदान के लोगों की उपाधि।

मिलकीयत, मिलकिय्यत–स्वामित्व की चीज़, जायदाद, संपत्ति, स्वामित्व।

मिल्लत–धर्म; जाति; समूह।

मिसाल–दृष्टांत; उदाहरण; प्रतिकृति; आदर्श; आदेशपत्र; समान।

मिस्कीन–कंगाल, दीन; विनम्र; सरल।

मिस्र–ईजिप्त देश।

मिस्रा–पद्य का चरण।

मिस्री–मिस्र देश का; मिस्र देश का निवासी और उसकी भाषा; साफ करके कूजे या थाल में जमायी हुई चीनी।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

मीआद–कार्य विशेष के लिए नियत समय, अवधि, ; दंड की अवधि ।

मीज़ान–जोड़; तराज़ू; तुला राशि ।

मीनाकारी–सोने-चांदी पर किया जानेवाला जड़ाऊ काम; बड़ी बारीकी ।

मीनार–लंबी लाट; स्तंभ रूप में बनी हुई ऊँची इमारत; मस्जिद में अजान देने, रास्ते में घड़ी दिखाने या जहाजों को रास्ता दिखाने के लिए बने हुए ऊँचे स्तंभ ।

मीर–(अमीर का लघुरूप) अग्रगण्य; नेता; मुखिया; सैय्यदों की उपाधि; प्रतियोगिता में आगे बढ़ जानेवाला ।

मीरास–बपौती; वह ज़मीन आदि जो सेवक को उसकी गुजर-बसर के लिए दी जाय ।

मीलाद–जन्म का समय; हज़रत मुहम्मद के जन्म दिन के उपलक्ष्य में होनेवाली कथा की सभा ।

मुअज़्ज़िन–मस्जिद में अजान देनेवाला ।

मुअत्तल, मोअत्तल–बेकार; अस्थायी रूप से पदच्युत (कर्मचारी) ।

मुअन्नस, मोअन्नस–स्त्रीलिंग ।

मुआफ़–क्षमित, क्षमा प्राप्त ।

मुआफ़िक़, मुवाफ़िक़–अनुकूल; मिलता-जुलता; उचित; मित्र ।

मुआमला–कामकाज; लेनदेन; काम, घटना; समझौता; झगड़ा, मुक़दमा, विषय, बरताव ।

मुआवज़ा–वस्तु का मूल्य; क्षतिपूर्ति ।

मुक़द्दमा–वाद; दावा; ग्रंथ की भूमिका; प्राक्कथन ।

मुक़द्दस–पवित्र ।

मुकम्मल–संपूर्ण; सर्वांगपूर्ण; समाप्त ।

मुकर्रर–द्विरुक्त; दोबारा कहना ।

मुक़र्रर–नियुक्त; नियत; अवश्य ।

मुक़ाबला–आमना-सामना; बराबरी; प्रतियोगिता; लड़ाई; मुठभेड़, विरोध; मिलान ।

मुक़ाम–स्थान, पड़ाव; अवसर; प्रतिष्ठा ।

मुक़ामी–स्थानीय ।

मुख़ालिफ़–विरोधी; शत्रु ।

मुख़ालिफ़त–विरोध; शत्रुता ।

मुख़्तलिफ़–विभिन्न; विसदृश, अन्य; कई तरह का; पृथक् ।

मुख़्तसर–संक्षिप्त; छोटा; थोड़ा ।

मुख़्तार–स्वतंत्र; स्वच्छंद; अधिकार प्राप्त; व्यक्ति विशेष के प्रतिनिधि रूप में कार्य करने का अधिकारी; कलक्टरी और तहसील का छोटा वकील ।

मुख़बिर–जासूस; खबर देनेवाला ।

मुग़ल–एक मुसलमान वंश, तातारी ।

मुचल्का–कोई खास काम करने या नियत तिथि पर उपस्थित होने का प्रतिज्ञापत्र, जिसका पालन न होने पर प्रतिज्ञा करनेवाला निर्धारित द्रंड देना स्वीकार करता है ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

मुज़क्कर—पुरुष-प्राणी; पुल्लिंग।

मुज्रिम—अपराधी।

मुतअल्लिक़, मुताल्लिक़—संबंधित; विषय में; नौकर।

मुतअस्सिर, मुतास्सिर—प्रभावित।

मुतसद्दी—हिसाब लिखनेवाला; लेखक; गुमाश्ता, लिपिक, प्रबंधकर्ता।

मुताबिक़—अनुसार; सदृश, बराबर।

मुत्तफ़िक़—सहमत; एकमत।

मुदर्रिस—शिक्षक।

मुद्दआ—जिसका दावा किया गया हो, अर्थ, अभिप्राय, उद्देश्य; तात्पर्य; स्वार्थ।

मुद्दई—वादी; दावेदार; शत्रु।

मुद्दत—अवधि; स मय; विलंब।

मुन्किर—इन्कार करनेवाला; कृतघ्न; नास्तिक।

मुनक़्क़ा—जिसका पेट साफ़ कर दिया गया हो; सूखा अंगूर; इसे मुनक़्क़ा इसलिए कहते हैं कि बीज निकाल कर इसका पेट साफ़ कर दिया जाता है; शुद्ध, निर्मल।

मुनादी—पुकारनेवाला, ढिंढोरा पीटनेवाला; ढिंढोरा, घोषणा।

मुनाफ़ा—लाभ।

मुनासिब—योग्य; पात्र।

मुनीम—हिसाब आदि लिखनेवाला; सहायक।

मुन्तज़िम—प्रबंधक, व्यवस्थापक।

मुन्तज़िर—प्रतीक्षक।

मुन्शी—सुंदर भाषा और सुंदर अक्षर लिखनेवाला; लिपिक, गद्य लेखक।

मुफ़ीद—उपयोगी; लाभदायी।

मुफ़्त—बिना मूल्य; व्यर्थ; नष्ट; अकारण; बिना परिश्रम।

मुफ़्ती—फतवा देनेवाला; इस्लामी क़ानून के अनुसार आज्ञा देनेवाला।

मुफ़्लिस—निर्धन; दरिद्र।

मुबारक—जिससे बरकत हो; शुभ; सौभाग्यशाली, शुभ सूचना; धन्यवाद, बधाई।

मुबारकबाद—बधाई, शुभकामना; मुबारक हो, खुदा बरकत दे; शुभ सूचना।

मुब्तला—फँसा हुआ; ग्रस्त।

मुम्किन—संभव; शक्य।

मुम्तहन—जिसकी परीक्षा ली जाय, परीक्षित।

मुम्तहिन—परीक्षक।

मुयस्सर—आसानी से मिलनेवाला; उपलब्ध; प्रस्तुत।

मुरब्बा—पगा हुआ मेवा।

मुरब्बा—समकोण चतुर्भुज; वर्ग क्षेत्र; वर्ग।

मुरब्बी—पालन करनेवाला, रक्षक; संरक्षक, अभिभावक; सहायक।

मुरव्वत—शीलसंकोच; उदारता; सौजन्य।

मुराद—कामना; अभीष्ट; उद्देश्य; मानता।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuyan Vani Trust Donations

मुराफ़ा—अपील, पुनर्न्याय प्रार्थना।
मुरीद—चेला; धर्म गुरु का अनुयायी।
मुर्ग़ी—कुक्कुटी।
मुर्दा—मृत्; मृतवत्; अतिदुर्बल; सूखा; खिन्न; शव।
मुर्शिद—सन्मार्ग बतानेवाला; गुरु; श्रेष्ठ; (व्यंग्य–) धूर्त।
मुलम्मा—चमकाया हुआ; चांदी या सोने का पानी चढ़ाया हुआ, चांदी सोने का पानी जो दूसरी धातु पर चढ़ाया जाय; गिलट, कलई; मुलम्मा का काम; दिखावा।
मुलाक़ात—भेंट; परिचय; मेल मिलाप।
मुलाज़िम—अनुचर, सेवक; कर्मचारी।
मुलायम—नरम, कोमल; सुकुमार; अनुकूल।
मुल्क—देश; राज्य; क्षेत्र; जन्मभूमि।
मुल्की—देशी; देशनिवासी; शासन प्रबंध संबंधी; असैनिक।
मुल्ज़म—अभियुक्त, जिस पर कोई अपराध लगाया गया हो।
मुल्ज़िम—अपराध लगानेवाला; किसी चीज़ को अपने लिए आवश्यक माननेवाला।
मुल्तवी—रुकनेवाला, रुका हुआ।
मुवक्किल—वकील करनेवाला; मुकदमे का काम सौंपनेवाला।
मुशाइरा, मुशाअरा—कविता पाठ की सभा; कविगोष्ठी; कवि सम्मेलन।
मुश्किल—कठिनाई; क्लिष्टता; कठिन; क्लिष्ट।
मुश्त—मुट्ठी; मुक्का; मुट्ठी भर चीज़; थोड़ा-सा।
मुश्तरका—साझे का; संयुक्त।
मुसन्निफ़—लेखक, रचयिता, ग्रंथकार।
मुसलमान—इस्लाम धर्म का अनुयायी।
मुसलमानी—मुसलमान संबंधी; खतना, (सुन्नत)।
मुसव्वदा—पुस्तक आदि का मूल लेख; दुहराने के लिए लिखित अशोधित लेख, खर्रा; विषय, योजना।
मुसाफ़िर—यात्री; गरीब यात्री; परदेशी।
मुसाफ़िरख़ाना—सराय, चट्टी, धर्मशाला।
मुसाफ़िरी—प्रवास; परदेश।
मुसीबत—कष्ट; खेद, विषाद; संकट; विपत्ति।
मुस्तक़बिल—भावी; भविष्य, भविष्यत्काल।
मुस्तक़िल—दृढ़; स्थायी; निरंतर।
मुस्तक़ीम—सीधा, सरल।
मुस्तैद—तैयार; तत्पर; चुस्त।
मुस्लिम—मुसलमान; परमात्मा का शरण गया हुआ।
मुस्लिह—सुधारक।
मुहब्बत—प्रेम; मित्रता; ममता; कृपा।
मुहम्मद—अतिप्रशंसित; इस्लाम धर्म के प्रवर्तक हज़रत मुहम्मद साहब का शुभनाम।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

मुहर्रम–निषिद्ध; अरबी वर्ष का पहला महीना जिसकी दसवीं तारीख़ को इमाम हुसैन शहीद हुए; चूँकि इस्लाम से पहले अरब में इस महीने में रक्तपात धार्मिक रूप में हराम–निषिद्ध–था, इसलिए इस महीने का यह नाम पड़ा है।

मुहर्रिर–लेखक; लिपिक; वकील आदि का मुंशी।

मुहाजिर–घरबार छोड़कर दूसरे देश में रहनेवाला; पुरुषार्थी; शरणार्थी।

मुहावरा–साधारण बोलचाल; लाक्षणिक या क्वचित् व्यंग्यार्थ में रूढ वाक्य या प्रयोग; अभ्यास।

मुहिम–कठिन या भारी काम; युद्ध, सैनिक आक्रमण; अभियान।

मुहैया–एकत्र; उपस्थित; उपार्जित; तैयार; उपलब्ध।

मुहताज–जिसे किसी चीज़ का अभाव और आवश्यकता हो; चाह रखनेवाला; ग़रीब; दूसरे पर आश्रित; विवश।

मेअ्राज, मेराज–सीढ़ी; ऊपर चढ़ने का साधन; हज़रत मुहम्मद का आस्मान पर जाकर साक्षात्कार करना; प्रारोहण।

मेज़–भोज की सामग्री; वह चौकी जिस पर रखकर खाना खाते हैं। ('टेबुल' के अर्थ में यह शब्द फ़ारसी अरबी नहीं बल्कि पुर्तगाली है)।

मेज़बान–आतिथ्य करनेवाला; भोज करानेवाला; आतिथेय।

मेज़बानी–आतिथ्य, भोज।

मेमार–इमारत का बनानेवाला, राज, थवई।

मेवा–फल; सुखाया हुआ फल।

मेहतर–अधिक बड़ा; नायक; चित्राल के नबाब की उपाधि; भंगी।

मेहनत–परिश्रम; कष्ट।

मेहनताना–पारिश्रमिक।

मेहनती–परिश्रमी।

मेहमान–अतिथि।

मेहर–प्रेम; दया; अनुग्रह; फ़ारसी वर्ष का सातवाँ महीना।

मेहरबान–कृपालु, प्रीति रखनेवाला।

मेहरबानी–कृपा, अनुग्रह; प्रीति।

मै–मदिरा, मद्य।

मैकदा, मैख़ाना–मदिरालय।

मैदा–बारीक छना हुआ आटा, समिता।

मैदान–क्रीडांगण; रणभूमि, बड़ी खुली जगह; समतल भूमि; कार्यक्षेत्र।

मैदाने जंग–लड़ाई का मैदान।

मैदाने हश्र–क़ियामत का मैदान।

मोज़ा–पाव में पहनने का बुना हुआ कपड़ा, पायताबा।

मो'तदिल–समशीतोष्ण; संतुलित।

मोम–मधूच्छिष्ट; माक्षिकज; सिक्थ।

मोमिन–ईमानदार; निष्ठावान्; निष्ठावान् मुसलमान, मुसलमान जुलाहा।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

मोर्चा—किले के रक्षणार्थ या लड़ाई के सुभीतेके लिए खोदी हुई खाई आदि; उसमें रहनेवाली सेना; जंग, मैल।

मोहर, मुहर—मुद्रा; छाप; अंगूठी, अशरफ़ी।

मोहलत, मुहलत—अवकाश; समय; विलंब।

मौक़ा—घटनास्थल; अवसर; समय।

मौक़ूफ़—स्थगित; पदच्युत; त्यक्त; निर्भर, बर्खास्त या रद्द किया हुआ; रोका हुआ।

मौज—तरंग, वीचि; उत्साह; धुन; आनंद, खुशी, उमंग।

मौज़—केला।

मौज़ा—स्थान; ग्राम।

मौज़ूँ—तुला हुआ; उचित, योग्य; पात्र; यथायोग्य; ठीक-ठीक, उपयुक्त।

मौजूद—उत्पन्न; विद्यमान; उपस्थित; तैयार; उपलब्ध।

मौजदा—वर्तमान; उपस्थित।

मौत—मृत्यु; विनाश; दुर्दशा।

मौरूसी—पैतृक।

मौलवी—अरबी फारसी भाषा का पंडित; इस्लामी धर्मशास्त्र का पंडित; धर्म-निष्ठ मुसलमान; अरबी फारसी पढ़ानेवाला; विद्वान्।

मौलाना—अरबी का प्रकांड विद्वान्; विद्वानों के लिए आदरसूचक संबोधन।

मौसिम—काल; समय; ऋतु।

मौसिमी—वर्तमान ऋतु संबंधी; मौसम के कारण होनेवाला।

य

यकायक—अचानक; तुरंत।

यक़ीन—विश्वास, श्रद्धा, प्रतीति।

यक़ीनन—अवश्य; निस्सन्देह।

यक़ीनी—असंदिग्ध।

यतीम—अनाथ।

यतीमख़ाना—अनाथालय।

यहूदी—हज़रत मूसा के धर्म का अनुयायी; इस्राईल देश का निवासी।

या—अथवा; वा, हे, ऐ, ओ, अरे।

याद—स्मृति; स्मरण-शक्ति; स्मरण रखने की क्रिया; मेधा-शक्ति, स्मारक।

यादगार—स्मृति; चिह्न; स्मारक।

याददाश्त—स्मरण-शक्ति; स्मरण रखने के लिए लिखा हुआ लेख।

यानी—अर्थात्; अर्थ यह है कि।

यार—मित्र; सहायक; प्रेमपात्र; अन्त में 'वाला' का अथ देता है जैसे—होशयार—समझवाला।

यारी—मित्रता, सहायता।

यासीन—क़ुरान की एक सूरत जो मरते समय मुसलमान को सुनायी जाती है।

यौम—दिन।

यौमुलहिसाब (यौमु (अ) ल् हिसाब)—कर्मों के हिसाब का दिन, क़ियामत का दिन।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

र

रंग—वर्ण; रँगने का मसाला; आनंद, हर्ष; शोभा; पद्धति; भोग-विलास; आचार-व्यवहार, रंग; चेहरे की रंगत; विचित्र स्थिति।

रंगमहल—भोग-विलास का स्थान।

रंगरेज़—रँगनेवाला; कपड़े रँगनेवाला।

रंगाई—रंग देने का काम या भाव; रँगने की मज़दूरी।

रंगीन—रँगा हुआ; चमत्कारपूर्ण; विनोद-प्रिय; चित्रित; शोभित; चुलबुला, विलासप्रिय।

रंगीला—मौजी; सुंदर; प्रेमी।

रंज—कष्ट, दुःख, शोक; विपत्ति; आघात; पीड़ा; पछतावा।

रंजिश—दुःख; मनमुटाव; अप्रसन्नता।

रंजीदगी—दुःख; अनबन; नाराज़गी।

रंजीदा—दुःखी; नाराज़।

रआया—(रईयत का बहुवचन) प्रजा; जनता, रिआया।

रईयत—प्रजा; जनता।

रईस—सरदार; शासक; धनी; शिष्ट; प्रतिष्ठित।

रक़म—लिखना; नियत संख्या के रुपये; धन; पूँजी; पूरी संख्या; प्रकार।

रक़्बा—क्षेत्रफल; क्षेत्र।

रग—नस, नाड़ी; बुरी आदत; हठ।

रज़ा, रिज़ा—इच्छा; अनुमति; प्रसन्नता; स्वीकृति; छुट्टी।

रज़ामंद—राज़ी, संतुष्ट; स्वीकार करने-वाला।

रज़ी—रुचिकर, मनोवांछित।

रज़ील—नीच।

रज़्ज़ाक़—रोज़ी देनेवाला; अन्नदाता; ईश्वर।

रद्द—काटा-छाटा हुआ; बदला हुआ; खराब; तुच्छ; लौटाना; न मानना; नापसंद करना।

रद्दी—निकम्मा; बेकार; फेंके हुए काग़ज़ आदि; बेकार काग़ज़।

रफ़ा—दूर करना; पूरा करना; समाप्त करना; निर्णय करना; निर्णीत बात।

रफ़ीक़—संगी-साथी; सहकारी; साझी-दार; मित्र।

रफ़ू—तागों के साथ कपड़े के छेदों को बंद करने का काम; कपड़े की मरम्मत करने का काम।

रफ़ूचक्कर—चंपत; फ़रार; चुपके से खिसक जानेवाला; भाग जानेवाला।

रफ़्तार—गति; ढंग; आचरण।

रफ़्ता-रफ़्ता—धीरे-धीरे।

रब—परिपालक; ईश्वर।

रबी—वसंतऋतु; वसंत ऋतु में काटी जानेवाली फसल; चैती।

रबीउल् अव्वल—अरबी तीसरा महीना।

रबीउल् आख़िर—अरबी चौथा महीना।

रब्त—संबंध; मेल-जोल; मैत्री; अभ्यास; जोड़ना।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

रमज़ान–अरबी वर्ष का नवाँ महीना, जिसमें दिनभर उपवास करते हैं और महीने भर में पूरा क़ुरान सुनते हैं। मूल अर्थ जल जाना–उपवास और प्रार्थना से पाप जल जाते हैं, इसलिए इस मास का यह नाम।

रवाना–चला हुआ; भेजा हुआ।

रविश–गति; पद्धति; आचरण; ढंग; कानून; बग़ीचे की क्यारियों के बीच का पतला रास्ता।

रवैया–आचरण; व्यवहार; नियम।

रशीद–सन्मार्ग प्रदर्शक; सन्मार्ग प्राप्त; जिसने गुरु की सेवा और उसके प्रसाद से किसी विद्या या कला में पूरी कुशलता प्राप्त की हो; ईश्वर।

रसद–अनाज; खाने का सामान, भत्ता; हिस्सा; सेना के लिए खाद्य-सामग्री।

रसीद–पहुँच; प्राप्ति; प्राप्तिपत्र; चीज़ मिलने का प्रमाणपत्र।

रसूल–पैग़ंबर, ईश्वर का प्रेषित।

रस्ता–मार्ग; प्रथा; उपाय।

रस्म–प्रथा; विधि; संस्कार; बरताव; परांपरागत नियम; कर।

रस्मी–परम्परासंबंधी; जो बाक़ायदा न हो, औपचारिक; मामूली, साधारण।

रहनुमा–मार्गदर्शक; अगुआ।

रहबर, रह़बर–मार्गदर्शक; अगुआ।

रहीम–करुणावान्; ईश्वर का एक नाम।

रह़म–कृपा; करुणा।

रह़मत–कृपा; करुणा।

रह़मदिल–दयालु।

रह़मान–परम कृपालु; ईश्वर का एक नाम।

राज़–मर्म, रहस्य; तत्त्व।

राज़ी–सहमत; सम्मत; प्रसन्न; सुखी; संतुष्ट।

राज़ीनामा–संधिपत्र; वादी-प्रतिवादी के मतैक्य से मुक़दमा उठाने और इच्छित निर्णय देने के लिए दिया हुआ लेख।

रातिब–रोज़ की ख़ुराक; दैनिक विशेष आहार; पालतू जानवरों की रोज़ की ख़ुराक।

राय–विचार; मत; सलाह, परामर्श; सुझाव।

रास्त–उचित; अनुकूल; ठीक; सीधा; सच; सच्चा, नेक।

रास्ता–मार्ग; प्रथा; उपाय।

रास्ती–सरलता; सचाई; सदाचार।

राह–रास्ता; रीति; युक्ति; प्रतीक्षा; आशा।

राहख़र्च–मार्ग-व्यय।

राहत–आराम; सुख; शांति।

राहेरास्त–ठीक रास्ता।

रिआयत–व्यवहार में नरमी; मूल्य आदि में कमी; साधारण नियमों की कड़ाई छोड़कर कृपापूर्ण बरताव; तरफ़-दारी; ख़याल, विचार।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

रिआया–रआया; जनता।
रिकाब–लोहे का पावदान, जिस पर पैर रखकर घोड़े पर चढ़ते हैं; अठपहलू प्याला; बड़ी तश्तरी।
रिकाबी–तश्तरी, प्लेट।
रिज़्क–अन्न; जीविका।
रियाकारी–पाखंड; ढोंग; धर्मध्वजता।
रियाज़–परिश्रम; अभ्यास; तपस्या।
रियाज़त–परिश्रम; व्यायाम; अभ्यास; तपस्या; इन्द्रियदमन।
रियासत–शासन; राज्य; बड़ी ज़मीनदारी।
रिवाज–रीति; परम्परा।
रिश्ता–धागा; नाता, संबंध।
रिश्तेदार–नातेदार, संबंधी।
रिश्तेदारी–नातेदारी।
रिश्वत–लाँच, घूस; उत्कोच।
रिश्वतखोर–घूस लेनेवाला।
रिसाला–नियतकालिक पत्रिका; छोटी पुस्तक; सौ घुड़सवारों का जत्था; अश्वारोही सैनिकों की टुकड़ी, सैनिकों की टुकड़ी; सेना।
रिहा–छूटा हुआ; मुक्त।
रिहाई–छुटकारा; मुक्ति।
रुकूअ–क़ुरान का एक परिच्छेद; नमाज़ के समय घुटनों पर हाथ रखकर झुकने की अवस्था।
रुक़्क़ा–कागज का टुकड़ा; चिट्ठी; निमंत्रणपत्र।
रुक़्न–खंभा; सदस्य।
रुख़–मुख; कपोल; आकृति; कृपादृष्टि; मुखाकृति से प्रकट होनेवाला भाव; आगे का भाग; पहलू; ध्यान; शतरंज का मोहरा; ओर; सामने।
रुख़्सत–छुट्टी; बिदाई; अवकाश।
रुजू–प्रवृत्त, प्रवृत्ति।
रुत्बा–पद; उपाधि; प्रतिष्ठा; महत्ता, श्रेष्ठता।
रुसूम–(रस्म का बहुवचन) नियम; विधि; नियत शुल्क; भेंट।
रुस्तम–ईरान का प्रसिद्ध योद्धा और पहलवान; बहुत बड़ा शूरवीर।
रूबरू–आमने-सामने; प्रत्यक्ष।
रूम–एक देश; तुर्की।
रूमाल–हाथ-मुँह पोंछने का छोटा चौकोर कपड़ा।
रूमी–रूम निवासी; रूम का; रूम में होनेवाला; रूम की भाषा।
रूह–प्राण, जीव, आत्मा; आभ्यंतरिक इच्छा; सार, मन; एक प्रकार का इत्र, ईश्वरीय आज्ञा।
रूहानी–आध्यात्मिक; हार्दिक।
रेख़्ता–गज़ल; अरबी फारसी मिश्रित हिंदी गाना; उर्दू का प्रारम्भिक रूप और नाम।
रेगिस्तान–मरुभूमि।
रेशम–पाट, एक प्रसिद्ध बारीक चमकीला तंतु जिसका कपड़ा बनता है।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

रेशमी–रेशम का; रेशम का बना हुआ; रेशम संबंधी; रेशम जैसा।
रेशा–तंतु।
रेशादार–रेशेवाला।
रोग़न–चिकनी चीज, तेल, घी आदि।
रोज़–दिन; नित्य।
रोज़गार–व्यवसाय।
रोज़नामचा–दैनिकी, डायरी; पुलिस की डायरी; पटवारी की डायरी, रोज़ के हिसाब की डायरी।
रोज़-ब-रोज़–दिन-प्रति-दिन।
रोज़मर्रा–प्रतिदिन; नित्य।
रोज़ा–उपवास (समास में दिनोंवाला जैसे–हफ़्तरोज़ा–साप्ताहिक)।
रोज़ाना–प्रतिदिन; नित्यश:।
रोज़ी–जीविका।
रोब–धाक; तेज; आतंक।
रोशन–उज्ज्वल, प्रकाशमान्; प्रसिद्ध, स्पष्ट, साफ़; प्रकट।
रोशनी–उजाला; दिया; दीपमाला का प्रकाश; दीपोत्सव; शिक्षा का प्रकाश; ज्ञान।
रौनक़–दीप्ति, चमक-दमक; शोभा, सुहावनापन; प्रसन्नता और हर्ष की लहर।

ल

लंगर–लोहे का भारी काँटा जिसे मोटी रस्सी या जंजीर से बाँधकर जहाज़ खड़ा करने के लिए समुद्र या नदी में गिरा देते हैं; ग़रीबों को प्रतिदिन भोजन मिलने का स्थान; अन्नसत्र।
लक़ब–पदवी, उपाधि, ऐसा नाम जिसमें उस व्यक्ति के गुणों का पता चले।
लक़्वा–पक्षाघात; एक रोग जिसमें मुँह एक ओर फिर जाता है; भंजनक।
लगाम–रास; बाग; दंताली; कविका।
लज़्ज़त–मज़ा, स्वाद; आनंद; मनोविनोद।
लतीफ़–स्वादिष्ट; साफ़-सुथरा, बढ़िया ताज़ा, हलका-फुलका; कोमल; सूक्ष्म।
लफंगा–अधम; आवारा; बदचलन।
लफ़्ज़–शब्द; वचन।
लब–ओठ, होंठ; किनारा, तट।
लबालब–मुँह या किनारे तक भरा हुआ; परिपूर्ण।
लब्रेज़–ऊपर तक भरा हुआ; परिपूर्ण; लबालब।
लम्हा–पल; क्षण।
लरज़ना–काँपना; हिलना-डुलना; डर जाना, दहल जाना।
लरज़ा–कँपकँपी; जूड़ी बुखार।
लवाज़िम–जरूरी सामान; यात्रा आदि में साथ रहनेवाला सामान; किसी कार्य अथवा उद्योग से संबंधित वस्तुएँ।
लव्वाम–निन्दक, भर्त्सना करनेवाला।
लश्कर–सेना; विशाल जनसमुदाय; छावनी।
लश्करी–सेना संबंधी, सैनिक।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

लाइक़—योग्य; गुणवान्, पात्र, अधिकारी; उपयुक्त।

लाइलाज—असाध्य, दुष्कर।

लाकलाम—निःसंदेह; अवश्य।

लाचार—विवश; अशक्त; असहाय।

लाचारी—विवशता; असहायता; ।

लाजवाब—निरुत्तर; वाद-विवाद में हारा हुआ; संकुचित; बेजोड़।

लाज़िमी—अवश्य कर्तव्य; आवश्यक, अनिवार्य; उचित; निश्चित।

लानत—धिक्कार; फटकार।

लायक़—देखिये लाइक़।

लाल—एक बहुमूल्य रत्न; रक्त का रंग।

लाले—लालसा, अभिलाषा, अरमान; —पड़ना—अभाव।

लावारिस—जिसका कोई उत्तराधिकारी न हो।

लिफ़ाफ़ा—ऊपर लपेटने की वस्तु; काग़ज़ की थैली जिसमें चिट्ठी भेजते हैं, मुर्दे का कफ़न।

लिबास—पहनावा, पोशाक।

लियाक़त—योग्यता; बुद्धिमत्ता; सामर्थ्य; गुण; शील; पात्रता।

लिहाज़—ध्यान से देखना; खास ख़्याल; ध्यान; शील-संकोच; आदर; भय; लाज; पक्षपात; स्वाभिमान।

लिहाज़ा—इसलिए; निदान।

लुंगी—छोटी धोती; तहमत।

लुक़्मा—कौर, ग्रास।

लुक़्मान—अरब के एक सुप्रसिद्ध वैद्य और वैज्ञानिक जिनकी चर्चा क़ुरान में है।

लुग़त—शब्द; शब्दकोश।

लुग़ात—(लुग़त का बहुवचन) शब्दावलि; शब्दकोश; कोशसमूह।

लुत्फ़—मज़ा; आनंद; ख़ूबी; मनोविनोद; अनुग्रह; सौजन्य, रोचकता।

लेकिन—परन्तु।

लेज़म—एक प्रकार का नरम और लचकदार कमान जिसमें लोहे की ज़ंजीर और बहुत-सी कटोरियाँ पड़ी हुई होती हैं। व्यायाम करने का एक विशेष प्रकार का धनुष।

व

वकालत—दूसरे की ओर से मुक़दमे की पैरवी करना; वकील का काम।

वकील—दूसरे की ओर से मुक़दमे की पैरवी करनेवाला; प्रतिनिधि; राजदूत; वकालत करने का अधिकारी।

वक़ूफ़—समझ; जानकारी; अनुभव; ठहरना।

वक़्त—समय; अवसर; ऋतु; विलंब।

वक़्तन फ़ वक़्तन—जब तब, समय-समय पर।

वक़्फ़—ठहराव; ख़ुदा के नाम पर छोड़ी हुई चीज, देवोत्तर संपत्ति; लोकोपकारार्थ दी हुई वस्तु; समर्पित।

वज़ारत—मंत्रिमंडल; मंत्रित्व; मंत्री का कार्यालय।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

वज़ीफ़ा—छात्रवृत्ति; दैनिक वृत्ति; मासिक वेतन; निवृत्त वेतन, किसी मंत्र आदि या क़ुरान के वाक्यादि का जप।

वज़ीर—मंत्री।

वज़ीरेआज़म—प्रधानमंत्री।

वज़ू, वुज़ू—नमाज़ के लिए नियम पूर्वक, हाथ, पाँव आदि धोना; वुज़ू का पानी। वुज़ू के अर्थ में बना अशुद्ध शब्द।

वजूद—देखिये 'वुजूद'।

वजूहात—देखिये 'वुजूहात'।

वज़्न—भार; तौल; महत्त्व; प्रतिष्ठा; फ़ारसी उर्दू छंद के वर्णों या मात्राओं की माप।

वज्ह—कारण; हेतु; रुख़।

वतन—स्वदेश; जन्मभूमि; मातृभूमि।

वतनी—स्वदेशी; देशवासी।

वफ़ा—वचन का पालन; प्रीति का निर्वाह; कर्तव्य-पालन; कृतज्ञता; प्रामाणिकता; निष्ठा।

वफ़ात—मृत्यु।

वफ़ादार—वचन पालनेवाला; सच्चा; प्रामाणिक।

वफ़्द—प्रतिनिधि मंडल; दूतमंडल।

वरक़—पन्ना; कटा हुआ कागज़; पत्ता; पंखड़ी; सोने चाँदी का पत्तर।

वर्ज़िश—अभ्यास; शारीरिक श्रम; व्यायाम।

वर्ना—नहीं तो; अन्यथा।

वली—उत्तराधिकारी; स्वामी; अभिभावक, संरक्षक; सहायक; मित्र; अल्लाह का प्यारा; सिद्ध पुरुष।

वसीअ—चौड़ा; फैला हुआ; विस्तृत।

वसीयत—मरनेवाले का अन्तिम कथन; मृत्यु के पूर्व, मृत्यु या लंबी यात्रा के अवसर पर, मृत्यु के बाद अपनी संपत्ति के प्रबंध, उपयोग आदि के विषय में किया हुआ आदेश।

वसीयतनामा—मृत्युपत्र।

वसीला—साधन; माध्यम; सहारा; सहायता; कार्यसिद्धि का उपाय।

वसूल, वसूली—देखिये 'वुसूल', 'वुसूली'।

वस्ल—मिलन; प्रेमी-प्रेमिका का संयोग; जोड़; मिलान।

वस्वसा—विकार; मोह; संदेह; भ्रम; वह धर्म-विरुद्ध विचार जो शैतान उत्पन्न करता है।

वह्दत—एकत्व; ईश्वर को एक मानना; अद्वैत भाव।

वह्म—शंका; मिथ्याधारणा; भ्रम; भय।

वह्शत—आदमियों से भड़कना, बिदकना; डर; चित्त की अति चंचलता; घबराहट; सबसे अलग रहना।

वह्शियाना—जंगली जानवर या आदमी के जैसा; पागलों जैसा; निर्दयी लोगों की तरह।

वह्शी—जंगली पशु जो मनुष्यों से भागे; इसी प्रकार का आदमी, असभ्य; पागल।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

वहाबी–मौलवी अब्दुल वह्हाब प्रवर्तित एक संप्रदाय ।

वही, वह्इ–ईश्वर की ओर से पैग़ंबरों के लिए आया हुआ आदेश; पैग़ंबरों के दिल में डाली गयी बात, ईश्वरीय संदेश, ईश्वरीय ग्रंथ ।

वाक़िआ–घटना; वृत्तांत; समाचार; दुर्घटना; आपत्ति; मृत्यु ।

वाक़िआत–'वाक़िआ' का बहुवचन ।

वाक़िई–वस्तुतः; सचमुच; ठीक; सच ।

वाक़िफ़–जानकार; परिचित; अनुभवी; समर्पणकर्ता ।

वाक़िफ़ियत–जानकारी; परिचय; अनुभव ।

वाक़िया, वाक़ियात–देखिये 'वाक़िआ', 'वाक़िआत' ।

वाजिब–उचित; आवश्यक, अनिवार्य; योग्य; कर्तव्य ।

वाज़ेह–स्पष्ट, बहुत ही साफ़ ।

वादा–वचन; ठहराव; नियत समय या घड़ी जब वचन की पूर्ति करनी हो ।

वादी–घाटी, नदी के किनारे का मैदान; जंगल, वन ।

वापस–लौटा हुआ; लौटाया हुआ ।

वापसी–लौटना; लौटाना ।

वाबस्ता–बंधा हुआ; संलग्न; संबद्ध; संबंधी; स्वजन ।

वारिदात–घटना; दुर्घटना; वृत्त; जुर्म, चोरी डकैती इत्यादि ।

वारिस–उत्तराधिकारी; मालिक; खोज-खबर लेनेवाला; रक्षक; अभिभावक ।

वालिद–जनक, पिता ।

वालिदा–जननी, माता ।

वाली–मालिक, शासक, संरक्षक; अभिभावक; सहायक; मित्र ।

वासिला–संबंध; नाता; साधन; माध्यम; काम ।

वास्ते–लिए, हेतु, कारण ।

वाह–खूब, साधु, धन्य; प्रशंसासूचक अव्यय कभी-कभी आश्चर्य और व्यंग्य में निंदा के भाव को प्रकट करता है, जैसे–वाह-वाह, धन्य-धन्य, क्या कहना है ।

वाहिद–एक, एककी संख्या; ईश्वर का एक नाम ।

वाहियात–निरर्थक और व्यर्थ बातें ।

विदाअ–जाना; प्रयाण ।

विदाई–प्रयाण; प्रयाण करने की अनुमति; प्रयाण के समय दी जानेवाली रक़म ।

विरासत–पैतृक, उत्तराधिकार ।

विलायत–एक राजा के अधीन अन्य देश; अरब लोग ईरान, तुर्किस्तान आदि को कहते थे, इन दिनों युरोप और विशेषतः इंग्लैंड को कहा जाता रहा; वली का पद, संरक्षकता, ईश्वर का सामीप्य ।

विलायती–विलायत का; विलायत से आया हुआ, विलायतवाला ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

वीरान–उजाड़; जनहीन, उद्ध्वस्त; बंजर।

वुज़ू–साफ चेहरे का होना, चेहरे की सफाई और स्वच्छता; नमाज के लिए नियमपूर्वक हाथ पाँव मुँह आदि धोना।

वुजूद–विद्यमानता; अस्तित्व; उपस्थिति; देह।

वुजूहात–कारण; ('वज्ह' का बहुवचन)।

वुसूल–पहुँचना; प्राप्त होना; मिली, पहुँची हुई रक़म या चीज़; प्राप्त।

वुसूली–प्राप्ति, उगाही।

वुस्अत–फैलाव, लंबाई-चौड़ाई; समाई; शक्ति; सामर्थ्य।

श

शऊर–देखिये 'शुऊर'।

शक–संदेह, भ्रांति।

शकरकंद–एक मीठा कंद, रतालू।

शकरपारा–एक प्रकार की मिठाई।

शक्कर–शकर, चीनी, खाँड।

शक्की–बहुत शंकाशील।

शख़्स–व्यक्ति, मनुष्य।

शख़्सियत–व्यक्तित्व, वैयक्तिक विशेषताएँ।

शख़्सी–वैयक्तिक, व्यक्तिगत।

शत्रंज–एक प्रसिद्ध खेल (संभवतः संस्कृत 'चतुरंग' का विकृत रूप)।

शत्रंजी–रंगबिरंगी दरी या चादर; शतरंज खेलने की बिसात; शतरंजबाज़; विभिन्न प्रकार के अनाज की रोटी।

शदीद–कठिन; तीव्र ज़ोरदार; सख़्ती करनेवाला।

शफ़ा–स्वास्थ्य, निरोगता।

शफ़ाख़ाना–चिकित्सालय; अस्पताल।

शब–रात।

शबबरात–मुसलमानों का एक त्यौहार या आठवाँ मास, शाबान की चौदहवीं और पंद्रहवीं तारीख़ के बीच की रात को होता है; ख़ुशी की रात।

शबनम–ओस।

शमशेर, शम्शीर–तलवार, (शम–नाख़ून, शेर–बाघ)।

शमा–मोम; मोमबत्ती; दीपक।

शमादान–चिराग़दान; जिसमें मोमबत्ती रखकर जलाते हैं।

शम्सी–सूर्य का; सूर्यसंबंधी; शम्सी साल–सौर वर्ष।

शरअ–राजमार्ग; इस्लामी क़ानून (शरिअत का बहुवचन); तरीक़ा।

शराइत–शर्तें।

शराफ़त–कुलीनता; सज्जनता।

शराब–पेय; मद्य;

शराबख़ोर–मद्यप; शराबी।

शराबी–मद्यप; शराब पीनेवाला।

शरायत–शर्तें।

शरारत–बुराई; उपद्रव; चंचलता; चिढ़ाने के लिए कोई काम।

शरीअत–खुला हुआ और चौड़ा रास्ता, राजमार्ग; धार्मिक कानून।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

शरीक—साझीदार; सम्मिलित; साथी।

शरीफ़—कुलीन; सभ्य; निष्कपट, मक्का के शासक की पदवी, दूसरे शब्द के साथ मिलकर सम्मान का अर्थ प्रकट करता है जैसे—क़ुरानशरीफ़।

शरीर—दुष्ट; नटखट; चंचल, चिढ़ाने के लिए छेड़नेवाला; पिशुन; आपस में दंगा फ़साद करानेवाला।

शर्त—प्रतिज्ञा; ठहराव; बंधन; बाज़ी।

शर्ती—शर्त पर आश्रित; अचूक, पक्का (इलाज); शर्त बदकर, शर्तिया।

शर्बत—मीठा पेय; शर्करोदक; दवाओं का अर्क जो चीनी में पकाया जाय।

शर्म—लज्जा; पश्चात्ताप।

शर्मनाक—लज्जाजनक।

शर्माना—लज्जित होना।

शर्मिंदगी—लज्जा; पश्चात्ताप।

शर्मिंदा—लज्जित।

शर्ह—खोलकर कहना; वर्णन, व्याख्या; विस्तार; टीका; भाव, दर।

शल्जम—प्रसिद्ध सब्जी, शलग़म।

शह—('शाह' का लघुरूप) बादशाह; मदद, बढ़ावा; उकसाना; शतरंज में बादशाह को दी गयी किश्त।

शहन्शाह—सम्राट्।

शहादत—गवाही, साक्ष्य; धर्म या देश के लिए बलिदान; धर्म-युद्ध में वध।

शहामत—श्रेष्ठता, शूरता; शक्ति, प्रसन्नता, स्फूर्ति।

शहीद—बलिदान देनेवाला; हुतात्मा; जिसकी जानकारी से कोई चीज छुपी न हो, ईश्वर।

शहतूत—एक पेड़ और उसका फल, तूत।

शहद—मधु।

शहनाई—एक वाद्य, नफ़ीरी।

शहर—नगर; चांद्रमास, मास।

शहरी—नागरिक; नगर का।

शाइर—कवि।

शाइरी—कविता, काव्य; अत्युक्ति।

शाख़—शाखा; टुकड़ा; फाँक, अंश; सींग; बाधा।

शागिर्द—विद्यार्थी; शिष्य।

शागिर्दी—शिष्यत्व; सेवाटहल।

शादी—हर्ष; विवाह।

शान—वैभव; प्रताप; तेज; गौरव; प्रतिष्ठा; ठसक; ठाटबाट; आन; रूप; अवसर।

शान्दार—ठाटबाटवाला; भव्य, विशाल; वैभवपूर्ण।

शान-शौकत—वैभव; ठाटबाट।

शाबान—अरबी वर्ष का आठवाँ महीना, जिसमें शबबरात होती है।

शाबाश—प्रशंसासूचक शब्द, खुश रहो, वाहवा, धन्यधन्य, साधु-साधु; साधुवाद देना; ('शाद'—खुश, 'बाश'—रहो, का लघुरूप)।

शाबाशी—सराहना; धन्य-धन्य कहना।

शाम—संध्या।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

शामत–दुर्भाग्य; विपत्ति; दुर्दशा ।

शामियाना–बड़ा और साधारणतः चारों ओर खुला हुआ तंबू ।

शामिल–सम्मिलित; अंतर्गत; संयुक्त; भागीदार; सहकारी ।

शामी–सीरिया देश का निवासी; शाम–सीरिया–की भाषा ।

शायद–कदाचित्, संभवतः ।

शायर–शाइर ।

शाय–प्रकट; प्रकाशित; प्रसारित; विज्ञापित ।

शाल–ऊनी या रेशमी चादर, जिस पर बेल बूटे का काम किया गया हो ।

शाह–स्वामी; राजा; शासक; फ़क़ीरों की पदवी; बड़ा, महान् जैसे–शाह राह–बड़ा रास्ता, शाहकार–सर्वोत्तम कृति, शाहरग–कंठ नाड़ी ।

शाहज़ादा–राजपुत्र ।

शाहनामा–वह महाकाव्य जिसमें किसी राज्य विशेष के राजाओं का वर्णन हो; फ़िरदौसी रचित महाकाव्य ।

शाहन्शाह–सम्राट ।

शाहिद–गवाह, साक्षी; देखनेवाला; उत्तम; सुंदर; प्यारा ।

शाही–राजकीय; राज्य; शासन ।

शिकंजा–दबाने और कसने का यंत्र, काटने के लिए काग़ज़ या किताब दबाने का यंत्र; एक काठ का यंत्र जिसमें दबाकर सज़ा दी जाती है ।

शिकमी–पेट का; जन्मजात; भीतरी; किसीके अंतर्गत रहनेवाला; बटाई पर जोतनेवाला ।

शिकस्त–हार, पराजय; टूट-फूट ।

शिकायत–पिशुनता, चुग़ली; बुराई, निंदा; किसी ग़लत काम की अधिकारी को सूचना; उलाहना; रोग; दुखड़ा ।

शिकार–आखेट, वन्य पशुपक्षियों का वध; मारा हुआ पशुपक्षी; ग्रस्त, फंदे में आया हुआ; लूट का माल ।

शिकारी–शिकार करनेवाला, व्याध ।

शिताबी–जलदी; हड़बड़ी, उतावली ।

शिद्दत–कठिनाई; तीव्रता; कठोरता; अधिकता; प्रबलता, ज़ोर ।

शिर्क–ईश्वरत्व में ईश्वर के सिवा और को भी सम्मिलित करना; विभक्ति; अनेकेश्वरवादी होना; ।

शिर्कत–साझा; शामिल करना; सहयोग ।

शीआ–समूह; सहायक; मुसलमानों का एक संप्रदाय जो हज़रत अली के अतिरिक्त बाक़ी ख़लीफ़ाओं को नहीं मानता ।

शीर–दूध, खीर ।

शीरीं–मीठा, मधुर; प्यारा, प्रिय ।

शीरीनी–मिठास, मिष्टान्न ।

शीशा–काँच, दर्पण; बोतल; काँच की सुराही ।

शीशी–काँच की छोटी बोतल ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

शुऊर–संज्ञा, होश; विवेक, समझ, अच्छे बुरे की पहचान; सभ्यता, तमीज़, शिष्टता।

शुक्र–कृतज्ञता; उपकार मानना; ईश्वर के उपकारों की बड़ाई, धन्यवाद।

शुक्रगुज़ार–कृतज्ञ; आभारी।

शुब्ह–शंका, भ्रम।

शुमार–गिनना, संख्या; जोड़; गिनती; अनुमान।

शुमारी–गणनी (समास में जैसे–मर्दुम-शुमारी–जनगणना)।

शुमाल–उत्तर; बायाँ हाथ।

शुरू–प्रारंभ; आदि।

शेख़, शैख़–मुसलमानों की एक जाति; वृद्ध, बड़ाबूढ़ा; गुरु; अधिपति; प्रतिष्ठित; कुलनायक; धर्मशास्त्र और धार्मिक साहित्य का पंडित, खानक़ाह या दरगाह का अधिकारी; अरब का सरदार; सूफ़ी; पीर की गद्दी पर बैठा हुआ।

शेख़चिल्ली–एक कल्पित मूर्ख जिसकी मूर्खता की अनेक कहानियाँ जन-साधारण में प्रसिद्ध हैं; बड़ी बड़ी हवाई योजनाएँ बनानेवाला व्यक्ति।

शेख़ी–डींग; घमंड; ऐंठ, अकड़।

शेर–बाघ, व्याघ्र; सिंह।

शेरबबर–सिंह।

शै–वस्तु; चीज।

शैतान–एक जिन्न जिसने ईश्वरीय आज्ञा का उल्लंघन किया, बहिष्कृत हुआ और तब से वह मनुष्य को पाप की ओर प्रवृत्त करता है; इसी प्रकार का मनुष्य, जो दूसरों का अनिष्ट चाहे; बहकानेवाला; दुष्ट, उपद्रवी।

शैतानी–शैतान का; शैतान संबंधी; बुरा; पापमय; दुष्टता।

शोर–हल्ला, कोलाहल; प्रसिद्धि, धूम; खारी ज़मीन; नमक, ऊसर भूमि; उन्माद।

शोरबा–मांस का रसा; सब्जी का रसा।

शोरो-ग़ुल, शोर-व-ग़ुल–कोलाहल, हल्ला।

शोला–आग की लपट, ज्वाला।

शौक़–चाह; उत्कंठा, धुन; चस्का, व्यसन; उत्साह; रुचि।

शौकत–वैभव; आतंक; गौरव; बल।

शौक़ीन–चाह और रुचि रखनेवाला; छैला; व्यसनी; तमाशबीन।

शौक़ीनी–शौक़ीन होना।

शौहर–पति; स्वामी।

स

संग–पाषाण।

संग-तराश–मूर्तिकार; शिल्पकार; वास्तु शिल्पी।

संगदिल–पाषाण-हृदय, निर्दय।

संगमर्मर–एक तरह का पत्थर जो इमारतों में लगाया जाता है या जिससे मूर्तियाँ बनायी जाती हैं।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

संगसार—एक तरह की क़ानूनी सज़ा जिसमें मनुष्य को कमरतक गाड़कर पत्थर मारते हैं और इसी तरह उसे मार डालते हैं, पथराव; पत्थर मारनेवाला।

संगीन—पत्थर का; पत्थर का बना हुआ; कठोर, गाढ़ा (कपड़ा), कड़ा, दुष्कर (काम), भारी; एक प्रकार का हथियार।

संजीदा—संतुलित; गंभीर; शांत; सहिष्णु; ध्यानपूर्वक सुनने और विचार करनेवाला; शिष्ट; समझदार।

सई—दौड़धूप; प्रयत्न; पराक्रम।

सख़ावत—उदारता; दानशीलता।

सख़ी—दानी; उदार।

सख़ुन, सुखन—कथन; शब्द; बातचीत; वचन; कविता; काव्य; प्रवचन।

सख़्त—कठोर; कड़ा; बहुत कठिन, दुष्कर; अत्यधिक तीव्र; दुःशील; निर्दय; बहुत बड़ा।

सख़्तदिल—कठोरहृदय।

सख़्ती—कठोरता; दुःशीलता; कठिनता; निर्दयता; तीव्रता।

सज़ा—दंड; बुराई का बदला; जुर्माना, अर्थदण्ड; योग्य।

सज़ायाफ़्ता—दंडप्राप्त, दंडित।

सत्र—रेखा, लकीर।

सदक़ा—दान, ख़ैरात, सिर से कोई चीज़ ख़ैरात के लिए उतारना।

सदाक़त—सत्यता, सचाई; यथार्थता, खरापन।

सदारत—सभापतित्व, अध्यक्षता।

सदी—शती, शताब्दी।

सद्मा—आघात; दुःख, शोक; पश्चात्ताप; पीड़ा; हानि।

सद्र—सभापति; केन्द्रस्थान; मुख्य; वक्षःस्थल; उच्चस्थान; शीर्षभाग; सामने का रुख; मकान का सहन।

सन—वर्ष, संवत्।

सनद—प्रमाण; प्रमाणपत्र; सहारा; विश्वास; उदाहरण, आदर्श; उपाधि; अनुमतिपत्र; प्रामाणिक, प्रमाणरूप।

सन्दूक़—पेटी।

सफ़—पंक्ति; रेखा; लंबी चटाई।

सफ़र—प्रवास।

सफ़ा—निर्मलता; स्पष्ट रूप से, साफ़; मक्के की एक पहाड़ी।

सफ़ा—देखिये 'सफ़्हा'।

सफ़ाई—स्वच्छता; विशुद्धता, पवित्रता; निर्दोषता; अभियुक्त की ओर से निर्दोषता का प्रमाण।

सफ़ाचट—बिलकुल साफ़; मैदान जिस पर कोई पौदा न हो; अच्छी तरह मुँडा हुआ (सिर)।

सफ़ाया—पूरी सफ़ाई; पूर्ण संहार; संहार; समाप्ति।

सफ़ेद, सपेद—श्वेत; सादा, कोरा।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

सफ़ेदपोश–सफ़ेद कपड़े पहननेवाला; सज्जन; भलामानस।

सफ़ेदी–श्वेतता; शुभ्रता; चूने की पुताई; सवेरे का उजाला।

सफ़्रा–पित्त; कटुता।

सफ़्हा–पृष्ठ।

सबक़–पाठ; जितना एक दिन में गुरु से पढ़ा जाय; शिक्षा; वह दंड जो चेतावनी का काम दे; अनुभव।

सबब–कारण; मूल कारण।

सबील–मार्ग; उपाय; प्याऊ।

सबूत, सुबूत–प्रमाण; तर्क; उदाहरण।

सबूरी–धीरज, धैर्य।

सब्ज़–हरा; हराभरा।

सब्ज़ी–हरापन; हरी तरकारी, साग-भाजी; हरियाली; भंग, भाँग।

सब्र–सहन, धैर्य।

समंदर–समुद्र।

समन–(फा०) चमेली; (अ०) मूल्य; (अं०) अदालत का बुलावा।

सय्याद–शिकारी; निर्दयी।

सर–सिर; चोटी; सिरा, श्रेष्ठ, श्रेष्ठता, उच्चता; आरंभ, शीर्षक; प्रमुख; पराजित; जीता हुआ।

सरकार–शासक, राज्य; शासन; बड़े लोगों के लिए संबोधन, राजसभा।

सरकारी–राजकीय, सरकार का।

सरगरम–तन्मय; तत्पर; उत्साही, परिश्रमी।

सरताज–मुकुट; शिरोमणि; सरदार, नायक, स्वामी; पति।

सरदार–नेता, मुखिया; सेनापति; सिखों की पदवी; स्वामी; पति।

सरदारी–सरदार का पद।

सरनामा–शीर्षक; पत्रारंभ का संबोधन; चिट्ठी पानेवाले का पता।

सरपंच–प्रधानपंच।

सरबराही–प्रबंध।

सरमाया–पूँजी, मूलधन।

सरशार–ऊपर तक भरा हुआ; छलकता हुआ; मस्त।

सरसब्ज़–हराभरा, लहलहाता; फलता-फूलता; उपजाऊ; समृद्ध, उन्नतिशील।

सरसरी–जल्दी में; मोटे तौर पर, स्थूल रूप से; चलती नज़र से; जल्दी या भाग-दौड़ का लापरवाही से किया जानेवाला काम।

सरहद, सरहद्द–सीमा; सीमान्त।

सराय, सरा–घर; धर्मशाला।

सरासर–नितांत; पूर्णतया; इस सिरे से उस सिरे तक।

सरासरी–सरसरी मोटे तौर पर।

सरोकार–प्रयोजन; संबंध।

सर्द–ठंडा; मंद; फीका; उदार; निर्जीव।

सर्दी–ठंडक; हेमंत ऋतु; जाड़े का मौसम; ज़ुकाम, प्रतिश्याय।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

सर्राफ़—सिक्के, सोना चाँदी या उसके गहने, बरतन आदि का लेन देन करनेवाला।

सलाम—प्रणाम; शांति; सलामती; घृणा और उद्वेग के लिए भी बोलते हैं।

सलामत—सुरक्षित; जीवित; पूर्णस्वस्थ; अखंड; स्थित, कायम; रक्षा; कुशल; सकुशल।

सलामती—शांति; रक्षा; स्वास्थ्य, कुशल जीवित होना।

सलामी—सलाम करना; हथियारों को उठाकर सलाम करना; किसी बड़े आदमी के आने पर तोपोंकी फ़ैर।

सलाह—परामर्श; विचार; मत; भलाई।

सलाहकार—परामर्शदाता; सदुपदेशक; सदाचारी।

सलाहिय्यत, सलाहीयत—भलाई; योग्यता; संयम; विद्वत्ता; गंभीरता।

सलीम—शांत; सहनशील; शांतिप्रिय; स्वस्थ, चंगा।

सल्तनत—राज्य; सत्ता।

सवाब—बदला, प्रतिफल; सत्कर्म का परलोक में मिलनेवाला फल; पुण्य।

सवार—आरोही; आरूढ़; मस्त; नशे में चूर।

सवारी—वाहन; सवार व्यक्ति; सवार होने की क्रिया; जुलूस; कुश्ती का एक पेंच; सवारी आना—तश्रीफ़ लाना, पधारना।

सवाल—माँगना; माँग; पूछना; प्रश्न; याचना, भिक्षा; प्रार्थना, निवेदन; आकांक्षा; समस्या।

सवालात—'सवाल' का बहुवचन।

सहाबा—मित्रगण; हज़रत मुहम्मद साहब के साथ बैठनेवाले मित्र। मद्हे सहाबा—हज़रत मुहम्मद के मित्रों की प्रशंसा।

सहाबी—हज़रत मुहम्मद के मित्र, साथी और वे लोग जिन्होंने हज़रत को देखा।

सही—ठीक; स्वीकृत, मंजूर।

सही, सहीह—सच; ठीक; निर्दोष; स्वस्थ; पूर्ण, समूचा; हस्ताक्षर।

सही सलामत—सुरक्षित; जीवित; स्वस्थ; दोषरहित।

सहूलियत—सुभीता।

साकिन—निवासी; गतिहीन; वह अक्षर जो हल् हो।

साक़ी—पानी पिलानेवाला; हुक्का या शराब पिलानेवाला।

साज़—सामग्री; वाद्य; प्रबंध; मेलजोल; अनुकूलता; घोड़ों का सामान; सजावट की सामग्री, साँठगाँठ, बनानेवाला; बना हुआ (समास में जैसे—रंगसाज़—रंगरेज, दस्तसाज़—हाथ का बना हुआ)।

साज़गार—सुधारनेवाला; अनुकूल; उपयुक्त।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

साज़बाज़–षड्यंत्र करना; साँठगाँठ; मेल-मिलाप।

साज़-सामान–सामान; किसी काम की ज़रूरी सामग्री।

साज़िंदा–गानेके साथ वाद्य बजानेवाला; सारंगिया।

साज़िश–अविहित या अपराध रूप कार्य में गुप्त रूप में गठजोड़, षड़यंत्र; मेल-जोल।

सादगी–सरलता; सादापन।

सादा–जिसमें बनावट न हो; निर्मल; कोरा; सीधा, सरल, मूर्ख।

सादापन–सरलता।

सानी–दूसरा; अन्य; जोड़; समता करनेवाला।

साफ़–स्पष्ट; स्वच्छ; पवित्र; निर्मल, निर्दोष; सुगम; कोरा; सपाट।

साफ़ा–पगड़ी, मुरेठा, मुँडासा; कपड़ा जो इस काम में लाया जाय।

साबिक़–पिछला; गत, बीता हुआ; होड़ में आगे बढ़नेवाला।

साबित–स्थिर; दृढ़; सिद्ध; प्रमाणित, अखंड; समूचा, पूरा; अचल तारा।

साबुन–साबून, साबन–कपड़ा या शरीर धोने की चीज़ जो तेल, सज्जी और चरबी आदि से बनायी जाती है।

सामना–सम्मुख होना, मुक़ाबला; भेट; लड़ाई; भिड़न्त; किसी चीज़ का अगला हिस्सा, मोहरा; धृष्टता।

साया–छाया; परछाईं, प्रतिबिंब; शरण; पृष्ठपोषण; प्रभाव; पिशाच बाधा।

सायादार–छायायुक्त, छाँववाला।

साल–वर्ष।

सालगिरह–वरसगांठ, प्रतिवर्ष जन्म दिन पर मनाया जानेवाला उत्सव।

सालममिस्री–सुधामूली।

सालाना–वार्षिक।

सालार–सेनापति; नायक, नेता।

सालारजंग–सेनापति; उपाधि-विशेष।

सालिम–समग्र; संपूर्ण; सुरक्षित; स्वस्थ; यथावत्।

साहब–बड़ा अफ़सर; अंग्रेज़।

साहबबहादुर–अंग्रेज़; यूरोपियन; वह व्यक्ति जो अंग्रेज़ी चाल ढाल में ढल गया हो।

साहिब–स्वामी; मित्र; साथी; वाला, जैसे–साहिबेइल्म–ज्ञानवान्; सम्मान सूचक शब्द।

साहिबज़ादा–बड़े आदमी का बेटा; संबोध्य जन का बेटा; सुपुत्र; भले मनुष्य का भला बेटा।

साहिबान–साहिब का बहुवचन।

साहिबी–साहिब का; साहिब जैसा; अधिकार; स्वामित्व; शासन; बड़ाई; ऊँचापद; ईश्वरत्व।

सिक्का–छाप, मुद्रा; रुपया-पैसा; पदक; अधिकार, प्रभुत्व; पद्धति; धाक।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

सिज्दा—ईश्वर के लिए सिर झुकाना; नमाज़ में ज़मीन पर माथा टेकना; उपासना; प्रणिपात।

सितम—अत्याचार; हठ; अंधेर; ईश्वरी कोप।

सितार—एक प्रसिद्ध तंत्रवाद्य।

सितारा—तारा; ग्रह; भाग्य।

सिपह-सालार—सेनापति, (सिपह—सिपाह का लघुरूप, सिपाह—सेना, सालार—नेता)।

सिपारा—क़ुरान शरीफ़ का प्रत्येक तीसवाँ भाग; (सी—तीस, पारा—भाग, सिपारे का लघुरूप पारा)।

सिपाही—सैनिक; योद्धा; पुलिस; चपरासी; पहरेदार; शूर और पराक्रमी व्यक्ति।

सिपुर्द—सौंपा हुआ, हवाले किया हुआ, सुपुर्द।

सिपुर्दगी—सौंप, हवालत, सुपुर्दगी।

सिफ़त—गुण; लक्षण; विशेषणपद; तुल्य (समास में जैसे—फ़िरश्तासिफ़त—देवदूत-तुल्य)।

सिफ़ारिश—किसीके विषय में भलाई की बात कहना; किसीका कोई काम करने के लिए दूसरे से कहना; सहारा; किसीसे किसी पद कार्य इत्यादि की योग्यता बताना; खुशामद।

सिफ़ारिशी—जिसमें सिफ़ारिश की गयी हो, वसीलेवाला।

सियासत—राजनीति; राज्य; प्रबंध; डाँट-डपट; दंड, भय; छल।

सियासतदाँ—राजनीतिज्ञ; शासनपटु।

सियाह—काला।

सियाही—रोशनाई, मसि; कालिमा; अंधेरा।

सिर्का—धूप में रखकर खट्टा किया हुआ फल, गन्ने या ताड़ी आदि का रस।

सिर्फ़—केवल,; परिशुद्ध; अकेला; निरा।

सिलसिला—शृंखला; क्रम।

सिलसिलेवार—शृंखलाबद्ध; क्रमबद्ध।

सिवा—अतिरिक्त; बिना; अन्य; फ़ालतू; अधिक।

सिवाय—सिवा।

सीख़—शलाका।

सीख़चा—छोटी शलाका, शलाका।

सीना—छाती; वक्ष:स्थल; सीना।

सीरत—स्वभाव; शील; जीवन-चरित्र।

सुकून—सन्नाटा; शांति; विराम; आराम; संतोष, धैर्य। स्वरहीनवर्ण—हल्—का चिह्न।

सुन्नत—मार्ग; नियम; रीति; प्रकृति, वह काम जो पैग़ंबर साहिब और उनके प्रमुख साथियों ने किया हो; खतना, मुसलमानी।

सुन्नी—सुन्नत का अनुयायी, मुसलमानों का एक सम्प्रदाय।

सुपुर्द—सौंपा हुआ।

सुपुर्दगी—सौंप; हवालात।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

सुब्ह–प्रातः काल।

सुराग़–पदचिह्न; खोज; पता।

सुराही–पानी रखने का मिट्टी का लंबी गर्दन और तंग मुँह का बर्तन।

सुर्ख़–लाल; रत्ती।

सुलूक–रास्ता चलना; व्यवहार; प्रीति; मैत्री; उपकार; भलाई; गरीबों और दुखियों को आर्थिक सहायता; ईश्वर-सामीप्य की इच्छा।

सुल्तान–राजा, बादशाह।

सुल्तानी–बादशाही, राज्य।

सुल्ह–मेल, संधि; दोस्ती।

सुल्हनामा–संधिपत्र; राज़ीनामा।

सुस्त–ढीला; कमज़ोर; स्फूर्तिहीन; आलसी; धीमा; मंदबुद्धि; उदास।

सुस्ती–शिथिलता; आलस्य; अस्फूर्ति, ढिलाई; कमज़ोरी।

सूद–लाभ; व्याज।

सूफ़ी–मुसलमान साधुओं का एक संप्रदाय, इस संप्रदाय के अनुयायी; अध्यात्मवादी।

सूबा–प्रदेश; राज्य का विभाग जिसमें कई जिले शामिल हों; सूबे का शासक।

सूबेदार–सूबे का शासक, सेना का छोटा अधिकारी।

सूरत–चेहरा; रूप; सौंदर्य; दशा; उपाय; चित्र; रूपरेखा; बाह्य रूप; समान; क़ुरान का एक अध्याय; क़ुरान का कोई भाग।

सूरा–क़ुरान का एक अध्याय।

सूराख़–छिद्र; मोरी।

सेब–एक प्रसिद्ध फल; उत्कोल।

सेहत, सेह्हत–स्वास्थ्य; शुद्धि, त्रुटि न होना।

सैयद, सैयिद–नेता; मुहम्मद पैग़ंबर साहब का परिवार और वंशज, आपकी सुकन्या हज़रत फ़ातिमा के वंशज।

सैर–पर्यटन; घूमना-फिरना; हवाख़ोरी; मनोविनोद; कौतुक।

सैलाब–बाढ़।

सोहबत, सुह्बत–संगति; मित्रता।

सौगंद–शपथ।

सौदा–ख़रीदने-बेचने की वस्तु; बात; पागलपन; इश्क़।

सौदागर–व्यापारी।

ह

हंगामा–मारपीट, कोलाहल; भीड़भाड़; विप्लव; विद्रोह; युद्ध।

हक़–सत्य; यथार्थ; उचित; स्वत्व; अधिकार; पारिश्रमिक; दावा; कर्तव्य; ईश्वर; ठीक, न्याय्य; प्राप्य।

हक़ीक़त–वस्तु का यथार्थ स्वरूप; सत्यता; वृत्तांत, मर्यादा; बिसात।

हकीम–ज्ञानी; वैद्य; बुद्धिमान्; वैज्ञानिक; मीमांसक; चिकित्सक; सर्वविद् ईश्वर।

हकीमी–हकीम का काम; हकीम संबंधी।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

हज, हज्ज—मुसलमानों का एक धार्मिक कार्य जो मक्का (अरबस्तान) में जाकर अदा करना पड़ता है । (शाब्दिक अर्थ—संकल्प करना), मक्का की पुण्ययात्रा ।

हज़्म—पचन; पाचन-क्रिया; गबन, चोरी ।

हज़्म करना—पचाना; माल मारना, दाब बैठना, डकार जाना ।

हज़रत—किसी बड़े व्यक्ति के नाम से पहले सम्मानार्थ लगाया जानेवाला शब्द; कोई प्रतिष्ठित और पूज्य व्यक्ति; (व्यंग्य) धूर्त; पाखंडी; बदमाश ।

हजामत—सिर मूँडना; क्षौर; सफ़ाई; दुर्दशा ।

हज़ार—सहस्र; अनगिनत ।

हज्जाम—नाई; पछने लगानेवाला ।

हत्तलइम्कान—यथासंभव ।

हत्तलमक़्दूर—यथाशक्ति ।

हद, हद्द—सीमा; अन्त; नियतस्थान, इहाता; बहुत; इस्लामी शरिअत के अनुसार दिया हुआ दंड ।

हदीस—बात; नयी बात; हज़रत मुहम्मद साहिब के कार्यकलाप और वचनों का संग्रह; वर्णन; इतिहास ।

हनोज़—अभीतक; अद्यापि ।

हफ़्ता—सप्ताह; शनिवार ।

हब्शी—अफ्रीका का, काले रंग का, निवासी; निग्रो ।

हम-दर्द—सहानुभूति रखनेवाला ।

हम-दर्दी—सहानुभूति ।

हमाक़त—मूर्खता; अज्ञान ।

हम्ला—आक्रमण; आघात ।

हम्लावर, हम्ला-आवर—आक्रमणकारी ।

हमवतन—देशबंधु ।

हमवार—समतल, सपाट; एकसा, बराबर; राज़ी; सदा ।

हमाम, हम्माम—स्नानागार ।

हमाल, हम्माल—बोझ ढोनेवाला, कुली, मोटिया ।

हया—लज्जा ।

हयात—जीवन; प्राण ।

हर—प्रत्येक ।

हरकत—गति; बुरा काम; स्वर चिह्न ।

हरकारा—दूत; डाकिया; धावक ।

हरगिज़—कदापि ।

हरम—काबा; मक्का के आस-पास का क्षेत्र जिसके अंदर किसी प्राणी की हिंसा करना महापाप है; श्रेष्ठ जनों की घर की स्त्रियाँ; विवाहिता स्त्री; अंतःपुर ।

हराम—जिसका खान-पान वर्जित हो, निषिद्ध; अनैतिक कर्म ।

हराम—पूज्य, प्रतिष्ठित जैसे—मस्जिदुल-हराम—पवित्र मस्जिद, मक्का की मस्जिद ।

हरामख़ोर—मुफ़्त का खानेवाला; कामचोर; कृतघ्न ।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

हरारत–उष्णता; हलका ज्वर, ज्वरांश।

हरीफ़–प्रतिद्वंद्वी; शत्रु; समकर्मा।

हर्ज–बाधा; अड़चन; समयनाश; हानि।

हर्फ़–अक्षर; बात; दोष; अव्यय।

हल–उपाय; सुलझाव; विलयन; निराकरण; सरलता; हल।

हलाक–हत, मारा हुआ; किसी घटना में मरा हुआ, जैसे–अपघात, महामारी में; उदास, खिन्न।

हलाल–विहित, शास्त्रानुकूल; 'जिसका खाना और पीना धर्म में वर्जित न हो।'

हलालखोर–हलाल की कमाई खानेवाला; भंगी।

हल्क़ा–घेरा; क्षेत्र; मंडल; मंडली।

हल्वा–मीठी चीज़; मोहनभोग।

हल्वाई–मिठाई बनाने बेचनेवाला।

हवलदार, हवालदार–एक छोटा अफ़्सर जिसके मातहत कुछ सिपाही होते हैं।

हवस–लालसा; लोभ।

हवा–वायु; इच्छा; लोभ।

हवाई–वायु संबंधी; हवा को चीरकर जानेवाला तीव्र गतिवाला; व्यर्थ; अफ़वाह; ऊपरी आमदनी; धूर्त; कुमार्गी; आत्मसम्बन्धी; एक आतशबाज़ी, अग्निबान।

हवादार–खुला हुआ स्थान।

हवाला–उद्धरण; प्रमाण का उल्लेख; सौंप, सुपुर्दगी; हस्तांतरण।

हवालात–पहरे में रखना; विचाराधीन क़ैदी रखने का स्थान।

हवालाती–विचाराधीन क़ैदी; जो हवालात में रखा गया हो।

हवास–इंद्रियाँ; मन की शक्तियाँ; संवेदन; चेतना।

हवेली–भवन; बड़ा पक्का मकान।

हव्वा, हौआ–दुनिया की प्रथम स्त्री; एक कल्पित डरावनी चीज, भकाऊँ।

हश्र–क़ियामत; क़ियामत में मरे हुए लोगों का उठना; आपत्ति; शोरोग़ुल, कोलाहल।

हसद–ईर्ष्या, मत्सर, डाह।

हसन–सुंदर; प्रिय दर्शन; उत्तम; भला; हज़रत अली के बड़े पुत्र।

हस्ती–अस्तित्व; जीवन; संसार; प्राणीवर्ग; सामर्थ्य; महत्त्व।

हस्रत–निराशा; लालसा, पश्चात्ताप।

हाकिम–शासक; प्रधान; अधिकारी।

हाजत–आवश्यकता; चाह; अभाव; शौचादि का वेग।

हाजतमंद–इच्छुक; जरूरतमंद।

हाज़िमा–पाचन-शक्ति।

हाज़िर–उपस्थित; प्रस्तुत; तैयार।

हाज़िर जवाब–प्रत्युत्पन्नमति; तुरन्त यथायोग्य उत्तर देनेवाला।

हाज़िरी–उपस्थिति; विद्यमानता; नाश्ता; मृतजन के कुटुंब के लिए पहले दिन भेजा हुआ खाना।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

हाजी–हज करनेवाला; जो हज कर चुका हो।

हामिला–गर्भवती।

हामी–सहायक; मित्र; पृष्ठपोषक।

हामी भरना–हिम्मत करना; स्वीकृति देना, हिम्मत बँधाना।

हाल–वृत्तांत; दशा; समाचार; विवरण; तन्मयता; वर्तमानकाल; अभी तुरन्त; ईश्वर-प्रेमपरक कविता, गीत सुनने से हृदय को होनेवाली आत्मविस्मृति या आनंद-विह्वलता।

हालत–दशा; आर्थिक स्थिति; परिस्थिति; समाचार।

हालाँकि–यद्यपि।

हालात–परिस्थिति; समाचार।

हावी–छाया हुआ; घेरनेवाला; दवा रखनेवाला; काबू रखनेवाला।

हाशिया–गोट-किनारा; कोर; पन्ने या पृष्ठ के चारों ओर का सादा छोर; किसी पुस्तक के किनारे पर दी हुई टीका-टिप्पणी।

हिकायत–कथा; वार्ता; वृत्तांत।

हिक्मत–बुद्धि; बुद्धिमत्ता; आयुर्वेद; चिकित्सा-कार्य; विज्ञान; युक्ति।

हिक्मती–चालाक; जोड़-तोड़ लगानेवाला; कार्यपटु।

हिज्जे, हिज्जे–शब्द में आये वर्णों को अलग अलग कहना।

हिज्रत–जन्म-भूमि छोड़ना; परदेश में बसता; परदेश के लिए प्रवास; हज़रत मुहम्मद साहिब का मक्का से मदीना जाना।

हिज्री–संवत् जो हज़रत मुहम्मद के मक्का से मदीना जाने के दिन से (१५ जुलाई ६२२ से) आरंभ होता है।

हिदायत–निर्देश, शिक्षा; आदेश; सन्मार्ग दिखाना; गुरू-दीक्षा।

हिन्द–भारतवर्ष।

हिन्दुस्तान, हिन्दोस्तान–भारतवर्ष।

हिना–मेंहदी।

हिफ़ाज़त–रक्षा; देखरेख; सावधानी।

हिमाक़त–देखिये 'हमाक़त'।

हिमायत–सहायता; पृष्ठपोषण; मैत्री; पक्षपात।

हिमायती–सहायक; पृष्ठपोषक; मित्र; पक्षपाती।

हिम्मत–साहस; वीरता, पराक्रम; उत्साह; धृष्टता।

हिम्मती–साहसी; वीर, पराक्रमी; उत्साही।

हिरमिज़ी–लाल रंग की मिट्टी।

हिरासत–पहरा; हवालात; नजरबंदी।

हिसाब–गणना; लेखा; लेनदेन; दी जानेवाली या ली जानेवाली रक़म; गणित; गणित का प्रश्न; भाव; ढंग; धारणा; रीति; मितव्यय; क़ियामत के दिन होनेवाला हिसाब।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

हिसाबी–हिसाब संबंधी; हिसाब जाननेवाला; हिसाब से चलनेवाला।

हिस्सा–भाग, टुकड़ा; विभाग; साझा।

हुकूमत–सत्ता; राज्य; अधिकार।

हुक़्क़ा–तंबाकू पीने का साधन, गुड़गुड़ी।

हुक्म–आज्ञा; आदेश, राजादेश; निर्णय; अधिकार; ताश का काला पान।

हुक्मबर्दार–आज्ञापालक।

हुक्मी–अचूक; निश्चित; आज्ञाधीन।

हुज़ूर–उपस्थिति; संमुख; कचहरी; बड़ों के लिए संबोधन जैसे–हुज़ूर–श्रीमान्।

हुज्जत–तर्क; प्रमाण; वाद; कलह; वादविवाद; तू-तू, मैं-मैं।

हुज्जती–हुज्जत करनेवाला; झगड़ालू।

हुनर–कला; कुशलता; शिल्प; गुण; निपुणता; योग्यता; विद्या।

हुब्बुल्वतन–स्वदेश-प्रेम; देशभक्ति।

हुरूफ़–अक्षर ('हर्फ़' का बहुवचन)।

हुर्मत–प्रतिष्ठा, आबरू; मर्यादा; सतीत्व; किसी वस्तु के खानपान का धर्म में वर्जित होना, निषेध।

हुल्या–हुलिया, किसी आदमी या पशु की तलाश के लिए दिये जानेवाले शरीर के चिह्न; शकल; नखशिख; शकल-सूरत का ब्यौरा।

हुसूल–प्राप्ति; लाभ; परिणाम; निष्कर्ष।

हुसैन–हज़रत अली के दूसरे पुत्र जो करबला में शहीद हुए।

हुस्न–ख़ूबी; भलाई; शोभा; सौंदर्य।

हुस्नपरस्त–सौंदर्योपासक; सौंदर्यप्रेमी; सौंदर्यासक्त।

हूर–स्वर्ग की स्त्री; सुंदर स्त्री।

हेच–निकम्मा; तुच्छ; व्यर्थ; निस्तत्त्व।

हैज़ा–कॉलरा, विषूचिका।

हैबत–भय; आतंक।

हैरत–अचंभा, भौचक्कापन।

हैरान–चकित; हक्का-बक्का; भटकनेवाला; परेशान।

हैरानी–विस्मय; परेशानी।

हैवान–जीवधारी; पशु; वनपशु।

हैवानीयत–पशुता।

हैसियत–सामर्थ्य; आर्थिक योग्यता; धन-संपत्ति; श्रेणी; मान-प्रतिष्ठा।

होश–बुद्धि; चेतना; स्मरण; सुधबुध; नशे के उतार की अवस्था।

होशियार, होशयार–सचेत; बुद्धिमान्; दक्ष; कुशल; प्रवीण; अनुभवी; कपटी; धूर्त।

होशियारी, होशयारी–चेतना; बुद्धिमत्ता; सावधानी; निपुणता; अनुभव; कपट; धूर्तता।

हौआ–देखिये 'हव्वा'।

हौज़–छोटा कुंड; नाँद।

हौलनाक–भयंकर, डरावना।

हौसला–साहस; उत्साह; सामर्थ्य; आवेग; उद्दंडता; धृष्टता।

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

नागरी लिपि : भाषा सीखने का उत्तम माध्यम

"हम चाहते हैं कि हिन्दुस्तान की कुल भाषाएँ नागरी में भी लिखी जायँ। उससे बहुत लाभ होंगे। इसमें एक-दूसरे की भाषा सीखने में बहुत मदद होगी। आज भी कई भाषाएँ नागरी में लिखी जाती हैं।

"हिन्दुस्तान की सब भाषाएँ नागरी में लिखी जायँ, तो एकता के लिए बहुत उपयोग होगा। केवल इतना ही नहीं, बल्कि आगे चलकर जापानी, चीनी भाषाएँ भी नागरी में लायी जा सकती हैं।

"हर भाषा के लिए अलग-अलग लिपि सीखनी पड़ती है। एक ही लिपि सारे भारत में होती, तो बहुत अच्छा होता। पर वह कैसे होगा? मित्रों के बीच जो पत्र-व्यवहार चले, उसमें अनेक भाषाएँ नागरी लिपि में लिखी जायँ। राष्ट्रभाषा हिन्दी सिखाने की जितनी जरूरत है, उतनी ही जरूरत इस बात की है कि अनेक भाषाओं की लिपि एक बने।"

विनोबाजी के उपर्युक्त विचारों को दृष्टि में रखकर 'गीता-प्रवचन' जैसी उनकी अमूल्य, प्रेरक, आध्यात्मिक रचना निम्नलिखित भिन्न-भिन्न भाषाओं में तो प्रकाशित की ही गयी है, साथ ही साथ कई भाषाओं के गीता-प्रवचन नागरी लिपि में भी प्रकाशित किये गये हैं। विभिन्न भाषाएँ सीखने में तो यह एक आधार-ग्रन्थ बनेगा ही, इससे हम राष्ट्रीय और भावनात्मक एकता की दिशा में भी आगे बढ़ेंगे।

विभिन्न भाषाओं में गीता-प्रवचन

१. हिन्दी	२.००	१०. उर्दू	१.५०
२. मराठी	२.५०	,, नागरी	१.५०
,, आर्या		११. तेलुगु	२.००
३. कोंकणी	१.००	,, नागरी	१.००
४. गुजराती	२.५०	१२. तमिल	२.००
,, नागरी	१.२५	१३. मलयालम्	१.२५
,, आर्या		१४. कन्नड़	१.२५
५. सिंधी	१.७५	,, नागरी	२.००
,, नागरी	१.५०	१५. संस्कृत	३.००
६. बंगला	१.५०	१६. बागड़ी	२.००
,, नागरी	२.००	१७. मैथिली	३.००
७. उड़िया	१.५०	१८. अंग्रेजी	४.५०
,, नागरी	१.००	१९. नेपाली	१.५०
८. असमी	१.५०	२०. मणिपुरी	
९. पंजाबी	१.५०		
,, नागरी	१.२५	२१. डेनिश	

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

Vinay Avasthi Sahib Bhuvan Vani Trust Donations

विनोबाजी का धर्म-अध्यात्म-साहित्य

गीता-प्रवचन	२.००
गीताई चिन्तनिका	५.००
कुरान-सार (हिन्दी)	२.५०
रूहुल कुर्आन (अरबी)	१२.००
कुरान-सार (मूल अरबी, नागरी लिपि)	६.००
रूहुल कुर्आन (मूल उर्दू, नागरी लिपि)	२.००
नामघोषा-सार	१.५०
नामघोषा-नवनीत	१.२५
भागवत-धर्म-सार	१.५०
भागवत-धर्म-मीमांसा	२.००
ख्रिस्त-धर्म-सार	२.५०
जपुजी	१.५०
ज्ञानदेव-चिन्तनिका	१.००
नाममाला (सविवेचन)	१.००
राम-नाम : एक चिन्तन	०.६०
ईशावास्योपनिषद्	०.३०
अध्यात्म-तत्त्व-सुधा	२.००
तत्त्वबोध	२.००
स्थितप्रज्ञ-दर्शन	२.००
स्थितप्रज्ञता	१.२५
आश्रम-दिग्दर्शन	१.५०
विनयांजलि	२.५०
मोहब्बत का पैगाम	३.००
ऋग्वेद-सार (संस्कृत)	
वेदान्त-सुधा ,,	
मनु-शासनम् ,,	
गुरुबोध-सार ,,	
अष्टादशी-उपनिषद् ,,	

अन्य धर्म-अध्यात्म-साहित्य

महावीर-वाणी	५.००
गीता-बोध व मंगल-प्रभात	१.००
स्थितप्रज्ञ लक्षण	१.५०
जीवन-साधना	२.००
सत्य की खोज	३.००
धर्मों की फुलवारी	०.७५
वैदिक धर्म क्या कहता है ? (तीन भाग) प्रत्येक	०.७५
जैन धर्म क्या कहता है ?	०.७५
बौद्ध धर्म क्या कहता है ?	०.७५
पारसी धर्म क्या कहता है ?	०.७५
यहूदी धर्म क्या कहता है ?	०.७५
ताओ और कन्फ्यूश धर्म क्या कहता है ?	०.७५
ईसाई धर्म क्या कहता है ?	०.७५
इसलाम धर्म क्या कहता है ?	०.७५
सिख धर्म क्या कहता है ?	०.७५
ताओ उपनिषद्	१.००
समन्वय-संस्कृति की ओर	४.००
समय और हम	१२.००

CC-O. Nanaji Deshmukh Library, BJP, Jammu. An eGangotri Initiative

uva

BJ